वर्ष- 13 अंक - 167
लखनऊ, मंगलवार 17 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




नगर के बीस मोहल्लों में तीन दिन बिजली कटौती 10
एसआईआर में बड़े पैमाने पर सपा के समर्थकों के हटाए गए नाम : अखिलेश 03

# भाजपा ने उपद्रव प्रदेश को उत्सव प्रदेश में बदला : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद पर चर्चा करते हुए समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने सपा को संवैधानिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करने वाली सिर्फ अपने परिवार को विकास करने वाली पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले पैदा की गई अराजकता व अव्यवस्था को खत्म कर भाजपा ने उत्तर प्रदेश को उपद्रव प्रदेश को उत्सव प्रदेश में बदल दिया और अब यहां विकास की त्रिवेणी हैं।

विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी ने विधानमंडल के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध करने पर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल प्रदेश की



- विधान परिषद में बजट सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गिनाई उपलब्धियां

संवैधानिक प्रमुख हैं और उनका अभिभाषण प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का दस्तावेज होता है, लेकिन सपा ने जिस तरह का आचरण किया वह न केवल संवैधानिक प्रमुख बल्कि नारी शक्ति का अपमान है और यह अवमानना के दायरे में आता है। मुख्यमंत्री ने सपा सदस्यों को सीख देते हुए कहा कि वे ऐसा आचरण न करें जिससे भावी पीढ़ी गलत दिशा में अग्रसर हो। हालांकि सपा से प्रदेश की विकास और संवैधानिक मूल्यों की अपेक्षा करना भी बेवकूफी होगी क्योंकि विपक्ष का दृष्टिकोण हमेशा से नकारात्मक ही रहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनके साढ़े आठ साल की सरकार में उत्तर प्रदेश ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। इनमें अपराध से कानून की ओर कदम बढ़ाया है, उपद्रव से उत्सव प्रदेश बना है। समस्या से समाधान और अविश्वास से विश्वास की यात्रा है और यह यात्रा इसलिए कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता को उसका हक मिलना था, लेकिन संकुचित एजेंडे वाली सरकारों ने प्रदेश की जनता से खिलवाड़ किया और जब डबल इंजन की सरकार बनी तो प्रशासनिक प्रतिबद्धता से प्रदेश के विकास की रफ्तार तेज हुई ओर आज हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश के राजस्व सरप्लस राज्य बन चुका है।

सदन में वंदेमातरम गायन की अनिवार्यता किए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग आक्रांताओं का महिमा मंडन करते हैं, लेकिन अब यह सब नया उत्तर प्रदेश सहन नहीं करेगा। राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान किसी राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है। कुछ लोग वंदेमातरम, तिरंगा का अपमान करते हैं। योगी ने कहा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी से पूछना चाहता हूं कि राष्ट्रगीत का क्यों विरोध करवा रहे हैं। सपा के लोग गाजी का समर्थन करते हैं, लेकिन हमारी सरकार ने गाजी को हराने वाले हिंदू राजा महाराज सुहेलदेव की चित्तौड़ा बहराइच में प्रतिमा लगाई और आजमगढ़ में राजा सुहेल देव विश्वविद्यालय की स्थापना की है।

### आज अपराधी भयभीत हैं, किसान खुशहाल हैं

मुख्यमंत्री योगी ने एसआईआर की चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रदेश में बेहतर एयर कनेक्टिवटी है। प्रदेश में 16 डोमेस्टिक एयरपोर्ट, 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। पांचवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में बनकर तैयार है। इसी महीने हम कोशिश करेंगे कि वह शुरू हो जाये। प्रदेश में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था है। टाटा टेक्नालॉजी के साथ मिलकर आईटीआई पर काम हुआ है। जब टीम वर्क होता है, तब परिणाम आता है। आज अपराधी भयभीत हैं, किसान खुशहाल है, हर गांव में बिजली है। उत्तर प्रदेश राम राज्य की ओर आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी ने सदन में कहा कि समाजवादी पार्टी तो बजट के बारे में अच्छा नहीं बोल पाई क्योंकि उनके पास कुछ अच्छा है नहीं; सपा जातीय संघर्षों को बढ़ावा देती है। आपस में लड़ाती है। आस्था को अपमानित करती है। संवैधानिक मूल्यों पर भी प्रहार करने वाली पार्टी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर भारत निर्वाचन आयोग करवा रहा है। इसमें सरकारों का रोल नहीं होता है। इस अभियान में उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 88 लाख लोग या तो मृत पाए गए, या शिफ्टिंग किए गए। सपा इन्हें फर्जी वोट बनाकर मतदान कराती थी। तभी फार्म-7 के नाम पर फर्जी बातें करती है। इनके कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मारपीट कर रहे हैं। ये सांविधानिक मूल्यों का अपमान है। ये किसी भी प्रकार स्वीकार नहीं हो सकता है।

# प्रधानमंत्री ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो-2026' का किया उद्घाटन



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो-2026' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एक्सपो में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। साथ ही प्रदर्शित एआई टूल के बारे में जाना।

इस दौरान जियो के चेयरमैन, आकाश अंबानी जियो एआई पवेलियन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हेल्थकेयर, एजुकेशन, कल्चर और स्मार्ट होम सॉल्यूशंस में कंपनी के एआई-लेड ट्रांसफॉर्मेशन को दिखाते हुए नजर आए। प्रधानमंत्री के साथ इलेक्ट्रोनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव भी थे।

भारत मंडपम में आज से इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट- 2026 का शुभारंभ हुआ है। यह पहली बार है जब एआई पर इस स्तर का वैश्विक सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 फरवरी को सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे और भाषण देंगे। सम्मेलन वैश्विक सहयोग और समावेशी एवं जिम्मेदार एआई के लिए भारत के दृष्टिकोण को दिशा देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वायु सेना की वायु शक्ति का फुल ड्रेस रिहर्सल 24 फरवरी को



**जैसलमेर।** राजस्थान के बॉर्डर इलाके में जैसलमेर के पोकरण में 27 फरवरी को वायु सेना वायु शक्ति के जरिये अपनी ताकत दिखाएगी। दो साल में एक बार होने वाले इस युद्धाभ्यास का नाम 'वायु शक्ति' रखा गया है। 24 फरवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। मुख्य कार्यक्रम 27 फरवरी को है। इस दौरान दुश्मन के ठिकानों का पता लगाने और आर्मी की मदद करते हुए हवाई हमले और बमबारी की प्रैक्टिस की जाएगी। एयर मार्शल नागेश कपूर ने बताया कि इस साल होने वाले अभ्यास में फाइटर जेट, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। अभ्यास का उद्देश्य वायुसेना की मारक क्षमता, तकनीक और स्वदेशी हथियारों की भूमिका को दिखाना है।

### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 19 को प्रदेश सचिव के घर वैवाहिक कार्यक्रम में होंगे शामिल

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 19 फरवरी को झांसी में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव और पीडीए के नेता महेश कश्यप के घर आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही वह अपने एक अन्य समर्पित कार्यकर्ता सीताराम यादव की बेटी की शादी में भी शामिल होंगे। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सचिव गंगाराम के द्वारा प्रोटोकॉल भी जारी कर दिया गया है। प्रदेश सचिव महेश कश्यप के घर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर राजनैतिक गलियारों में चर्चा जोरों पर है।

### चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल में बंद अभिनेता राजपाल यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए 18 मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। न्यायालय ने यह राहत 1.5 करोड़ रुपये की राशि जमा करने की शर्त पर प्रदान की थी, जिसका पालन अभिनेता ने निर्धारित समय सीमा के भीतर कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि अभिनेता दोपहर 3 बजे तक प्रतिवादी कंपनी के नाम पर 1.5 करोड़ रुपये जमा कर देते हैं तो उन्हें अंतरिम राहत दी जा सकती है। अदालत ने यह भी कहा था कि यदि राशि समय पर जमा नहीं की गई तो अगली सुबह मामले पर फिर सुनवाई की जाएगी। राजपाल यादव की ओर से निर्धारित समय के भीतर राशि जमा कर दी गई। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने उन्हें 18 मार्च तक के लिए जमानत प्रदान कर दी।

# यूपी की 18 कचहरियों को बम से उड़ाने की धमकी

## सोमवार को 2 बार आया ईमेल, लखनऊ से अयोध्या तक हाई अलर्ट

- सूचना के बाद कोर्ट परिसरों में अफरा-तफरी का माहौल
- सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत संभाल मोर्चा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में न्याय के मंदिरों यानी कचहरियों को एक बार फिर दहलाने की धमकी दी गई है। सोमवार को लखनऊ और अयोध्या समेत प्रदेश के 18 जिलों की अदालतों को ईमेल के जरिए बम धमाके की चेतावनी मिली।

इस सूचना के बाद कोर्ट परिसरों में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। अज्ञात हमलावर की ओर से सोमवार सुबह दो बार धमकी भरे मेल भेजे गए। पहला अलटरू सुबह 11रू15 बजे धमाका करने की बात कही गई। ठीक एक घंटे बाद आए दूसरे मेल में धमाके का समय बदलकर 12.15 बजे कर दिया गया। जैसे ही यह सूचना प्रशासन तक पहुंची, लखनऊ की वजीरगंज पुलिस, यूपी एटीएस (एटीएस) और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर को घेर लिया।

सघन तलाशी के बावजूद अब तक कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन एहतियात के तौर पर चेकिंग अभियान जारी है। जांच एजेंसियों के रडार पर इस वक्त दक्षिण भारत और महाराष्ट्र के कनेक्शन हैं। शुरुआती तफ्तीश में संकेत मिले हैं कि यह ईमेल तमिलनाडु से भेजा गया है और इसमें महाराष्ट्र का भी कुछ जिक्र है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को भी इसी तरह का मेल आया था। लगातार मिल रही इन धमकियों के बाद शासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जांच यूपी एटीएस को सौंप दी है। धमकी के कारण अदालती कामकाज काफी प्रभावित हुआ है। वजीरगंज थाने समेत सभी 18 प्रभावित जिलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस की साइबर सेल और एटीएस की टीमें मिलकर इस ईमेल के आईपी एड्रेस और इसे भेजने वाले शातिर दिमाग के पीछे की तलाश कर रही हैं।

### हैमर हथियार प्रणाली की स्थापना के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने फ्रांस की सफरान से मिलाया हाथ



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने हैमर हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है।

यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# रक्षा मंत्री का विमानन वैज्ञानिकों से 6वीं पीढ़ी की इंजन तकनीक विकसित करने का आह्वान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत में अभी तक फाइटर जेट के इंजन बनने की योजना परवान नहीं चढ़ने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि हमें भविष्य की तरफ भी देखना होगा। अब हम सिर्फ 5वीं पीढ़ी के इंजन तक सीमित नहीं रह सकते, क्योंकि यह समय की मांग है। हमें 6वीं पीढ़ी की उन्नत तकनीकों का विकास भी जल्द से जल्द शुरू करना होगा। दुनिया में टेक्नोलॉजी बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और नई सामग्रियों का प्रयोग बढ़ रहा है, हमें उनमें आगे रहना होगा।

रक्षा मंत्री सोमवार को बेंगलुरु में गैस टरबाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नागरिक उड्डयन का विस्तार और भी तेजी से होगा। भारत तो वैसे भी दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाले विमानन



- लड़ाकू विमानों की तकनीक से सिविल एविएशन की दुनिया में भी आ सकती है क्रांति

बाजारों में से एक है। ऐसे में भविष्य में नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयोग सीधे उपयोगी साबित होंगे। जब हम डिफेंस सेक्टर में रिसर्च और इंजन डेवलपमेंट की बात करते हैं, तो उसका महत्व सिर्फ सैन्य इस्तेमाल तक सीमित नहीं रहता। किसी भी कॉम्प्लेक्स टेक्नोलॉजी की सबसे बड़ी अहमियत उसके दूर तक फैलने वाले नतीजों में होती है। रक्षा मंत्री ने विमानन क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिकों से कहा कि अब आप जो तकनीक लड़ाकू विमानों के लिए विकसित कर रहे हैं, वही तकनीक कल सिविल एविएशन की दुनिया में क्रांति ला सकती है। आप जो हाई टेम्प्रेचर सहने वाले कम्पोजिट मटीरियल बना रहे हैं, वे पावर प्लांट में या स्पेसशिप में भी काम आ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर किसी इंजन को विकसित करने में 25 साल लग रहे हैं, तो भारत की मौजूदा स्थिति हमारी रणनीतिक जरूरतें और हमारी महत्वाकांक्षाएं ऐसी हैं कि आप मान कर चलिए कि आपके 20 साल पहले ही खत्म हो चुके हैं और अब सिर्फ 5 साल ही आपके पास बचे हैं। यह कोई शॉक होने वाली या अचानक वाली बात नहीं है, यह एक चुनौती है। हमें इसी 5 साल में वो कर दिखाना है, जो दूसरे देश 20 साल में करते हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद बंद किये गए 14 पर्यटन स्थल फिर से खोले जायेंगे

**एजेंसी, श्रीनगर।**

पहलगाम हमले के बाद बंद किये गए 14 पर्यटन स्थल सोमवार को व्यापक सुरक्षा समीक्षा के बाद फिर से खोलने का फैसला लिया गया है।

उपराज्यपाल ने कहा कि गहन सुरक्षा समीक्षा और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजनों में और अधिक पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने का आदेश दिया है जिन्हें एहतियाती उपाय के तौर पर अस्थायी रूप से बंद किया गया था।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अनुसार एहतियाती उपाय के तौर पर अस्थायी रूप से बंद किए गए पर्यटन स्थलों को तत्काल प्रभाव से फिर से खोला जाएगा।

उनके अनुसार कश्मीर डिवीजन के 11 पर्यटन स्थलों बडगाम में यूसमर्ग, दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, शोपियां में पीर की गली, दुबजान और पदपावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गांदरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वाटलैब को तत्काल फिर से खोला जाएगा। इसके अलावा जम्मू डिवीजन के 3 पर्यटन स्थल रियासी में देवी पिंडी, रामबन में महू मंगत और किश्तवाड में मुगल मैदान तुरंत खोले जाएंगे।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हुआ डाउन, भारत समेत दुनियाभर के लाखों यूजर परेशान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स-X (पहले ट्विटर) सोमवार शाम से अचानक से डाउन हो गया। भारत समेत कई देशों में यूजर्स ने शिकायत की कि वे ना तो पोस्ट देख पा रहे हैं और ना ही नए अपडेट शेयर कर पा रहे हैं। भारत समेत दुनियाभर के लाखों यूजर X के डाउन होने से परेशान हैं। डाउनडिटेक्टर डॉटकॉम के अनुसार शाम 6 बजकर 53 मिनट पर 52 फीसदी ऐप यूजर्स को इस तकनीकी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था, जबकि फीड और टाइमलाइन अपलोडिंग में 21 फीसदी यूजर्स को परेशानी हो रही थी। इसके अलावा लगभग 17 फीसदी यूजर्स ने एक्स की वेबसाइट पर टेक्निकल दिक्कत की बात रिपोर्ट की है।

# अवैध पटाखा निर्माण में सात मजदूर जिंदा जले

**एजेंसी, खैरथल-तिजारा।**

राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के खुशखेड़ा-भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह एक केमिकल फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट और आगजनी की घटना में सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली (एम्स) रेफर किया गया है। हादसे के बाद फैक्टरी को सील कर दिया गया है और अवैध गतिविधियों के संबंध में जांच तेज कर दी गई है।

यह हादसा सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे खुशखेड़ा के कारोली औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। उस समय फैक्टरी में लगभग 25 मजदूर कार्यरत



थे। अचानक हुए तेज धमाके के बाद आग ने पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया।

विस्फोट इतना भीषण था कि सात मजदूर जिंदा जल गए। कई शव बुरी तरह जल चुके थे और घटनास्थल पर शरीर के अंगों के टुकड़े बिखरे मिले, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने पॉलीथीन में एकत्र किया। मृतकों की शिनाख्त डीएनए जांच से कराई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संबंधित फैक्टरी में अवैध रूप से पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। मौके से बारूद, तैयार पटाखे और पैकिंग सामग्री बरामद हुई है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कहा कि यह गारमेंट जोन है, यहां दूसरा व्यवसाय नहीं हो सकता। प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि गेट पर ताले लगाकर गैरकानूनी तरीके से पटाखे बनाने का कार्य किया जा रहा था। राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान डीएनए से कराई जा रही है। इस दुखद घटना की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता दी जाएगी।

### जेईई मेन सत्र-1 का परिणाम घोषित, 12 अभ्यर्थियों ने हासिल किए 100 परसेंटाइल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2026 सत्र-1 (पेपर-1 बी.ई./बी.टेक.) का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 12 अभ्यर्थियों ने 100 परसेंटाइल (परफेक्ट एनटीए स्कोर) प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया है।

एनटीए द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 100 परसेंटाइल प्राप्त करने वालों में श्रेयस मिश्रा (दिल्ली एनसीटी), नरेंद्रबाबू गारी माहिथ (आंध्र प्रदेश), शुभम कुमार (बिहार), कबीर छिल्लर (राजस्थान), चिरंजीब कर (राजस्थान), भावेश पात्रा (ओडिशा), अनय जैन (हरियाणा), अर्णव गौतम (राजस्थान), पासला मोहित (आंध्र प्रदेश), माधव विरादिया (महाराष्ट्र), पुरोहित निमय (गुजरात) और विवान शरद माहिश्वरी (तेलंगाना) शामिल हैं।

# साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

साल 2026 का पहला सूर्य ग्रहण आज लगेगा। 17 फरवरी को कुंभ राशि और धनिष्ठा नक्षत्र में सूर्य ग्रहण लगेगा। यह एक कंकण सूर्य ग्रहण होगा। सूर्य ग्रहण के दौरान सूर्य की आकृति एक चमकदार कंगन की तरह दिखाई देगी। खगोलविदों का कहना है कि इस सूर्य ग्रहण में चंद्रमा सूर्य के लगभग 96 प्रतिशत भाग को ढक सकता है।

भारतीय समयानुसार, सूर्य ग्रहण 17 फरवरी दिन मंगलवार को दोपहर 3 बजकर 26 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 57 मिनट तक रहने वाला है। इस सूर्य ग्रहण की कुल अवधि 4 घंटे 31 मिनट की रहने वाली है। यह सूर्य ग्रहण शाम 5 बजकर 13 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 11 मिनट



के बीच अपने पीक पर होगा।

यह एक कंकण सूर्य ग्रहण है, जो भारत में नजर नहीं आएगा। यह केवल जिम्बाब्वे, जाम्बिया, तंजानिया, नामीबिया, मॉरीशस, बोत्सवाना, मोजाम्बिक, अर्जेंटीना और चिली सहित दक्षिणी अफ्रीका, अंटार्कटिका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में ही देखा जा सकेगा।

सूर्य ग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक लागू हो जाता है। लेकिन 17 फरवरी का सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ग्रहण काल में पूजा-पाठ वर्जित मानी जाती है। इस दौरान देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का स्पर्श नहीं करना चाहिए। इस दौरान किसी भी प्रकार के शुभ या मांगलिक कार्य करने से भी बचना चाहिए। ग्रहण के समय भोजन पकाने या खाने से भी परहेज करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों को इस दौरान घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।

सूर्य ग्रहण के बाद स्नान जरूर करना चाहिए। इससे ग्रहण के नकारात्मक प्रभाव से मुक्त मिल जाती है। इसके बाद घर में गंगाजल का छिड़काव भी करें। घर के मंदिर की मूर्तियों को शुद्ध जल से स्नान कराकर पुनः स्थापित करें। ग्रहण के बाद दान-पुण्य करना भी विशेष फलदायी माना गया है।

**आदेश** | जेंडर-विषय कोड की त्रुटियों में सुधार

# बोर्ड ने सभी छात्रों को परीक्षा में शामिल कराने के दिये निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के जेंडर कोड और विषय विवरण में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।


परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है और कई जनपदों से परीक्षार्थियों के जेंडर कोड तथा विषयों में त्रुटियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सोमवार को बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने शासनादेश जारी कर स्पष्ट किया है कि जेंडर कोड में त्रुटि के कारण जिन छात्राओं के परीक्षा केंद्र अन्य विद्यालयों में आवंटित हो गए हैं, उन्हें उनके विद्यालय के स्वकेंद्र या उसी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने की सुविधा सुनिश्चित की जाए, जहां उनके विद्यालय के अन्य छात्र परीक्षा दे रहे हैं। परिषद ने यह भी कहा है कि बालिका परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें अनावश्यक रूप से दूरस्थ केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए बाध्य न किया जाए। परिषद के अनुसार, कई मामलों में प्रधानाचार्यों द्वारा ऑनलाइन विवरण अपलोड करते समय त्रुटियां हुई हैं। इन त्रुटियों के सुधार हेतु प्राप्त ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदनों का अभिलेखों के आधार पर सत्यापन कर आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे संशोधित विवरण की रिपोर्ट 20 मार्च 2026 तक परिषद मुख्यालय को उपलब्ध कराएं। साथ ही परिषद ने चेतावनी दी है कि डेटा फीडिंग में लापरवाही या गलत जानकारी देने वाले विद्यालयों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिषद के इस निर्णय से हजारों परीक्षार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है और वे बिना किसी बाधा के बोर्ड परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

### कक्षा 10 की पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य : सीबीएसई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 से कक्षा 10 में लागू की जा रही दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली के संबंध में विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगा। इसे किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जा सकता। बोर्ड ने 14 फरवरी को जारी अधिसूचना में कहा कि उसे कुछ अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिनमें यह मांग की गई थी कि यदि कोई छात्र किसी कारणवश पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाता है, तो उसे सीधे दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए। इस पर सीबीएसई ने अपनी नीति स्पष्ट करते हुए कहा कि दूसरी परीक्षा, पहली परीक्षा का विकल्प नहीं है, बल्कि यह प्रदर्शन सुधार और पात्र श्रेणियों के लिए अतिरिक्त अवसर है। अधिसूचना के अनुसार, सभी विद्यार्थियों के लिए प्रथम बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। जो विद्यार्थी पहली परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे, वे विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से अधिकतम तीन विषयों में अपने अंकों में सुधार के लिए दूसरी परीक्षा में बैठ सकेंगे। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या उससे अधिक विषयों में अनुपस्थित रहता है, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे विद्यार्थियों को 'एसेंशियल रिपीट' श्रेणी में रखा जाएगा और वे अगले वर्ष फरवरी माह में आयोजित मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

## खबरें एक नजर में

### आइजीआरएस की जांच करने वाले अधिकारी ने लगाई झूठी रिपोर्ट



अपनी दुकान पर बैठा शिवम गुप्ता

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आईजीआरएस सन्दर्भ सं0-20018326002583 जांच करने वाले राजस्व /पुलिस अधिकारी का नाम, पता व मो0 नं0 उ0नि0 राजेश दुबे इटियाथोक थाना जनपद गोण्डा मो0नं0-94504 79453 निवेदन है कि संदर्भित आईबीआरएस प्रा0 पत्र की जांच मुझ मु0आरक्षी द्वारा मौके पर जाकर किया गया तो ज्ञात हुआ कि आवेदक श्री उमेशचन्द्र श्रीवास्तव पुत्र श्यामलाल निवासी परना बगुलहा थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा के बेटे बृजेश श्रीवास्तव उर्फ रिंकू की शादी जान्हवी श्रीवास्तव पुत्री दुर्गेश नंदन निवासी फोरवीसगंज पन्तनगर को0 नगर गोण्डा के साथ सन् 2022 में हुई थी जान्हवी का अवैध सम्बन्ध शिवम गुप्ता से हो गया था। शिवम गुप्ता ने जान्हवी को होटल ले जाकर वीडियो बनाया था जिसे आवेदक के बेटे बृजेश को भेज दिया था जिससे आहत होकर जान्हवी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में आवेदक के तहरीरी सूचना पर दिनांक-10.01.2026 को मु0अ0सं0-07/26 धारा 108 बीएनएस बनाम शिवम गुप्ता पुत्र अज्ञात थाना स्थानीय पर पंजीकृत है। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी महोदय सदर गोण्डा द्वारा सम्पादित की जा रही है। उक्त मुकदमे में अभियुक्त शिवम गुप्ता को जिला कारागार गोण्डा भेज दिया गया है। विवेचना प्रचलित है। दिनांक 16 फरवरी 2026 को शिवम गुप्ता अपनी दुकान पर बैठा है जिसकी फोटो साथ में भेज रहा हूं

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**रेहराबाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रेहरा बाजार पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना रेहरा बाजार पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 50/2026, धारा 65(1)/115(2)/351(3)/333 बीएनएस एवं 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त उसमान पुत्र इनामुल्ला निवासी पहलीक पुरवा, मौजा बढ़या फरीद खां, थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### महिला व बालिका ने फांसी लगा दी जान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** अलग अलग थाना क्षेत्र में एक विवाहिता महिला और एक बालिका ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया।पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के करन पुर राजा निवासी सुरेश की 15 वर्षीय पुत्री काजल शुक्ला ने घर में पंखे से लटक कर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। काफी दिनों से बीमार चल रही थी। जिस की वजह से उस ने फांसी लगा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है । कटरा बाजार थाना क्षेत्र के लोनियन पुरवा निवासी 22 वर्षीय सरस्वती देवी पत्नी शिवम ने घर के आपसी कलह को लेकर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### दुर्घटना में घायल अधेड़ की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के पट खौली गांव के निवासी 52 वर्षीय राजेश कुमार सिंह पुत्र गंगा सिंह दस दिनों पूर्व सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के लिए लखनऊ में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन उस के शव को गोंडा लाए और कर्नल गंज की पुलिस को सूचना दिया । पुलिस ने उस के शव का पंचायत नामा भर के पोस्ट मार्टम कराया।

### महिला पर बंदरों ने किया हमला, बचने के दौरान छत से गिरी, दोनों हाथ टूटे, सिर पर भी लगी चोट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर इलाके में एक महिला पर छत पर बैठे बंदरों ने हमला कर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। यह घटना रविवार शाम को हुई, जब मोतीपुर निवासी हसरत जहां खाना बनाने के लिए घर की छत पर रखी लकड़ी लेने गई थीं। इसी दौरान बंदरों ने उन पर हमला कर दिया। बचने के लिए भागते समय वह छत से नीचे गिर गईं। उनकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हसरत जहां को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ऊंचाई से गिरने के कारण महिला के दोनों हाथ टूट गए हैं और उनके सिर में भी गंभीर चोट आई है। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।

# 20 अमीनों को नोटिस जारी करने के निर्देश

- जिलाधिकारी ने तहसील तरबगंज का किया औचक निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



प्रियंका निरंजन ने तहसील तरबगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों की गति, कार्यालयीन अनुशासन और जनता को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कोर्ट, भूलेख विभाग, कलेक्शन विभाग सहित अन्य कार्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि कुछ विभागों में कार्यों की गति अपेक्षित मानक के अनुसार नहीं थी, विशेष रूप से कलेक्शन विभाग में 20 अमीनों द्वारा वसूली कम होने की जानकारी मिली। इस पर जिलाधिकारी ने कलेक्शन विभाग को कड़े निर्देश दिए हैं कि कम वसूली करने वाले अमीनों के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए और आगामी समय में पूर्ण वसूली सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही तहसीलदार तरबगंज को भी निर्देशित किया गया कि वे नियमानुसार अधिक से अधिक मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को यह स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान और मामलों का शीघ्र निपटान प्रशासन की मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कार्यालयीन अनुशासन और साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि तहसील परिसर में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए और कार्यालयों में अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अभिलेखों का डिजिटल और भौतिक रूप में सुव्यवस्थित रखरखाव किया जाए ताकि किसी भी समय आवश्यक जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनता को सेवा देने में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का पालन करें और तहसील तरबगंज में प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने में सहयोग करें।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र, तहसीलदार तरबगंज आशुतोष पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### राम नाम के जप से जीवन-मरण से मुक्ति संभव : कथा व्यास

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गायत्री शक्तिपीठ सिविल लाइंस में आयोजित श्रीराम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास श्रीराम केवल जी ने भरत मिलाप की कथा से भ्रातृ प्रेम तथा हनुमान जी के माध्यम से सुग्रीव की मित्रता एवं रावण वध उपरांत भगवान राम का माता सीता सहित अयोध्या लौटने की मार्मिक व जीवंत कथा से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। कथा व्यास ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मानुसार इस कलिकाल में सुख दु:ख भोगने के लिए मानव योनि को प्राप्त करता है। इस जीवन मरण से मुक्ति केवल राम नाम के निरंतर जप से ही संभव है। कथा का समापन नौ कुंडी यज्ञशाला में सैकड़ो गायत्री साधकों की उपस्थिति में यज्ञ की पूर्णाहुति से हुआ। इस अवसर पर माता भगवती के विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस संपूर्ण आयोजन में व्यवस्थापक रामतेज मिश्रा, जवाहर लाल मिश्रा, श्रीमती अलका पांडेय, प्रो. ओंकार पाठक, तिलकराम पांडेय, ठाकुर प्रसाद तिवारी, भूपेंद्र आर्य, राजीव रस्तोगी, सुधांशु द्विवेदी, आदर्श मिश्र, चेलाराम चौरसिया, शशि मिश्रा, देवी पांडेय व निशा आदि की विशिष्ट भूमिका रही।

## न्यायालय के आदेश पर प्रसूता को भर्ती न करने पर महिला अस्पताल के दो चिकित्सक पर मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

न्यायालय के आदेश पर महिला अस्पताल के चिकित्सक सौम्या चौबे एवं चिकित्सक माधुरी के खिलाफ में एक प्रसूता महिला को भर्ती न करने के आरोप में नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। महिला के पति विनय कुमार पुत्र ।अवधेश कुमार पाठक निवासी ग्राम तैलियानी पाठक थाना इटियाथोक ने एक वाद दायर किया जिस में कहा कि . डां0 सौम्या चौबे कार्यरत जिला महिला चिकित्सालय .डॉ0 माधुरी कार्यरत जिला महिला चिकित्सालय में पत्नी ललिता पाठक को प्रशव हेतु 25. दिसंबर 24 को सुबह करीब 6 बजे जिला महिला चिकित्सालय लाया था जहां पत्नी का जांच करीब 10 बजे कराया और बताया गया कि खून की कमी है। जिस के कारण पत्नी को जिला महिला अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया गया। जिला अस्पताल के डाक्टर द्वारा यह बताया गया कि पत्नी को और खून की आवश्यकता है। पत्नी के ग्रुप का खून जिला महिला अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। खून की जाँच रिपोर्ट एक बार एबी निगेटिव व एकबार एबी पाजटिव लिखकर दिया गया। खून दिलाने के लिये पैसे की मांग की गई। आर्थिक परेशानियों के चलते माँग पूरी नहीं कर सका इसी के चलते पत्नी का कोई इलाज दवा नहीं दी गयी बल्कि अपने निजी अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गयी। पत्नी को एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। आपरेशन से एक बच्चे को जन्म दिया गया। चिकित्सक की लापरवाही से सरकारी सुविधा से वंचित कर दिया गया तथा अकारण जांच व खून की कमी बताकर काफी परेशान किया गया। स्वास्थय विभाग एवं पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत की गयी ,कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय में बाद दायर किया गया । नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर डाक्टर सौम्या और डाक्टर माधुरी के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कैसरगंज में भव्य शिव बारात के आयोजन में उमड़ा जनसैलाब

- हनुमान मंदिर से निकली बाबा की बारात, राम जानकी मंदिर पहुंची
- विशाल भंडारे में उमड़े भक्त, हर-हर महादेव से गूंजा नगर



### झांकियों व भजनों ने बनाया भक्तिमय माहौल

भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी, गणेश सहित अन्य देवी-देवताओं की भव्य झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं। ढोल-नगाड़ों की थाप, भजनों की धुन और डीजे पर बजते भक्तिगीतों ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। श्रद्धालु झूमते-गाते बारात के साथ चलते रहे।

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कैसरगंज नगर में बुधवार को भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का अपार उत्साह देखने को मिला। बाबा की बारात हनुमान मंदिर से विभिन्न आकर्षक झांकियों के साथ निकली और नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए राम जानकी मंदिर पहुंची, जहां समापन हुआ। पूरे नगर में ÷हर-हर महादेव÷ और ÷बम-बम भोले÷ के जयघोष गूंजते रहे। हाथों में केसरिया ध्वज और गले में रुद्राक्ष की मालाएं पहने शिवभक्तों का हुजूम नगर की सड़कों पर उमड़ पड़ा। भगवान शिव और माता पार्वती की अलौकिक झांकियां आयोजन का मुख्य आकर्षण रहीं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।इस पावन अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह,सभासद प्रतिनिधि हिमांशु सिंह, उमा प्रताप सिंह, अजय, भूपेंद्र, भगवान दास सोनी, राहुल प्रजापति, शक्ति यज्ञसैनी, बड़कऊ सिंह, रोहित मौर्य, जय प्रकाश राव, जनमेजय गुप्ता, बबलू यज्ञसैनी, रवि सोनी, उमेश सिंह, आयुष यज्ञसेनी, अतुल यज्ञसैनी, कौशेलन्द्र चौधरी, बीपी मिश्रा, हरिओम यज्ञसैनी, विश्वपाल सिंह सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे।

शिवालयों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना

नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तों ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर गंगा जल, बेलपत्र, धतूरा एवं भस्म अर्पित की। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और लोगों ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

शिव बारात के समापन के उपरांत नगर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, हलवा सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शिवभक्तों के जोश और आस्था से पूरा कैसरगंज शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को नगर की ऐतिहासिक शिव बारातों में से एक बताते हुए भविष्य में इसे और भव्य बनाने का संकल्प लिया।

## भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी

### बेटे ने दी तहरीर, पुलिस ने दर्ज किया मामला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महसी विधानसभा से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नाम से एक अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक अकाउंट बना लिया है। इस मामले की जानकारी मिलने पर विधायक के बेटे और उनके प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह ने स्थानीय थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अखंड प्रताप सिंह को अपने पिता के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने हरदी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अखंड प्रताप सिंह ने अपनी तहरीर में आशंका जताई है कि इस फर्जी आईडी का उपयोग उनके पिता की छवि खराब करने के लिए किया जा सकता है।

उन्होंने इस कृत्य के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे मामले से साइबर सेल को भी अवगत करा दिया गया है, ताकि तकनीकी पहलुओं की जांच की जा सके।

## विशेश्वरगंज में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- सैकड़ों मरीजों ने शिविर में उठाया लाभ



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड कार्यालय के सभागार में उदिता फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुषों, विशेषकर बुजुर्ग एवं असहाय मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैसरगंज के सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह रहे। कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश कुमार पांडे व खंड विकास अधिकारी दीपेंद्र पांडेय की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान उदिता फाउंडेशन की ओर से अतिथियों एवं चिकित्सकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। टीम में अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय, चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुनाल मिश्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता चौधरी, मनोचिकित्सक डॉ. विजित जायसवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील सिंह, एमडी मेडिसिन डॉ. सारंग श्रीवास्तव, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल श्रीवास्तव सहित नेत्र सहायक मोहम्मद सफी व सत्य प्रकाश तिवारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच की गई तथा मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिली। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर कराया जाएगा, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजकों एवं स्वास्थ्य टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखने की अपेक्षा जताई।

## विशेश्वरगंज पुलिस ने अवैध गांजा सहित एक युवक को दबोचा

- सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हुई कार्रवाई

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना विशेश्वरगंज पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 256 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान लोनियनपुरवा मोड़, लक्खारामपुर के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 256 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपित की पहचान ललित कुमार तिवारी पुत्र कैलाशनाथ तिवारी, निवासी ग्राम बड़ानिजाम, थाना विशेश्वरगंज उम्र लगभग 30 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने उसके विरुद्ध मु0अ0सं0 0036/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रमाशंकर यादव, हेड कांस्टेबल रणजीत व कांस्टेबल संतोष गुप्ता शामिल रहे। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## समाज कल्याण विभाग के कारनामा से योजना की पारदर्शिता पर लगा प्रश्नचिह्न

- तीन महीने पहले शादी और 13 महीने का बच्चा
- जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने कहा साक्ष्य दिखाओ तब माने

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत संपन्न एक विवाह अब गंभीर सवालों के घेरे में है। समारोह में शादी करने वाले एक जोड़े की दुल्हन महज़ तीन महीने बाद ही एक 13 महीने के बच्चे की माँ बन गई। इस खुलासे ने न केवल योजना की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है, बल्कि संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर भी तीखी बहस छेड़ दी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूरे मामले में समाज कल्याण विभाग की भूमिका संदिग्ध रही है। चर्चा यह भी है कि संबंधित समाज कल्याण अधिकारी क्षेत्र के एक विधायक के रिश्तेदार बताए जाते हैं। ऐसे में जब सैंयां भए कोतवाल, तो अब डर काहे का वाली कहावत इलाके में जोर पकड़ रही है। लोगों का कहना है कि जब जांच की जिम्मेदारी और प्रभाव दोनों एक ही दायरे में सिमट जाएँ, तो निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद कमजोर पड़ जाती है।

मामला यहीं तक सीमित नहीं है। अधिकारी का गृह जनपद भी पास में होने के कारण क्षेत्र में उनका दबदबा कायम बताया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभाव और रसूख के चलते शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। सवाल यह उठ रहा है कि क्या योजना का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुँच रहा है या फिर कागजी औपचारिकताओं के सहारे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है?

हालांकि आधिकारिक स्तर पर अभी तक कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है, लेकिन जनमानस में आक्रोश साफ देखा जा सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर विश्वास बहाल करता है या फिर यह प्रकरण भी फाइलों में दबकर रह जाता है। जब इस प्रकरण पर समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से जानकारी लेना चाहा तो उन्होंने कहा की सबूत प्रस्तुत करो तब मानेंगे।

## हाथी का कहर : कुटिया में घुसकर पुजारी को कुचला, दो दिन में दूसरी मौत

- गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों को सतर्क रहने की दी गई सलाह

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग से सटे गांवों में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात कारीकोट क्षेत्र में एक दांत वाला जंगली हाथी कटियारा बाबा कुटिया में घुस आया और 75 वर्षीय पुजारी सुरेश दास को पटककर कुचल डाला। दो दिन के भीतर हाथी के हमले में यह दूसरी मौत है, जिससे पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। हजारीपुरवा गांव निवासी सुरेश दास पिछले 15 वर्षों से कुटिया में पूजा-पाठ कर रहे थे। रविवार रात करीब 8:30 बजे वह अपने साथी राम लखन के साथ भोजन कर रहे थे। साथी के बर्तन धोने बाहर जाते ही हाथी अचानक कुटिया में घुस आया।

बांस-बल्ली की झोपड़ी को तोड़ते हुए वह अंदर पहुंच गया और अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, पुजारी ने हाथी को भगाने का प्रयास किया, लेकिन वह आक्रामक हो उठा। हाथी ने उन्हें



दौड़ाया, गिराकर दांत में फंसाया और कई बार जमीन पर पटक दिया। इसके बाद पैरों से कुचल दिया। चीख-पुकार के बीच कुछ ही मिनटों में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पास के बर्दिया गांव में पहुंचते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन क्षेत्र में हाथियों की सक्रियता के चलते रात में घटनास्थल तक पहुंचना मुश्किल रहा। सूचना पर ग्राम प्रधान, पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। कतर्नियाघाट रेंज के रेंजर आशीष गौंड ने बताया कि सूचना मिलते ही वनकर्मियों की टीम को रवाना किया गया। हालांकि हाथियों की अधिक गतिविधि के कारण रात में पहुंचने में दिक्कतें आईं। बढ़ती घटनाओं से उठे सवाल वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र में हाथियों की बढ़ती गतिविधि स्वीकार की है। गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि रात में अकेले बाहर न निकलें और किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें।

गौरतलब है कि दो दिन पहले बिछिया-मिहींपुरवा मार्ग पर भी हाथी के हमले में एक महिला की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से जंगल किनारे बसे गांवों में भय का माहौल है। शाम होते ही लोग घरों में सिमट जा रहे हैं। मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाएं प्रशासन और वन विभाग की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रही हैं। ग्रामीणों ने हाथियों की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

## मिलनसार अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह का निधन, नम आंखों से दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

उतरौला बार के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अधिवक्ता संघ उतरौला के महामंत्री अजीत प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन का समाचार पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर गया। उनके असमय चले जाने से न केवल अधिवक्ता समाज बल्कि नगर के हर उस व्यक्ति की आंखें नम हो गईं, जिसने कभी उनके स्नेह, मार्गदर्शन या सहयोग को महसूस किया था। सचमुच यह क्षति अपूरणीय मानी जा रही है।

बताया जाता है कि वे लगभग डेढ़ वर्ष से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उनका उपचार लगातार चल रहा था। बीमारी से संघर्ष के बावजूद वे अंतिम समय तक सकारात्मक सोच और साहस के साथ जीवन जीते रहे, जिसने उन्हें जानने वालों के मन में और अधिक सम्माननीय बना दिया।

अजीत प्रताप सिंह तहसील परिसर में एक ऐसे अधिवक्ता के रूप में पहचाने जाते थे, जिनके चेहरे की मुस्कान और मधुर व्यवहार लोगों के मन में तुरंत विश्वास जगा देता था। वे केवल मुकदमे लड़ने वाले वकील



नहीं, बल्कि लोगों की समस्याएं सुनने और सही रास्ता दिखाने वाले सजग मार्गदर्शक भी थे। वादकारियों को वे कानूनी सलाह के साथ हौसला भी देते थे, इसलिए उनके पास आने वाले लोग उन्हें सिर्फ अधिवक्ता नहीं बल्कि अपना शुभचिंतक मानते थे।

उनके निधन की खबर फैलते ही तहसील परिसर में सन्नाटा छा गया। साथी अधिवक्ताओं की आंखें नम दिखीं और कई लोग देर तक विश्वास नहीं कर पाए कि अब वे पहले की तरह मुस्कुराते हुए दिखाई नहीं देंगे। लोगों ने कहा कि उनकी विनम्रता, मिलनसार स्वभाव और मददगार प्रवृत्ति ही उनकी सबसे बड़ी पहचान थी, जिसने उन्हें हर दिल अजीज बना दिया था।

उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र ने एक सज्जन, सरल और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को खो दिया है।

सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

उनकी यादें, उनका व्यवहार और उनकी मुस्कान लंबे समय तक लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## मंडलीय खेलकूद में कंपोजिट विद्यालय बसावन बनकट का परचम

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय बसावन बनकट के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ रेहरा बाजार एवं बलरामपुर जनपद का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में विद्यालय की छात्रा शिवानी ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि खुशबू ने रिले रेस में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त मंडलीय प्रतियोगिता में प्रिंस, आकाश, सचिन, वंदना, रागिनी, साक्षी, शुभौता, संध्या, धूपा, अंश, मोहिनी और शुभम ने विभिन्न खेलों में शानदार



प्रदर्शन किया।

बच्चों की इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बंशराज कनौजिया सहित शिक्षक सतीश सिंह, अमित सिंह, प्रीती सिंह, संतोष कुमार शुक्ल, सरिता वर्मा, मीरा वर्मा, कविता देवी और राजेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान सफल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

# विधानसभा में आरक्षण व आउटसोर्सिंग पर घमासान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश विधानसभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम यादव द्वारा आउटसोर्सिंग और आरक्षण का मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार की ओर से मंत्री अनिल राजभर ने सपा पर जोरदार हमला बोला।

मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात तो करती है, लेकिन अपने शासनकाल में उसने केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में ओबीसी आरक्षण के तहत लगभग 82 प्रतिशत लाभ एक ही वर्ग को दिया गया, जबकि राजभर, केवट, मल्लाह, चौहान सहित कई जातियों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिला। राजभर ने कहा कि सपा बाबा साहब के संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी सदन चलता है, सपा आरक्षण का मुद्दा उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए राजभर ने सदन को बताया कि सपा सरकार के दौरान रोजगार मेलों के जरिए कितने युवाओं को रोजगार मिला और 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक कितने युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी मिली है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वर्तमान सरकार मातृशक्ति के लिए अलग से रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है, ताकि महिलाओं को अधिक अवसर मिल सकें। इससे पहले संग्राम यादव ने सरकार पर आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग के नाम पर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्थायी नौकरियों से बचने के लिए सरकार आउटसोर्सिंग का सहारा ले रही है और 12 से 15 हजार रुपये के वेतन पर युवाओं का शोषण किया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार आउटसोर्सिंग के जरिए पिछड़ों और दलितों के आरक्षण अधिकारों को कमजोर करना चाहती है तथा प्रदेश में होने वाली भर्तियों में आरक्षण नियमों का सही पालन नहीं किया जा रहा है। हालांकि सरकार की ओर से इन आरोपों का विरोध करते हुए कहा गया कि आरक्षण के मुद्दे पर सदन में कई बार स्पष्ट जवाब दिया जा चुका है और बिना कारण इस विषय को दोहराया जा रहा है।

सदन में इस मुद्दे पर काफी देर तक हंगामा और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा।

### विधानसभा में गूंजा निजी अस्पतालों की मनमानी व आशा बहुओं का मुद्दा

यूपी विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सोमवार को निजी अस्पतालों की कथित मनमानी का मुद्दा जोर-शोर से उठा। सपा के सदस्य अतुल प्रधान ने सरकार से सवाल किया कि निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और मरीजों से मनमाने शुल्क वसूलने की शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सपा के सदस्य अब भी अपना चश्मा नहीं बदल पा रहे हैं और पूर्ववर्ती सरकार के नजरिए से ही वर्तमान व्यवस्था को देख रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों की अनियमितताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी को भी मनमानी की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाठक ने बिना नाम लिए यह भी कहा कि कुछ लोग अस्पतालों से उगाही के चक्कर में लगे हुए हैं और सरकार ऐसे तत्वों पर भी नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दौरान सदन में आशा बहुओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग भी उठी। समाजवादी पार्टी के विधायक आर के बर्मा ने आशा कार्यकर्ताओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने और उनके वेतन में वृद्धि की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली आशा बहुएं सीमित मानदेय में व्यापक जिम्मेदारियां निभा रही हैं, ऐसे में उन्हें उचित पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा मिलनी चाहिए।

## जनता दरबार में महापौर ने सुनीं समस्याएं

▸ नगर निगम नागरिकों की सेवा में सदैव तत्पर : सुषमा खर्कवाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें सफाई, जलनिकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट एवं कर संबंधी मुद्दे प्रमुख रहे।

महापौर ने प्रत्येक प्रकरण को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपस्थित पार्षदगणों एवं वरिष्ठजनों से महापौर ने शिष्टाचार भेंट कर शहर के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि नगर निगम उनकी सेवा में सदैव तत्पर है।

## जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : केशव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज विधानसभा की कार्यवाही में सम्मिलित होने से पूर्व सरकारी आवास पर जनता दर्शन का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए बड़ी संख्या में लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। उपमुख्यमंत्री ने फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पुलिस सहायता, स्वास्थ्य उपचार हेतु आर्थिक मदद और स्थानीय विकास कार्यों से संबंधित मामले सामने आए। अधिकारियों,डीएम, एसपी को फोन पर निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जाए। सरकार जनता के द्वार है। किसी भी गरीब या असहाय व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन-समस्याओं का निराकरण करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और जनता दर्शन का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना है।

## एसआईआर में बड़े पैमाने पर सपा के समर्थकों के हटाए गए नाम : अखिलेश

▸ यदि कोई व्यक्ति गलत काम करने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि इसके लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अखिलेश यादव ने यहां सपा कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठायेगी।

सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी इस संबंध में मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक ज्ञापन भी सौंपेगी, जिसमें यह अपील की जाएगी कि एसआईआर में जो गड़बड़ियां की गयी हैं, उन पर किन नियमों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए और यदि कोई व्यक्ति गलत काम करने का दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात के बाद सपा इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की कि फॉर्म-7 के जरिये नाम हटाने की प्रक्रिया सिर्फ बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) द्वारा शुरू की जानी चाहिए, किसी और माध्यम से नहीं। उन्होंने यह भी मांग की कि विधानसभा चुनाव क्षेत्र, बूथ नंबर और फॉर्म-7 जमा करने वाले व्यक्ति समेत पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि एसआईआर में सपा के समर्थकों के नाम गलत तरीके से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र में 16 मतदाताओं के नाम हटा दिये गये। विश्लेषण करने पर पता लगेगा कि वे पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समुदाय के हैं। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 365 पर जाली हस्ताक्षर का हवाला देकर लगभग 100 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये। उन्होंने कई मतदाताओं के नाम, उनके बूथ नंबर और उन्हें हटाने के लिए कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए फॉर्म-7 का विवरण भी पढ़कर सुनाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी कई दिनों से गलत तरीके से हटाए गए नामों के बारे में आंकड़े दे रही है लेकिन उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। उन्होंने नंदलाल नाम के एक व्यक्ति से जुड़े मामले का भी उल्लेख किया और आरोप लगाया कि उस शख्स (नंदलाल) ने अंगूठे का निशान लगाया था लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने फार्म-7 भरने के लिए उससे हस्ताक्षर करवा लिये थे। अखिलेश यादव ने सवाल किया कि क्या इस मामले में जिले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफकोई कार्रवाई की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की एक श्गुप्त बैठकश् में सपा द्वारा जीती गई सीटों को निशाना बनाने और वहां उसके मतदाताओं के नाम हटाने का फैसला किया गया था, यह योजना विधानसभा और बूथ स्तर पर लागू की जा रही है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा के एक नेता ने दावा किया था कि कन्नौज में तीन लाख वोट कटवा दिए गए थे और दूसरे जिलों में और भी हटाए जाने हैं।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी बलिया के सिकंदरपुर क्षेत्र से विधायक हैं, वहां उनकी पत्नी का वोट कटवा दिया गया है। उन्होंने भाजपा पर महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, कानून-व्यवस्था, व्यापार समझौते, डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरती कीमत, सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों समेत विभिन्न जनसरोकार के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने फार्म-7 से जुड़े आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि जहां सपा ने उत्तर प्रदेश में ऐसे सिर्फ 47 फॉर्म भरे थे, वहीं भाजपा ने 1,729 और अज्ञात लोगों ने एक लाख 28 हजार 659 फॉर्म भरे थे। ये अज्ञात लोग भाजपा से जुड़े थे और ऐसे नामों का इस्तेमाल जवाबदेही से बचने के लिए किया गया था।

### निर्वाचन आयोग को अपने कार्यालय पर भाजपा का झंडा लगा देना चाहिए

इस सवाल पर कि क्या उन्हें शक है कि निर्वाचन आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है, यादव ने कहा, निर्वाचन आयोग को अपने कार्यालय पर भाजपा का झंडा लगा देना चाहिए। सपा प्रमुख ने एक और सवाल के जवाब में भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, वे (भाजपा) केवल चुनाव जीतना चाहते हैं। वे लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। वे भीमराव आंबेडकर और इस देश के लिए अपनी जान देने वाले दूसरे लोगों को मिटाना चाहते हैं क्योंकि उन्होंने आजादी से पहले वंदे मातरम नहीं गाया और आजादी के बाद इसे गाने में इतना समय लगा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए यादव ने कहा, बिष्ट जी को अपने दोस्तों से पूछना चाहिए कि उन्होंने वंदे मातरम कब गाया।

## एलडीए कॉलोनी के ओवरहेड टैंक की होगी सफाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जलकल विभाग, जोन 8 द्वारा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुचारु एवं स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से ओवरहेड टैंकों की निर्धारित तिथियों पर सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में 17 फरवरी 2026 की शाम को सेक्टरदूएन एलडीए कॉलोनी स्थित ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य किया जाएगा। जलकल विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत विभिन्न कॉलोनियों के ओवरहेड टैंकों की क्रमवार सफाई सुनिश्चित की जा रही है। 17 फरवरी को प्रस्तावित सफाई कार्य के दौरान संबंधित क्षेत्र में जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रह सकती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सफाई कार्य पूर्ण होने के पश्चात अगले दिन प्रातःकाल से जलापूर्ति पुनः सामान्य कर दी जाएगी। जलकल विभाग ने सेक्टर एन एलडीए कॉलोनी के निवासियों से अनुरोध किया है कि वे सफाई कार्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार पेयजल का पूर्व भंडारण कर लें, जिससे असुविधा से बचा जा सके। विभाग का कहना है कि यह कार्य जनहित में किया जा रहा है ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।प्रभारी अधिशासी अभियंता, जोन 8 ने बताया कि शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित अंतराल पर टैंकों की सफाई कराई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार डाला पलटा, बाइक सवार दंपती-बच्ची घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार टेंपो डाला अनियंत्रित होकर एक बाइक पर पलट गया। इस हादसे में बाइक सवार डीसीएम चालक मोहर्रम अली (45), उनकी पत्नी किस्मतुन्निशा (40) और 10 साल की बेटी सुमायरा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल डाला उठाकर उसके नीचे दबे तीनों घायलों को बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन पहुंचने में देरी होने पर लतीफनगर के प्रधान प्रतिनिधि तरुण शुक्ला ने अपनी कार से तीनों को कटी बगिया स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। उनका इलाज जारी है। मोहर्रम अली उन्नाव जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र स्थित समदपुर जसमड़ा के रहने वाले हैं, वह अपनी पत्नी किस्मतुन्निशा और बेटी सुमायरा के साथ रायबरेली स्थित रिश्तेदारी से बंथरा के बनी मोहान रोड होते हुए बाइक से वापस घर जा रहे थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डाला चालक प्रमोद साहू को पकड़ लिया। प्रमोद साहू बंथरा के रहीमनगर पड़ियाना का निवासी है। लोगों ने डाला और उसके चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह घटना डाला चालक की लापरवाही के कारण हुई है, क्योंकि वह अक्सर तेज रफ्तार में वाहन चलाता है। बंथरा पुलिस ने डाला और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### अंतरराज्यीय चोर गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पीजीआई इलाके में बंद घरों की रेकी कर चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एक एयर गन और अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 42,362 रुपये मूल्य के पीली धातु के जेवर बरामद किए हैं। इनमें अंगूठी, चेन, पेंडेंट, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स,झाले, मांग टीका, हाथ फूल, गले का हार और चूड़ियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सफेद धातु के जेवर जैसे चेन, कान के टॉप्स,झाले, गले का हार, पायल,पाजेब, अंगूठी, चार हाथ घड़ियां और दो मोतियों की माला भी मिली है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोनू सिंह, शक्तिमान सिंह और सोनू कुमार साह उर्फसोनू पहाड़ी के रूप में हुई है, जो बिहार के निवासी हैं। चौथा आरोपी बृजेश निषाद फतेहपुर जिले के खागा थाना क्षेत्र के किशनपुर रम सगरा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सोनू सिंह पर पहले से नौ मुकदमे दर्ज हैं।

### अभिनव भारत पार्टी का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन 26 फरवरी को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** क्रांतिकारी वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि के अवसर पर अभिनव भारत पार्टी का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 26 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा भी की जाएगी। पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री ममता झा ने अधिवेशन की घोषणा करते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरे उत्साह और व्यापक स्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं। देश के विभिन्न राज्यों से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा अनेक प्रमुख संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति की संभावना है। ममता झा ने कहा कि वीर सावरकर के विचारों राजनीति का हिन्दूकरण और हिन्दुओं का सैनिकीकरण की वैचारिक पृष्ठभूमि पर गठित अभिनव भारत पार्टी स्वयं को चिंतन, आंदोलन और क्रांति की धारा से प्रेरित राजनीतिक संगठन मानती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रवाद और सावरकर के विचारों को आधार बनाकर भारतीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही है। अधिवेशन में संगठन विस्तार, राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रस्ताव तथा आगामी रणनीतियों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने दी 19 को कार्यबंदी की चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने स्थानीय निकाय कार्मिकों की लम्बित मांगों, बैठकों में तय बॉतों के परिपेक्ष्य में आदेश जारी ना किए जाने पर एक बार पुनः 19 फरवरी को कार्यबंदी की चेतावनी दी है। इस आशय का पत्र महासंघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने नगर विकास मंत्री को प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि महासंघ पुनः एक बार फिर आपका ध्यान उपरोक्त विषय की ओर दिलाते हुए कहना चाहता है कि प्रदेश सरकार व नगर विकास विभाग द्वारा गत वर्षो से प्रदेश के निकाय कर्मचारियों की सेवा सम्बन्धी व अन्य मांगों पर पूर्व में मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास स्तर पर हुई बैठकों आदि में लिये गये निर्णयों,जारी की गयी कार्यवृत्त मे दियें गये अश्वासन के उपरान्त अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय, आदेश जारी नही किये गयें। जिससे आक्रोषित निकाय कर्मचारियों ने पूर्व में सैकड़ों धरना प्रर्दशन, क्रमिक अनशन व अन्य ध्यानाकर्षण आन्दोलन के साथ-साथ 19 जनवरी 2026 को मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास को अपने-अपने विभागाध्यक्षों के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित कर मांगों के निस्तारण की मांग रखी गई। ज्ञापन में यह भी समावेश किया गया कि समय रहते 19 फरवरी 2026 के पूर्व कोई समाधान न होने की दशा में कार्यबन्दी की जाएगी। परन्तु खेद है कि अभी तक कोई भी सकारात्मक निर्णय, आदेश जारी नही किये जा सके। अतः महासंघ बाध्य होकर 19 फरवरी 2026 को प्रदेश की सभी नगर निगम एवं निकायों में कार्यबन्दी किये जाने पर विवश होगा ।

### यूपी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में सुनवाई प्रक्रिया तेज, 3.23 करोड़ नोटिस जारी

## नो-मैपिंग व विसंगतियों की सुनवाई के लिए 13,161 अधिकारी नियुक्त : रिणवा

▸ 1.58 करोड़ मतदाताओं को प्राप्त नोटिस में 90 लाख मामलों की हुई सुनवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने की कार्यवाही निरंतर जारी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में नो मैपिंग से संबंधित 1 करोड़ 4 लाख मतदाता तथा तार्किक विसंगतियों से संबंधित 2 करोड़ 22 लाख मतदाता सहित कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस निर्गत किया जाना है। अब तक 3 करोड़ 23 लाख नोटिस निर्गत किये जा चुके हैं। निर्गत किये गये नोटिसों में से लगभग 1 करोड़ 58 लाख से अधिक नोटिस संबंधित मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्राप्त कराये जा चुके हैं। मतदाताओं को प्राप्त कराये गये नोटिसों में से अब तक लगभग 90 लाख नोटिसों पर अधिसूचित अधिकारियों द्वारा सुनवायी की जा चुकी है।

प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश में नोटिसों की सुनवायी हेतु 13 हजार 161 अधिकारी नियुक्त है, जिसमें 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ तथा 12 हजार 758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एईआरओ नियुक्त हैं। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के प्रारंभ में प्रदेश में 2042 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एईआरओ नियुक्त थे। क्रमिक रूप से अधिसूचना 30 दिसंबर 2025 द्वारा 6,948 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अधिसूचना 13 फरवरी 2026 द्वारा 3,768 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अतिरिक्त रूप से नियुक्त किये गये हैं।

विगत एसआईआर 2003 से मैपिंग न होने के कारण 1.04 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। ऐसे मतदाताओं को सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित जन्मतिथि और या जन्म स्थान को प्रमाणित करने वाले साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। तार्किक विसंगतियों वाले 2.22 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। मतदाताओं को केवल अभिलेख प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। मतदाता सुनवाई के दौरान स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत कर सकते हैं।

## डिजिटल हुआ लखनऊ मेट्रो, क्यूआर टिकटिंग की शुरुआत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ मेट्रो ने यात्रियों की सुविधा को और अधिक आसान और डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली की शुरुआत कर दी है। इस नई व्यवस्था का शुभारंभ सोमवार को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने किया। इसके साथ ही क्यूआर टिकट के साथ यात्रा करने वाले पहले यात्री वत्सल बरन बने। उन्होंने इस सुविधा को समय बचाने वाली और बेहद सुविधाजनक पहल बताया। इस सुविधा का लाभ अब यात्री घर बैठे मोबाइल ऐप के माध्यम से क्यूआर टिकट बुक कर मेट्रो यात्रा कर सकेंगे।

नई प्रणाली के तहत यात्री लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल ऐप, टिकट काउंटर और क्यूआर सपोर्टेड टिकट वेंडिंग मशीन के जरिए आसानी से क्यूआर टिकट प्राप्त कर सकेंगे। मोबाइल ऐप से टिकट बुक करने पर क्यूआर कोड डिजिटल रूप में फोन पर उपलब्ध होगा, जबकि टिकट काउंटर और मशीन से पेपर क्यूआर टिकट भी लिया जा सकेगा। यात्रियों को मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और निकास के समय ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट पर पीली पट्टी वाले स्कैनर पर क्यूआर टिकट स्कैन करना अनिवार्य होगा।

मेट्रो प्रशासन ने सभी स्टेशनों पर क्यूआर सपोर्टेड टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित कर दी हैं, जिन पर यूपीआई के माध्यम से भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके साथ ही टोकन आधारित टिकट व्यवस्था भी पहले की तरह जारी रहेगी।

**तैयारी** — बीएचयू में जुटेंगे आठ देशों के विद्वान

# पालि साहित्य और बौद्ध दर्शन पर होगा मंथन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

▸ भारत-एशिया बौद्ध संवाद को मजबूती देगा बीएचयू का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

▸ बौद्ध शिक्षा और पर्यटन को नई रफ्तार देगा सम्मेलन : जयवीर



काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग की ओर से 17 से 19 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और तोयो विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा।

इसका उद्देश्य पालि साहित्य, बौद्ध दर्शन, त्रिपिटक अध्ययन, अलग-अलग बौद्ध परंपराओं की तुलना, बौद्ध संस्कृति और विरासत, पांडुलिपि विज्ञान और आज के समय में बौद्ध विचारों की अहमियत जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा करना है।

तीन दिनों में 80 चुने हुए शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में म्यांमार, कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, जापान, थाईलैंड और वियतनाम समेत कई देशों के विद्वान, शोधकर्ता, प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे।

तकनीकी सत्रों में पालि त्रिपिटक, अट्ठकथा परंपरा, बौद्ध तर्कशास्त्र, थेरवाद और महायान दर्शन, तुलनात्मक बौद्ध अध्ययन और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संवाद जैसे विषयों पर शोध-पत्र पढ़े जाएंगे।17 फरवरी को होने वाले उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सिद्धार्थ सिंह कुलपति, नव नालंदा महाविहार होंगे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. रवींद्र पंथ, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध कनफेडरेशन करेंगे।

19 फरवरी को समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो. उमा शंकर व्यास, पूर्व निदेशक, नव नालंदा महाविहार करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राजेश रंजन, कुलपति, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सम्मेलन भारत और एशिया के दूसरे देशों के बीच बौद्ध शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और शोध के रिश्तों को और मजबूत करेगा। इससे भारत को दुनिया में बौद्ध ज्ञान के एक बड़े केंद्र के रूप में पहचान मिलेगी। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग बौद्ध शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ सकें।

पालि भारत की सबसे प्राचीन ज्ञात भाषाओं में मानी जाती है। इसे प्राचीन ब्राह्मी लिपि में लिखा जाता था, जिसका प्रमाण सम्राट सम्राट अशोक के शिलालेखों और स्तंभों से मिलता है।

भगवान बुद्ध ने अपने उपदेश पालि भाषा में ही दिए थे और उस समय यह आम लोगों की भाषा थी। केंद्र की भारत सरकार ने पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है, जिससे इस भाषा के संरक्षण और अध्ययन को नई मजबूती मिली है।

## डीएम कार्यालय पर इंडो-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

▸ प्रस्तावित इंडो-अमेरिका व्यापार समझौते में कृषि व पशुपालन क्षेत्र को शामिल न किये जाने की मांग

राजधानी में सोमवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि और दुग्ध उत्पादों को शामिल किए जाने की आशंका को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान चंद गुप्ता के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कृषि हितों की रक्षा की मांग की।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष (पूर्वी उत्तर प्रदेश) प्रताप बहादुर ने कहा कि यदि व्यापार समझौते में कृषि और डेयरी सेक्टर को शामिल किया गया तो इसका सीधा असर देश के छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 87 प्रतिशत किसान सीमांत श्रेणी में आते हैं। उनकी आजीविका खेती व पशुपालन पर निर्भर है। ऐसे में विदेशी उत्पादों की एंट्री से उनकी आय प्रभावित हो सकती है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वहां की कृषि सचिव ब्रुक रोलिंस के हालिया बयानों से यह संकेत मिलता है कि प्रस्तावित समझौते से अमेरिकी किसानों को लाभ पहुंच सकता है। संगठन ने आशंका जताई कि यदि अमेरिकी दुग्ध उत्पाद या मिल्क पाउडर भारतीय बाजार में बड़े पैमाने पर आया तो स्थानीय डेयरी व्यवसाय संकट में पड़ सकता है। किसान नेताओं ने कहा कि देश के कई हिस्सों में दूध पहले से ही कम कीमत पर बिक रहा है। ऐसे में विदेशी उत्पादों की आमद से बाजार दर और गिर सकती है, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया। संगठन ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि प्रस्तावित इंडो-अमेरिका व्यापार समझौते में कृषि और पशुपालन क्षेत्र को शामिल न किया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी हुई तो देशभर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# विकसित भारत 2047 के निर्माण हेतु नशा मुक्ति व आध्यात्मिक चिंतन का आह्वान

- अटल ऑडिटोरियम में कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत की संगोष्ठी आयोजित
- भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सकारात्मक सोच, शिक्षा और सेवा भाव आवश्यक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

'कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत' की संगोष्ठी मुख्य अतिथि एल वेंकटेश्वर लू, अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग तथा महानिदेशक उपाम व एसआईआरडी की उपस्थिति में अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, प्रबुद्धजनों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। प्रधानमंत्री का जो सपना है कि भारत को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाया जाए, उसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशे की ओर जाएगा, वह बाद में अवश्य पछताएगा। इसलिए सही मार्ग पर चलना और सही बातों को समझना आवश्यक है, जिसके लिए मन और बुद्धि के स्तर पर संवाद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत ऋषियों और मुनियों की पावन धरती है। जितनी तपस्या भारत में हुई है, उतनी विश्व में कहीं नहीं हुई। मन को वश में रखने और अच्छे कार्य करने के लिए श्रीमद्भागवत गीता सर्वश्रेष्ठ शास्त्र है। सभी महापुरुषों ने अपने जीवन में अध्यात्म को प्राथमिकता दी है। विकसित भारत के निर्माण के लिए लोगों को अच्छे कार्यों हेतु मंथन और



चिंतन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आहार, निद्रा और भोग व्यक्ति को भय प्रदान करते हैं। जब व्यक्ति को ज्ञान नहीं होता, तो उसके जीवन में दुख उत्पन्न होता है। लोगों को सही बातों के प्रति जागरूक होकर अपनी चेतना का विकास करना चाहिए। सही विचारों से आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होते हैं। गलत तरीके से दिखावा करने पर पुण्य घटता है। समाज को अच्छा बनाने के लिए प्राथमिकताओं पर ध्यान देना होगा तथा लोगों को अच्छी शिक्षा की ओर अग्रसर करना होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए प्रत्येक विषय पर गहराई से मंथन करना आवश्यक है। मोबाइल के नशे से बच्चे बर्बाद हो रहे हैं तथा इसके कारण बच्चों में नींद न आने की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सत्य ज्ञान देने वाला भगवान से भी बड़ा होता है। श्रीमद्भागवत गीता का अध्ययन करने से आंतरिक चेतना में सुधार होता है। व्यक्ति को देश और समाज के सम्मान के लिए जीना चाहिए। अपराध के मार्ग पर चलने वालों की आत्मा दुखी होती है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की बातों में सच्चाई निहित होती है और दूसरों के साथ छल-कपट नहीं करना चाहिए। कर्मयोग की मूल बातों को समझने की आवश्यकता है। धर्म की सच्चाई के साथ चलें तथा लोगों की सेवा ईमानदारी और निष्ठा भाव से करें। मानव शरीर बड़ी भाग्य से प्राप्त हुआ है, अतः इसे अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रकार के नशों से मुक्त होकर आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। पूरे मनोयोग से विकसित भारत के निर्माण में सहयोग करें। सकारात्मक सोच के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करें। सभी लोगों को मिलकर भारत को महान बनाना है। भारत को विकसित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने क्षेत्र में पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर शिक्षा, सुरक्षा और योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। व्यक्तियों के अंदर सेवा भाव होना आवश्यक है तथा अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना चाहिए। लोग विभिन्न प्रकार के नशों से दूर रहें। भारत ऋषि-मुनियों का देश है, इसे पुनः विश्वगुरु बनाना है। सकारात्मक विचारों, मेहनत और लगन के साथ प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नशा नाश का कारण है, चाहे वह किसी भी प्रकार का हो। नशे की अवस्था में व्यक्ति संयम और मर्यादा को भूल जाता है। कर्म के माध्यम से आत्मा का परमात्मा से संबंध जुड़ता है। नशा मुक्ति और अच्छे कार्यों के लिए लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना आवश्यक है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगोष्ठी में बताई गई बातें अपने कार्यालय एवं घरों में बताएं। उन्होंने कहा कि बताई गई बातों का फैलाने कार्य करें। बताई गई बातों को जीवन में अपनाएं और 2047 में विकसित भारत बनाने में योगदान करें। कार्यक्रम का संचालन इंदु अजनबी द्वारा किया गया। इस अवसर पर, डिप्टी डायरेक्टर अजय वीर सिंह यादव, क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी आरएल राजवंशी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, परियोजना निदेशक अवधेशराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## बदलते मौसम को देखते उद्यान विभाग की एडवाइजरी जारी

**शाहजहांपुर।** आगामी सप्ताह के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की वर्षा एवं अन्य कृषि जलवायु अंचलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की सम्भावना है। जिसको लेकर उद्यान विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि अक्टूबर माह में बोई गयी आलू की फसल फरवरी माह के अन्त तक पक जाती है। खुदाई से 10 दिन पहले आलू की बेल को काट दें, एवं अब सिंचाई न करें जिससे आलू पक जाता है और छिलका मजबूत हो जाता है। टमाटर तथा मिर्च की ग्रीष्मकालीन फसल के लिए रोपाई एवं कद्दूवर्गीय फसलों की बुवाई फरवरी माह में कर लें तथा फसल को झुलसा रोग से बचाव हेतु 0.2 प्रतिशत 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से मैन्कोजेब का छिड़काव करें। फसल को रस चूसक कीटों से बचाव हेतु नीम सीड कर्नल स्ट्रैक्ट 3-5 ग्राम या फिप्रोनिल (5 प्रतिशत) एससी, 0.5-0.75 मिली रसायन प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। आम के अगेती बौर को खर्रा या दहिया रोग से बचाने हेतु घुलनशील गंधक के 0.2 प्रतिशत घोल 2.0 ग्राम प्रति लीटर पानी का छिड़काव करना चाहिए। वर्तमान मौसम में आम की फसल में बौर निकलने के समय भुनगा कीट का प्रकोप दिखाई पड़ने पर इमिडाक्लोप्रिड अथवा क्यूनॉलफॉस 1 मिली को प्रति लीटर पानी में घोलकर बनाकर छिड़काव करें। जुलाई से सितम्बर माह के मध्य में लगाये गये आम, अमरूद, नींबू आदि के नवीन बागों में जो पौधे किसी कारणवश मृत हो गये हैं उनके स्थान पर नये पौधे लगाये जाने की सलाह दी जाती है। एकीकृत कीट प्रबंधन के लिए ज्यादा मौसम की समस्त शाकभाजी फसलों में नीम सीड कर्नल एक्सट्रैक्ट 5 मिली प्रति 1 लीटर हल्के गरम पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसका छिड़काव 10-15 दिनों के अन्तराल पर आवश्यकतानुसार करना चाहिए। इस सप्ताह के दौरान मौसम मुख्यतः शुष्क रहने के साथ कृषकों को सलाह है कि आवश्यकतानुसार ही सिंचाई करें।

## खबरें एक नजर में

### खुटार में हुआ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, छात्रों ने सम्मेलन में प्रस्तुत किए सुंदर संस्कारिक कार्यक्रम




**खुटार शाहजहांपुर।** हिन्दुओं को संगठित करने के औचित्य से तिकुनिया पूरनपुर मार्ग स्थित शगुन मैरिज लॉन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आए सम्मानित व्यक्तियों ने हिन्दुओं को संगठित होने पर बल दिया उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत संगठित हिन्दू कार्यक्रम का संचालन देवेश कुमार गुप्ता ने किया साथ ही कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सांस्कृतिक नाटक प्रस्तुत कर हिन्दुओं को संगठित रहने का संदेश दिया कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने बच्चों को एक हजार रुपए का पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान डाक्टर कृष्ण मुरारी शुक्ल , स्वयं सेवक संघ के प्रचारक रवि, राजकुमारी किरन सिंह, नगर कार्यवाह धरम मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य नीरज मिश्रा, जिला विधार्थी प्रमुख नीतीश कुमार, पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला, चेयरमैन पति बाबूराम, नगर खंड प्रचारक खुटार हर्षित, जगवंत सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के बीच आशाओं का धरना जारी

**सिधौली, शाहजहांपुर।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत चल रहे कार्यक्रम के बीच सोमवार को भी आशा कार्यकर्ताओं का धरना सातवें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके खातों में अब तक पूरा भुगतान नहीं पहुंचा है। जब तक समस्त बकाया राशि नहीं मिल जाती, धरना जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कोविड, फाइलेरिया, पल्स पोलियो और टीवी अभियान समेत विभिन्न मदों का भुगतान आना था, लेकिन किसी के खाते में अधिक तो किसी के खाते में कम धनराशि आई है। पूरा स्टेटमेंट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कौन-सा भुगतान लंबित है। धरने में प्रिया मिश्रा, विमला देवी, गीता देवी, आलिया बेगम, आयशा बी, सीमा देवी, खुशबू देवी, ओमकांति, रामबेटी, रामदेवी, मिथिलेश कुमारी, आरती देवी और चांदनी सहित कई आशाएं मौजूद रहीं। बीईएम चंद्रेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भुगतान कार्य के आधार पर लखनऊ से भेजा गया है, शेष बकाया भी जल्द दिलाया जाएगा।

### कम बोली पर 8 जर्जर आवासों की नीलामी रद्द

**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** ब्लॉक सभागार में सोमवार दोपहर 8 जर्जर आवासों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन कम बोली लगने के कारण इसे निरस्त कर दिया गया। इस नीलामी में कुल 27 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया था। खुली बैठक में पांच राउंड तक बोली लगाई गई। शाहजहांपुर के दिलाजाक निवासी उस्मान खान ने सर्वाधिक चार लाख पांच हजार रुपये की बोली लगाई। खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इन जर्जर आवासों का स्क्रैप मूल्य 6 लाख 75 हजार रुपये निर्धारित किया गया था। अधिकतम बोली इस निर्धारित मूल्य से काफी कम थी, जिसके चलते नीलामी रद्द कर दी गई। बताया कि नीलामी प्रक्रिया निरस्त होने के बाद अब जल्द ही अगली तिथि घोषित की जाएगी।

### पथराव और फायरिंग में तीन घायल, चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नौसारा झपुला में रविवार की सांय करीब तीन बजे अपने दरवाजे पर खड़े कोम सिंह यादव को गांव के नेत्रपाल व कमलेश यादव सहित चार लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी लाठी डंडों से मारपीट व नाजायज असलह से फायरिंग की। जिससे कोम सिंह, डीपी व अवनीश गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस की मौजूदगी में पथराव व फायरिंग की गई। पुलिस ने गंभीर घायल कोम सिंह के पिता कलक्टर सिंह यादव की तहरीर पर नेत्रपाल, कमलेश, धर्मेन्द्र व परविंदर यादव के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को सीएचसी जरियनपुर (मिर्जापुर) भेज दिया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांव के कमलेश यादव के दरवाजे पर बरेली के एक नेत्र चिकित्सालय की ओर से निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया था। बताया जाता है कि नेत्र शिविर के डाक्टर का एक सहकर्मी बाइक लेकर गांव में कहीं गया था। रास्ते में अवनीश यादव की सात वर्षीय पुत्री अनन्या डाक्टर के सहकर्मी की बाइक के अचानक सामने आ गई। तभी सहकर्मी ने बच्ची के थप्पड़ मार दिया। बच्ची को थप्पड़ मारने पर उसके पिता अवनीश शिविर स्थल पर गए और विरोध करने लगे। तभी शिविरकर्मी के पक्ष में कमलेश यादव आ गए। जिससे विवाद गाली गलौज के बाद मारपीट और पथराव तक पहुंच गया। आरोप है कि इसी बीच कमलेश व नेत्रपाल नाजायज असलहों से फायरिंग करने लगे। जिससे कोम सिंह, डीपी व अवनीश गंभीर घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन से थाने ले जाकर घटना की तहरीर दी गई। पुलिस ने घायलों को सीएचसी जरियनपुर भेज दिया। सीएचसी के डाक्टर ने गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीण इसे आपसी रंजिश और मूंछ की लड़ाई बता रहे हैं। उधर घायल पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को थाने ले जाकर छोड़ दिया है।

### दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 82 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। 15 फरवरी 26 को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्त अजान उर्फ मुन्नान पुत्र असलम व अब्दुल रजा पुत्र मोसीन खान निवासीगण मोहल्ला रामबाग थाना निगोही को हुलास नगला पुल पार बायी ओर सर्विस रोड पर समय 10:2 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अजान उर्फ मुन्नान के कब्जे से 42 ग्राम स्मैक पाउडर व अब्दुल रजा के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद हुआ। पूछताछ करने पर बताया कि यह स्मैक पाऊडर हम दोनो एक साथ सतेन्द्र निवासी निगोही से लेकर आये थे । इस स्मैक पाऊडर को हम छोटे निवासी ग्राम लाईखेडा को देने जा रहे थे। इस काम से जो रूपया मिलता है उससे हम अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सागर मानव, हे.का. अंकुर कुमार, अंकित नेहरा, योगेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर हुई अलग अलग दुर्घटनाओ में दो लोग घायल हो गए। जिनमें से एक को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार को हाईवे पर गांव कुआंडांडा निवासी रमेश चंद्र पुत्र रामदीन बाइक से आ रहे थे कि इसी दौरान एक अन्य मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पतालों रेफर किया गया है। एक अन्य सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार श्याम जी गुप्ता पुत्र रामगोपाल निवासी बजरिया कटरा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।श्याम जी गुप्ता जिला अस्पताल रेफर कर दिए गए।

## पैरामेडिकल छात्रों का चार दिवसीय प्रीमोडियल स्पोर्ट्स फेस्ट शुरू

**शाहजहांपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी के पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पैरामेडीकल इंस्टीट्यूट में स्वास्थ्य एवं देखभाल पाठ्यक्रम (बैच 2025) के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट प्रीमोडियल का सोमवार को प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार ने शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सरोज कुमार, वित्त नियंत्रक दीपक रस्तोगी, डॉ. नीरा गोयल, डीन डॉ. विशाल प्रकाश गिरि, डॉ. राणा प्रताप, डॉ. अमित सक्सेना, डॉ. जय प्रकाश सिंह, डॉ. मनीष, डॉ. विभोर जैन, डॉ. किरण, डॉ. रिशु, डॉ.



शगुन समेत अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन से शुरू हुए समारोह में छात्राओं ने माता सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने संबोधन में छात्रों को अतिरिक्त गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए खेलों के लाभ बताए तथा आयोजकों को बधाई दी। वित्त नियंत्रक दीपक रस्तोगी और सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ. जे.पी. सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। तत्पश्चात मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में एकत्रित अधिकारियों व छात्रों के समक्ष प्रधानाचार्य ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं समस्त संकाय सदस्यों की उपस्थिति में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट एवं सूक्ष्म जलपान उपलब्ध कराते हुए फीता काटकर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं का औपचारिक उद्घाटन किया। छात्रों ने वंदे मातरम का सामूहिक गान गाया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर रेजिडेंट डॉ. आकाश पटेल व डॉ. कृष्ण सिंह के मार्गदर्शन तथा जूनियर रेजिडेंट डॉ. सुशीला व डॉ. शिवानी की देखरेख में छात्रों ने किया। छात्रों ने मनमोहक रंगोली व आकर्षक सेल्फी स्टैंड भी बनाया। पहले दिन मुख्य रूप से 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, कैरम, चेस, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। लिपिक अभय, वार्ड बॉय सौरभ, अमन ने कार्यक्रम के आयोजन में अपने योगदान दिये।

## छह लोगों पर युवक को अपहरण कर हत्या का आरोप

- रहस्यमय ढंग से गायब युवक का मिला था बंडा में शव
- पुलिस ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद दिया रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन

**बंडा,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

दो माह पहले रहस्यमय ढंग से गायब हुए युवक की लाश शनिवार सुबह को आम के पेड़ से लटकी हुई मिली थी जिसके बाद मृतक के पिता की ओर से छह लोगों को नामजद करते हुए शनिवार शाम को तहरीर दी गई है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। साथ ही पुलिस मृतक के केस को सुलझाने के लिए कड़ी से कड़ी जोड़ने में लगी हुई है। बंडा के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी अमर सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका 28 वर्षीय पुत्र आठ दिसम्बर को अपने घर से आवारा पशुओं को भगाने की बात कहकर निकला था, जिसके बाद वह वापस घर नहीं आया। इस पर अमर सिंह अपने पुत्र राजेश की तलाश करने के लिए खेतों की तरफ चला गया जहां उसकी चप्पलें और साइकिल मिली थी जिस पर उसने बंडा पुलिस को तहरीर देकर उसी दिन गुमशुदगी दर्ज कराई थी फिर भी उसके पुत्र का कोई सुराग नहीं लगा। 14 फरवरी की सुबह उसके पुत्र राजेश का शव उसके भाई रामरहीस के खेत में खड़े आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला था। राजेश का आरोप है कि अभी हाल ही जिन व्यक्तियों से उसका जमीनी विवाद चलता आ रहा है उन्हीं छः लोगों ने उसके बेटे का अपहरण करके उसकी हत्या करके शव को पेड़ से लटका दिया है और साक्ष्य मिटाने के लिए उसके चेहरे को पहचानने योग्य नहीं छोड़ा और लाश को छिपाने के लिए आम के पेड़ पर घनी डालियों के बीच छिपा दिया। अमर सिंह का आरोप है कि कुछ महीने पहले उक्त आरोपियों ने उसके पुत्र के साथ मारपीट भी की थी और उसे गायब करने के लिए भी कहा था। राजेश उसके पिता का इकलौता पुत्र था जिसकी एक साल की बेटी भी है। वहीं पुलिस इस मामले में अभी जांच पड़ताल करने की बात कर रही है। फॉरेंसिक और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही किए जाने की बात कर रही है।

## संस्कृति कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी: डॉ. केपी

- सरस्वती ज्ञान मन्दिर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पिटारमऊ रोड स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर जू.हा. स्कूल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़ी ही धुमधाम के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष मनाया गया। प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के प्रतिनिधियों के सहयोग आप सभी के स्नेह प्यार से नन्ने मुन्ने स्कूली बच्चों ने गाजेवाजे के साथ स्वागत किया इस दौरान गीत, नृत्य नाटिका, देशभक्ति के गीत, प्रेरणापद नाटक, विभिन्न फिल्मी गीतों पर डांस सहित कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शमा बांधा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर केपी गुप्ता सर्जन शाहजहांपुर अध्यक्ष के रूप में श्री सुरेंद्र पाल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य काकोरी शहीद इंटर कॉलेज जलालाबाद विजेंद्र सिंह यादव पूर्व सदस्य जिला पंचायत श्री रामदास राठौर पूर्व सदस्य जिला पंचायत श्री कौशल दीक्षित सभासद प्रताप नगर जलालाबाद आदि भी उपस्थित रहे विद्यालय के प्रबंधक श्री भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष श्री राघवेंद्र कुमार शर्मा




कार्यक्रम के निदेशक श्री हंस कुमार सिंगर प्रधानाचार्य उपदेश कुमार पांडे पंकज शुक्ला वेद प्रकाश गरिमा चौहान रश्मि शुक्ला कविता प्रजापति नीरज मांडवी चांदनी ओमवीर कुशवाहा राहुल अनूप अंजलि तथा सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहेइसी दौरान आए हुए सभी पत्रकार बंधुओं कोअंग वस्त्र प्रतीक चिन्हफूलमाला पहनाकर प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ने सम्मानित करवाया आए हुए सभी अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## एसपी ने की जनसुनवाई, न्याय का दिया भरोसा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी राजेश द्विवेदी ने रोजाना की तरह सोमवार को कार्यालय पर जनसुनवाई की। उन्होंने एसपी कार्यालय में आए फरियादियों की शिकायतों को सुना और उन्हें न्याय का भरोसा दिया। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों का गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद संबंधित थानों के प्रभारियों को फोन कर निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उनका समय से निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कोई भी फरियादी बार-बार अपनी समस्या के लिए पुलिस थाने के चक्कर न लगाए। उन्होंने फरियादियों को भी भरोसा



दिलाया कि उनकी समस्या का जल्द निस्तारण कराया जाएगा। बतादें एसपी राजेश द्विवेदी प्रति दिन सुबह जनसुनवाई करते है और एसपी कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का सुनते है। इसके बाद संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश देते है कि उनकी समस्या का जल्द निस्तारण कराया जाए।

## राजकीय महाविद्यालय का 31वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुरू

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय महाविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। वार्षिक क्रीडा समारोह के उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार आज़ाद, प्राचार्य, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि और प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात राखी वर्मा, इशिका और नैन्सी बाथम द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा इशिका और निदा ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। अतिथियों का बैज अलंकरण डॉ. नरेश पाल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ राकेश कुमार



आज़ाद ने क्रीड़ा ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। पूर्व वर्ष की क्रीड़ा चैम्पियन छात्रा अनामिका द्वारा मशाल दौड़ सम्पन्न हुई तथा पूर्व चैम्पियन छात्र सद्दाम के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। 100 मीटर दौड़ की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा कराई गई। छात्र वर्ग में मो. नाज़िम प्रथम, उपदेश राजपूत द्वितीय तथा संचित तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में मीनाक्षी प्रथम, प्रियंका द्वितीय और अनामिका तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में सद्दाम प्रथम, मोहित यादव द्वितीय और मो नाज़िम तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में अनामिका प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय और प्रियंका तृतीय स्थान पर रहीं। उत्कृष्ट खेल-भावना के प्रदर्शन हेतु छात्रा सूबी और मधु देवी को विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. शशिभूषण द्वारा किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छाया, फरमान, संत कुमार, हिमांशी, रंजन, काजल, दानिश, उबैस, निशा, रति, मुस्कान, लक्ष्मी देवी, हुस्ना, अंजलि सैनी, पलक, स्वाती, शिल्पी, वैशाली, ज्योति, निकिता, जावेद, वंश, संचित, शोभित, कपिल शर्मा, सचिन, विशाल सक्सेना,अंकित, सिद्धार्थ, सऊद, अल्का सागर आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में प्राचार्य डॉ. सरन पाल सिंह ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं तथा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम श्री सत्यपाल गंगवार, मो काज़िम, आरिफ़, वैभव, रेनू गंगवार, नेहा मिश्रा, सोनम, विशाल शर्मा, छोटी बिटिया, आदि ने विशेष सहयोग दिया।

## 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

- बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योगा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्ण जयंती स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 39वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता में जो लगातार प्रयास करते हैं, वही सच्चे विजेता बनते हैं। सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ अपने विजय लक्ष्य को प्राप्त करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 39वीं मंडलीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना जनपद के लिए सौभाग्य की बात है और हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि बाहर से आए बच्चों और शिक्षकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यह आयोजन एक आदर्श उदाहरण बने। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में छुपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम ऐसी प्रतियोगिताएं हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से विशेष रूप से बालिकाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्काउट बैंड की मधुर धुनों के साथ अतिथियों का स्वागत किया। ग्रामीण क्षेत्र



के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, योग एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। दर्शक दीर्घा में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। प्रथम दिवस जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि बरेली मंडल के पीलीभीत, बरेली, बदायूं एवं शाहजहांपुर से लगभग एक हजार छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक व्यवस्थाओं में पूर्ण समर्पण के साथ जुटे हैं ताकि किसी भी प्रतिभागी को असुविधा न हो। प्रतियोगिता का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीलीभीत बीएसए रोशनी सिंह, बरेली बीएसए प्रतिनिधि बीईओ शेरगढ़ मुकेश कुमार, बीएसए बदायूं, बीईओ मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्या, बीईओ भावलखेड़ा विनय मिश्रा, जलालाबाद बीईओ शाहीन सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों में रविन्द्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, अंकुर त्रिपाठी, मैथिल, श्रेयस, उपेन्द्र गुप्ता, अनीस अहमद, संदीप मिश्रा, यशपाल सिंह, नितिन मिश्रा, ऋषिकांत पाण्डेय, रत्नाकर दीक्षित, वेद वर्मा, गीता सहित अनेक शिक्षक साथियों की सक्रिय भागीदारी रही। स्काउट बैंड एवं व्यवस्थाओं में स्काउट मास्टर दपिंन्दर कौर एवं गाइड निकहत परवीन का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में जिला व्यायाम शिक्षक राम प्रसाद, डॉ. विनय गुप्ता, राहुल तोमर, राजीव मिश्रा, रामदास यादव, सुनील कुमार सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। प्रथम दिवस प्राथमिक स्तर बालक एवं बालिका वर्ग की 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कुश्ती (बालक वर्ग), वालीबाल, खो-खो, हैंडबॉल, क्रिकेट एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध हालात में ई-रिक्शा चालक की मौत, परिजनों का हंगामा और सड़क जाम

**शाहजहांपुर।** महानगर के केरूगंज इलाके में सोमवार सुबह उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब 35 वर्षीय ई-रिक्शा चालक मनोज कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। बताया जा रहा है कि मनोज कश्यप, निवासी मंझई टोला (चौक कोतवाली क्षेत्र), ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार रात वह रोज की तरह ई-रिक्शा लेकर निकले थे। परिजनों के अनुसार देर रात उन्होंने अपनी पत्नी को फोन कर बताया था कि उनके साथ मारपीट की गई है। कुछ समय बाद सूचना मिली कि मनोज थाने के पास घायल अवस्था में पड़े हैं। परिजन उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने मनोज के शरीर पर चोट के निशान होने का दावा करते हुए मारपीट के बाद हत्या का आरोप लगाया। कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार सुबह केरूगंज के पास सड़क जाम कर दी गई, जिससे यातायात प्रभावित रहा। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### एकदिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ




**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज में केंद्रीय पुस्तकालय के संयोजकत्व में एकदिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ और टीचर्स रीडिंग हॉल का उदघाटन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने फीता काटकर रीडिंग हॉल और पुस्तक मेला का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस रीडिंग रूम में लगभग 4500 संदर्भ पुस्तकें, समाचार पत्र -पत्रिकाएँ तथा अद्यतन अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। जोकि अध्येताओं के ज्ञान को बढ़ाने में सहायक होगी। पुस्तक मेला 2026 की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन है, जिसका उद्देश्य छात्रों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें साहित्य व ज्ञान के विविध स्रोतों से जोड़ना है। पुस्तकालयाध्यक्ष सैयद अनीस अहमद ने बताया कि इस पुस्तक मेले में नीलकमल प्रकाश दिल्ली, प्रकाशन संस्थान दिल्ली,साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा, रामप्रसाद पब्लिकेशन आगरा,तामीर बुक डिपो, शाहजहांपुर, ध्रुव पब्लिशर बरेली, एसआरएस पब्लिशर्स दिल्ली, गुरुनानक पुस्तक भंडार शाहजहांपुर, मीनाई बुक डिपो, शाहजहांपुर, संकल्प भारत शोध न्यास शाहजहांपुर, जीएफ कॉलेज कार्नर और शाहजहांपुर कार्नर के अंतर्गत शाहजहांपुर के लेखक, कवि तथा साहित्यकारो की पुस्तकें और सम्पूर्ण भारत से प्रतिष्ठित प्रकाशकों की हिन्दी,अंग्रेज़ी एवं उर्दू भाषा में शैक्षणिक, प्रतियोगी एवं सामान्य ज्ञान संबंधी-नवीनतम पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जफरुल्ला खान,विकास कुमार,ज़हीर अहमद, शारोज़ खान, निदा, बुशरा, शाहरुख, सैयद औरंगज़ेब, शाकिर खान, डा.विनोद कुमार, श्याम शुक्ला, स्वपनिल यादव, एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी, साहित्य प्रेमी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### फरमान रज़ा के कब्जे से बरामद नशीले पदार्थ की स्मैक पाउडर की हुई पुष्टि




**तिलहर - शाहजहांपुर।** बरेली हिंसा के चर्चित मौलाना तौकीर रज़ा के बेटे फरमान राजा की हाइवे पर हुई दुर्घटना के दौरान बरामद नशीले पदार्थ की विधिविज्ञान प्रयोगशाला से पुष्टि स्मैक के रूप में हो गई है। जबकि उनके डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट अभी आना शेष है। गौरतलब है कि बीती सात जनवरी की रात हाइवे पर कच्छियानी हनुमान मंदिर के समीप रोडवेज बस से फरमान रज़ा की कार की टक्कर हो गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फरमान की गाड़ी से एक पन्नी में क्रिस्टल स्मैक तथा कुछ बूंदें भरी एक सिरेंज बरामद हुई थी। वहीं फरमान द्वारा उक्त पदार्थ के नशे में पाए जाने पर फरमान का डीएनए टेस्ट के लिए बल्ड तथा उक्त बरामद पदार्थ को पुलिस ने जांच के लिए भेज दिया था । जिसकी बरेली स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला से पन्नी तथा सिरिंज में स्मैक पाउडर होने की पुष्टि की रिपोर्ट आई है। जबकि बल्ड टेस्ट की जांच रिपोर्ट मुरादाबाद प्रयोगशाला से अभी आना अभी शेष है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि फरमान की गाड़ी से बरामद नशीले पदार्थ की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कुल मिलकर उक्त जांच रिपोर्ट में स्मैक की पुष्टि होने से फरमान की मुश्किलें बढ़ना स्वाभाविक है।

### पैरामेडिकल छात्रों का चार दिवसीय प्रीमोडियल स्पोर्ट्स फेस्ट शुरू



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के जिग्नेरा परिसर स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसायटी के पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पैरामेडीकल इंस्टीट्यूट में स्वास्थ्य एवं देखभाल पाठ्यक्रम बैच 2025 के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट प्रीमोडियल का सोमवार को प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सरोज कुमार, वित्त नियंत्रक दीपक रस्तोगी, डा. नीरा गोयल, डीन डा. विशाल प्रकाश गिरि, डा. राणा प्रताप, डा. अमित सक्सेना, डा. जय प्रकाश सिंह, डा. मनीष, डा. विभोर जैन, डा. किरण, डा. रिशु, डा. शगुन समेत अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए समारोह में छात्राओं ने माता सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने संबोधन में छात्रों को अतिरिक्त गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए खेलों के लाभ बताए तथा आयोजकों को बधाई दी। वित्त नियंत्रक दीपक रस्तोगी और सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डा. जेपी सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। तत्पश्चात मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में एकत्रित अधिकारियों व छात्रों के समक्ष प्रधानाचार्य ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं समस्त संकाय सदस्यों की उपस्थिति में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट एवं सूक्ष्म जलपान उपलब्ध कराते हुए फीता काटकर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं का औपचारिक उद्घाटन किया। छात्रों ने वंदे मातरम का सामूहिक गान गाया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर रेजिडेंट डा. आकाश पटेल, डा. कृष्ण सिंह के मार्गदर्शन तथा जूनियर रेजिडेंट डा. सुशीला, डा. शिवानी की देखरेख में छात्रों ने किया। छात्रों ने मनमोहक रंगोली व आकर्षक सेल्फी स्टैंड भी बनाया। पहले दिन मुख्य रूप से 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, कैरम, चेस, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। लिपिक अभय, वार्ड बॉय सौरभ, अमन ने कार्यक्रम के आयोजन में अपना योगदान दिया।

### भारत परिषद ने खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिए गए ज्ञापन पर नहीं हुई कार्रवाई

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी संगठन के पदाधिकारीयों ने संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में ज्ञापन देखकर जांच की मांग की थी। भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी संगठन भारत परशुरामपुरी शाहजहांपुर द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्माणाधीन कोलाघाट ब्रिज पर सेतु निगम द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार कर मानक की विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है आपको बता दे की 166 करोड़ 83 लाख 22000 की लागत से कोलाघाट विज्र का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतुनिगम लिमिटेडसेतु निर्माण इकाई शाहजहांपुर द्वारा किया जा रहा है निर्माण कार्य के दौरान लगभग 15 लाख की लागत से बने पिलर जो मानव के अनुरूप न होने कारण क्षति ग्रस्त होकर टूट रहे हैं। 27 दिसंबर 2025 को गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया जिनकी जानकारी संगठन के पदाधिकारियों को जानकारी मिली सेतु निगम की डिप्टी मैनेजर से जानकारी के लिए कई बार संपर्क किया परंतु जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई इससे पूर्व बने कोलाघाट पुल के इसी तरह मानक के विपरीत कार्य के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था जिन कारण क्षेत्र वासियों को कई महा काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था अब पुनः कोलाघाट ब्रिज के निर्माण कार्य मे मानक के अनुरूप कार्य न होने के कारण हुआ क्षतिग्रस्त हुआ 27 दिसंबर 2025 जिनकी जानकारी कोलाघाट पुल के कॉन्टैक्टर अनिल गुप्ता से प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरी शंकर त्रिवेदी 3 जनवरी .2026 को 8853460381 अपने दूरभाष न से 9997770728 पर कॉल की तो उक्त ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम क्या ठेकेदार हो चुपचाप अपना कार्य करो ऐसे ही टूटेंगे पिलर मेरा काम बनवाने का है टूटे या ना रहे जब वहां के लोगों ने पूछा गया बहा के लोगों ने बताया कि टूटे पिलर को तुरंत 8 .9 फीट गहरे गड्ढे में दवा दिया गया जिसके सभी एविडेंस प्रदेश मीडिया प्रभारी भारत परिषद व इंडिया खास न्यूज़ के पास वीडियो व आडियो के साथ उपलब्ध हैं तथा श्रीमान जी से निवेदन है कि निर्माण कार्य रुकवा कर निर्माण में प्रयोग हो रही सामग्री कि जांच करवाने की मांग की। उत्तर प्रदेश सरकार के मानसा के अनुरूप कार्य हो सके औरबड़ी घटना होने से बच सकेइस स्थिति में अगर पुल का निर्माण होता है तोजनता के साथ कभी भी अनहोनी होगी जिसकी जिम्मेदारी सेतु निगम के अधिकारियों की होगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जीएफ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन डा. रज़ा रसूल के नेतृत्व में मऊ खालसा गांव के प्राइमरी स्कूल में आयोजित शिविर के प्रथम सत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसएमसी-पीसीआई मोहम्मद शमीम ने बताया की फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसका बचाव ही इसका इलाज है।इसके सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करना ही निदान है।कार्यक्रम अधिकारी डा. समन ज़ेहरा ज़ैदी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय दिलाज़ाक में चल रहे द्वितीय छात्रा इकाई के शिविर की शुरुआत सरस्वती वंदना और लक्ष्य गीत से हुआ।प्रथम सत्र का विषय ÷नशा मुक्ति÷ रहा स्वयंसेवी छात्राओं ने रैली निकाली और स्लोगन लिखे हुए प्ले कार्ड हाथ में लेकर दिलाज़ाक मुहल्ले के लोगों को तंबाकू, गुटका, सिगरेट आदि का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया और दुकानदारों को तंबाकू न बेचने के लिए भी आग्रह किया।उन्होंने लोगों को धूम्रपान से होने वाली जानलेवा बीमारियां जैसे कैंसर, हृदय रोग,फेफड़ों की गंभीर बीमारियों के विषय से अवगत कराया।कार्यक्रम अधिकारी डा. निज़ामुद्दीन खान की देख- रेख में कम्पोज़िट विद्यालय दिलाज़ाक में चल रहे छात्र-छात्रा की मिश्रित इकाई के प्रथम सत्र में फाइलेरिया उन्मूलन के अंतर्गत एसएमसी-पीसीआई मोहम्मद शमीम ने स्वयंसेवियों को बताया कि साफ-सफाई एवं जागरूकता फैलाकर इससे बचा जा सकता है। तदोपरांत स्वयंसेवियों की जिज्ञासा को शांत करने हेतु उनके प्रश्नों के उत्तर दिए जिसमें अनेक रोचक तथ्य सामने आए। अंत में स्वयं सेवियों ने स्लोगन ,पोस्टर तथा नारे आदि लगाते हुए ÷फाइलेरिया मुक्त शाहजहांपुर÷ पर एक रैली निकाली साथ ही लोगो को फाइलेरिया बीमारी से निजात पाने के लिए के लिए जागरूक किया। द्वितीय सत्र में तीनों इकाइयों के स्वमंसेवियों ने पुस्तकें हमारी मार्गदर्शिका के अन्तर्गत जी एफ़ कॉलेज में आयोजित एकदिवसीय पुस्तक मेले का भ्रमण किया,जिसमें स्वयंसेवियों को नीलकमल प्रकाश दिल्ली, प्रकाशन संस्थान दिल्ली, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा, रामप्रसाद पब्लिकेशन आगरा, तामीर बुक डिपो,शाहजहांपुर, ध्रुव पब्लिशर बरेली, एसआरएस पब्लिशर्स दिल्ली, गुरुनानक पुस्तक भंडार शाहजहांपुर, मीनाई बुक डिपो, शाहजहांपुर, संकल्प भारत शोध न्यास शाहजहांपुर, जीएफ कॉलेज कार्नर और शाहजहांपुर कार्नर के अंतर्गत शाहजहांपुर के लेखक, कवि तथा साहित्यकारो की पुस्तकें और सम्पूर्ण भारत से प्रतिष्ठित प्रकाशकों की हिन्दी,अंग्रेज़ी एवं उर्दू भाषा में शैक्षणिक, प्रतियोगी एवं सामान्य ज्ञान संबंधी- नवीनतम पुस्तकों को देखने का मौका मिला। शिविर को सम्पन्न कराने में विशेष रूप से रोहित, सूरज, अनुपम, रूद्र, श्रद्धा सिंह, साक्षी, काजल, सदफ, इकरा, इंशा और अमृत भारतीय आदि का विशेष योगदान रहा।

## आशाओं का पांचवें दिन प्रदर्शन, एमओआईसी पर धमकी के आरोप

- सीएचसी कैंटीन कागजों में, गर्भवती महिलाओं को नहीं मिलता गर्म पानी

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं और बकाया मानदेय को लेकर सोमवार को पांचवें दिन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सीएचसी प्रभारी और बीसीपीएम पर गंभीर आरोप लगाए, जिनमें धमकी देना और कैंटीन संचालन में धांधली शामिल है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सीएचसी प्रभारी और बीसीपीएम उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं करते और अस्पताल आने पर अक्सर गायब रहते हैं। आशा कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर धमकी भी दी जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कैंटीन केवल कागजों में चल रही है और अक्सर उस पर ताला लगा रहता है। अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं को खाने में कुछ नहीं मिलता, और उन्हें गर्म पानी के लिए भी 20 रुपये देने पड़ते हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि रात में भर्ती मरीजों को किसी भी आवश्यक वस्तु के लिए एक किलोमीटर दूर सड़क पर जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा बना रहता है। प्रदर्शन के दौरान खुशबू मिश्रा, पुष्पा, सीमा, रेनू, आशा देवी, कुसमा देवी, योगेश्वरी, आरती, विमल, प्रीति, मुन्नी देवी और मंजू लक्ष्मी सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहम्मद सज़र ने अपने ऊपर लगाए गए धमकी के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं का पूरी तरह सहयोग किया जा रहा है। बकाया मानदेय के संबंध में, उन्होंने बताया कि जिन आशाओं को समस्या आ रही है, उनसे बिल वाउचर और बैंक स्टेटमेंट लाने को कहा गया है। अस्पताल में संचालित कैंटीन के बारे में डॉ. सज़र ने बताया कि उन्होंने डॉ. शैलेंद्र को नोडल नामित किया है, जो खाने की गुणवत्ता आदि की जांच करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी समस्या होने पर भुगतान रोका जाएगा।

## पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार

- दोनों तस्करों के पास से 6 किलोग्राम और डोडा हुआ बरामद



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 किलो डोडा पोस्ता और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अरविन्द सक्सेना और अखिलेश राठौर उर्फ नन्हे के रूप में हुई है। दोनों को कसारी पेट्रोल पम्प के पास से संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि अरविन्द सक्सेना का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना जलालाबाद पुलिस ने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।


### कार्यालय ग्राम पंचायत विरिया मकरंदपुर वि.क्षे. मदनापुर, शाहजहांपुर

**कोटेशन टेंडर**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विरिया मकरंदपुर वि.ख. मदनापुर शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती है। जिसमें प्रथम श्रेणी ईट, रेता, बजरी, सीमेंट, सरिया, इंटरलाकिंग ईट, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | पुलिया से सुरेश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | लं.-74 मीटर | 398570रु. |
| 2. | रामचंद्र धोबी के मकान से सोनू सिंह के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण। | लं. 75 मीटर | 3998250 |

प्रधान — सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत मथाना मकरंदपुर वि.क्षे. मदनापुर, शाहजहांपुर

**कोटेशन टेंडर**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विरिया मकरंदपुर वि.ख. मदनापुर शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती है। जिसमें प्रथम श्रेणी ईट, रेता, बजरी, सीमेंट, सरिया, इंटरलाकिंग ईट, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | पीएम श्री स्कूल से एमडीएम रोड निर्माण कार्य। | 269432 |
| 2. | ग्राम पंचायत मथाना में पीएम श्री स्कूल गेट व बाउंड्रीबाल निर्माण कार्य। | 2440002 |

पूनम देवी, प्रधान — पंकज गंगवार, सचिव


## कैशोपुर पंचायत से 60 आवारा पशु पकड़कर कंजरी निरंजनपुर गौशाला भेजे गए

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



पूरनपुर विकास खंड अंतर्गत कैशोपुर ग्राम पंचायत में सोमवार को बड़ी कार्रवाई हुई। यहां सड़कों पर घूम रहे लगभग 60 आवारा पशुओं (मुख्यतः गौवंश) को ग्राम पंचायत के स्तर पर सफलतापूर्वक पकड़वाया गया और उन्हें ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से कंजरी निरंजनपुर स्थित गौशाला में सुरक्षित पहुंचा दिया गया।यह कार्रवाई पूरनपुर खंड विकास अधिकारी के स्पष्ट आदेश पर हुई। ग्राम पंचायत सचिव राहुल कनौजिया और ग्राम पंचायत प्रधान कृपा शंकर प्रजापति ने स्थानीय ग्रामीणों के पूर्ण सहयोग से इस अभियान को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से पशुओं को पकड़ने और उन्हें ट्रांसपोर्ट करने में मदद की, जिससे पूरा ऑपरेशन सुचारु रूप से संपन्न हुआ।इस सफलता से कैशोपुर गांव के किसानों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से आवारा पशु खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे, जिससे किसानों को परेशानी हो रही थी। अब इन पशुओं के हटने से खेती-किसानी में सुविधा होगी और फसलों को होने वाले नुकसान पर भी अंकुश लगेगा।प्रधान कृपा शंकर प्रजापति ने बताया कि खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई और ग्रामीणों की भागीदारी से यह कार्य संभव हो सका। सचिव राहुल कनौजिया ने भी कहा कि गौशाला में इन पशुओं की उचित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी।स्थानीय लोग इस पहल की सराहना कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि अन्य पंचायतों में भी इसी तरह के अभियान चलाए जाएं, ताकि आवारा पशुओं की समस्या से पूरे क्षेत्र को निजात मिल सके।


### क्षेत्र पंचायत मदनापुर वि.ख. मदनापुर, शाहजहांपुर

**कोटेशन टेंडर**

सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत मदनापुर शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्मे संपर्क कर सकती हैं, जिसमें प्रथम श्रेणी ईट, खंडजा ईट, रेता, बजरी, सीमेंट, सरिया, इंटरलाकिंग ईट, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | प्राक्कलन धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत करनपुर पड़री में सौरभ के खेत से धौरेरा गांव तक खडंजा कार्य व मिटटी कार्य। | 570 मीटर | 998560.45 रु. |

खंड विकास अधिकारी
मदनापुर, शाहजहांपुर


## हाइवे पर काल बनकर घूम रहे आवारा पशु

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के सभी हाइवे पर आवारा पशुओं का झुंड काल बनकर घूम रहा है। सड़क पर इनके जहां तहां बैठने से आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। वहीं पशुओं की भी मौते हो रही है। दिन हो या रात आवारा पशुओं के हाइवे पर झुंडों ने राहगीरों की मुसीबतें बढ़ा दी है। यह हाल सड़कों के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी है। जिसकी जानकारी प्रशासन को भी है। लेकिन प्रशासन इस मामले की चुप्पी साधे है। पिछले कई वर्षो से आवारा पशुओं का आतंक देखने को मिल रहा है। क्योंकि किसानों ने अपनी गायों और सांडो को आवारा छोड़ दिया। अब ये आवारा पशु शाम होते ही हाइवे पर जुटने लगते है। मौसम ठंडा होने पर यह सड़क पर जहां तहां झुंड में बैठ जाते है। ऐसे में राहगीरों को अपने वाहन निकलने में परेशानी होती हैं। कई बार आवारा पशु जाम का कारण भी बनते है। पिछले कुछ दिनों में पशुओं के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है। और वहीं ट्रकों की चपेट में आने से पशुओं की भी मौत हो जाती है। इस बात को गम्भीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के आला अधिकारियों को आवारा पशुओं को पकड़बाकर गौशालाओं में भिजबाने का आदेश दिया गया है लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन इन्हें पकड़ने के लिए कोई कदम नही उठा रहा है।

### महाशिवरात्रि पर न्यूरिया में भंडारे का आयोजन



**पीलीभीत।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर न्यूरिया क्षेत्र के बिथरा अड्डे स्थित शिव मंदिर में हर वर्ष की तरह भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारे में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने भाग लिया और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर लोगों ने बड़े चाव से भोजन किया और भगवान शिव की जय-जयकार की। भंडारे का आयोजन शिव मंदिर समिति द्वारा किया गया था। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस भंडारे का उद्देश्य भगवान शिव की भक्ति और एकता को बढ़ावा देना है। भंडारे में आए लोगों ने कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था और उन्हें भगवान शिव की कृपा का अनुभव हुआ। उन्होंने समिति को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा की। भंडारे में लगभग 2000 लोगों ने भाग लिया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आयोजन किया गया । भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई। भंडारे का आयोजन सुबह 2 बजे से प्रभु इच्छा तक चला। कार्य प्रधान युवा व्यापारी सतीश कुमार श्री साईं टेलीकॉम की तरफ से और बिथरा अड्डे के समस्त व्यापारी डॉ दया नंद दिवाकर, कमल कुमार, उत्कर्ष,वंश रवींद्र कुमार, राकेश कुमार गुड्डू, उमा चरन ने शिव मंदिर समिति के सदस्यों ने लोगों से अपील की है कि वे भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लें और भगवान शिव की भक्ति को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य भगवान शिव की कृपा को सभी तक पहुंचाना है।


### कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी मदनापुर, शाहजहांपुर

**स्वीकृति क्रमांक/मनरेगा/वित्तीय स्वीकृति 2023-2024** — दिनांक

**आदेश**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत कार्यदायी संस्था क्षेत्र पंचायत मदनापुर विकास खण्ड मदनापुर शाहजहांपुर की ग्राम सभा की खुली बैठक में अनुमोदित प्रस्ताव/ कार्य योजना के भाग पंचायत में निर्माण कार्य कराये जाने के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु प्राक्कलन के क्रम में निम्नांकित कार्य की वित्तीय स्वीकृति निम्न प्रतिबंधी के अंतर्गत प्रदान की जाती है।

1. स्वीकृति कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के मार्ग निर्देशों के अनुरूप कराया जायें।
2. स्वीकृति धनराशि में से श्रमास को रू. 244129.82 अनिवार्य क्रम श्रमांश के रूप में ही व्यय की जाये और श्रमिकों को रू 252 प्रतिदिन के दर से मजदूरी भुगतान किया जायेगा। किसी भी जाब कार्ड धारक के परिवार को वर्ष में 100 दिवस से अधिक रोजगार नहीं दिया जायें आधार अन्यथा की स्थिति में वसूली की जायेगी।
3. कार्य जॉबकार्ड धारक, श्रमिक से ही कराया जायें एवं उसे प्राप्त होने वाली मजदूरी/ रोजमरा दिवसों का आंकलन उसके जॉबकार्ड में अनिवार्य रूप से किया जाये।
4. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, मध्य तथा कार्य की समाप्तिपर आवश्यक फोटोग्राफ लेकर कार्य पूर्ति प्रमाण-पत्र के साथ कार्यालय में पत्रावली भुगतान हेतु अनिवार्य रुप से जमा की जाये।
5. श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक रूप से उसके खातों के माध्यम से करने हेतु पत्रावली समय से प्रस्तुत किये जाने का उत्तरदायित्व ग्राम पंचायत का होगा।
6. कार्य प्रारम्भ एवं कार्य के अंतिम चरण का भुगतान निगरानी समिति की बैठक की संस्तुति पर ही किया जायेगा (बैठक कार्यवाही की प्रति कार्यालय में पत्रावली के साथ प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
7. निर्माण तकनीकी सराहक/ अवर अभियंता की देखरेख में कराया जाये एवं एम.बी. साप्ताहिक/रंनिग की जाये।
8. महात्मा गांधी रा.ग्रा.रो.गा.यो. के अंतर्गत स्वीकृति कार्यों को किसी भी प्रकार की मशीन/ठेकेदारी प्रथा से कराया जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंन्धित है।
9. कार्य स्थल पर नोटिस बोर्ड / सूचना पट लगवाकर कार्य से सम्बंधित सभी सूचनाओं पर प्रदर्शन किया जाये।
10. सृजित होने वाली परिसम्पत्ति को परिसम्पत्ति रजिस्टार पर अनिवार्य रूप से अंकन किया जाये तथा उसके रखरखाव का दायित्व सम्बंधित कार्यदायी संख्या का होगा।
11. निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का क्रय शासन द्वारा निर्धारित स्टोर परचेज/आपूर्ति टेण्डर नियमों के अनुसार किया जायेगा।
12. प्रदत्त धन के सापेक्ष मस्टर रोल/व्यय बाउचर/ एम.मी. तथा कार्य पूत्ति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
13. भरे गये मस्टर सेल के व्यय बाउचर की एम.आई.एस. फीडिंग साप्ताहिक रूप से करायी जानी अनिवार्य है।
14. ग्राम पंचायत में अनुमोदित बम बमट/कार्ययोजना के समतुल्य ही कार्य कराया जाये एवं स्वीकृति कार्य अविलम्ब इसी वर्ष में पूर्ण कराया जायें ।
15. ग्राम पंचायत में श्रम व सामिग्री अनुपात (60:40) अवश्य रूप से बनाये रखा जाये।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य यो.क्रम | कार्य की माप | प्राक्कलन धनराशि | स्वीकृति धनराशि | | | सृजित किये जाने वाले मानव दिवस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | श्रमांस | सामिग्री | कुल | |
| 1. | ग्राम पंचायत करनपुर पहरी में सौरभ के खेत से धौरैश गांव तक खडंजा व मिट्टी कार्य | 34 | 570 मीटर | 998560.45 रूपये | 244129.83 रूपये | 754430.62 रूपये | 998560.45 रूपये | 968 NOS |

कार्यक्रम अधिकारी/खंड विकास अधिकारी
मदनापुर, शाहजहांपुर

## आपात हवाई पट्टी जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में, पूर्वोत्तर की, प्रथम आपात हवाई पट्टी पर सी–130 जे विमान से लैंडिंग की, तो वह प्रथम विश्व नेता, प्रथम शासनाध्यक्ष बन गए। यह कीर्तिमान बड़ी उपलब्धि है, बहुअर्थी है। हमारे राफेल, सुखोई–30 और तेजस लड़ाकू विमानों ने भी आपात हवाई पट्टी को छुआ और फिर वे उड़ गए। यह 40 मिनट का युद्धाभ्यास वहां से 200 किलोमीटर दूर चीन ने भी देखा होगा और विश्व के कई देश चौकन्ने हुए होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई पट्टी का औपचारिक उद्घाटन किया और वह युद्धाभ्यास के साक्षी भी बने। दुनिया के सर्वप्रथम प्रधानमंत्री की यह लैंडिंग सिर्फ चुनावी, राजनीतिक नेरेटिव ही नहीं है, बल्कि यह युद्धाभ्यास हमारी रक्षा तैयारियों, सामरिक शक्ति, प्रौद्योगिकी सक्षमता और बेशक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच का प्रदर्शन भी है। आत्मनिर्भर भारत की अभिव्यक्ति भी है। यह वायु रक्षा मोर्चेबंदी और आपात हवाई पट्टी इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि युद्ध की शैली बदलती जा रही है। अब दुश्मन सबसे पहले वायुसेना बेस, अड्डों और ठिकानों पर हमले कर दुश्मन देश की वायुसेना को विकलांग करता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरबेसों पर हमले कर उन्हें ध्वस्त कर दिया था। एयरबेसों में गहरे गड्ढे कर दिए थे। बहुत कुछ मिट्टी–मलबा हुआ था। बताया जाता रहा है कि हमारे विमानों ने दुश्मन के 9 एयरबेस, रडार, अवॉक्स सिस्टम आदि ऐसे तबाह किए थे कि वहां से वायुसेना ऑपरेशन को करना और एयरबेस को युद्ध के लिए हमलावर बनाने में लंबा वक्त लगेगा। हालांकि चीन के साथ हमारे संबंध बदल और सुधर रहे हैं, लेकिन चीन एक प्रतिद्वंद्वी, अविश्वसनीय देश रहा है, लिहाजा भारत में ही सत्ता और सियासत का एक वर्ग उसे 'दुश्मन नंबर वन' मानता रहा है। बहरहाल 4.2 किमी लंबी यह हवाई पट्टी, राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर, 100 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई है। इस पर 40 टन के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे। यहां से 74 टन के परिवहन विमान भी ऑपरेट किए जा सकेंगे। युद्ध या किसी भी आपात स्थिति में बचाव और सैन्य ऑपरेशन तुरंत संभव हो सकेंगे। उप्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भी आपात हवाई पट्टी बनाई गई थी। वहां भी प्रधानमंत्री ने लैंडिंग की थी। दरअसल ऐसी सामरिक तैयारियां दर्शाती हैं कि भारत में रक्षा उत्पादन और सैन्य रणनीति की दुनिया ही बदल चुकी है। बेशक 2026–27 के बजट में 7.85 लाख करोड़ रुपए रक्षा मंत्रालय को आवंटित करना एक राष्ट्रीय, सालाना औपचारिकता हो सकती है, लेकिन भारत का अपना रक्षा उत्पादन 2024–25 में 1.54 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहा, जो एक कीर्तिमान है और 2014–15 की तुलना में 174 फीसदी अधिक है। भारत ने 23622 करोड़ रुपए के ब्रह्मोस मिसाइल, डोर्नियर–228 विमान, बुलेटप्रूफ जैकेट, चेतक हेलीकॉप्टर, हल्के टॉरपीडो, इंटरसेप्टर नौकाएं और गोला–बारूद आदि 100 से अधिक देशों को निर्यात किए हैं। अमरीका और फ्रांस सरीखे देश भी हमारे रक्षा–सामान के खरीददार हैं। क्या यह सामरिक रूप से आत्मनिर्भर होते भारत का बिंब नहीं है? युद्धाभ्यास में जिस तेजस लड़ाकू विमान ने भी हिस्सा लिया, वह स्वदेशी, भारतीय विमान है। अब देश में राफेल लड़ाकू विमान के 60 फीसदी कल–पुरजे, उपकरण आदि का निर्माण और उत्पादन भी भारत में ही होगा। यह फ्रांस के साथ 114 राफेल विमानों के नए करार में निहित है, लिहाजा 96 राफेल विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। शेष 18 विमान फ्रांस से निर्मित होकर आएंगे। भारत ने 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए तक रक्षा उत्पादन को बढ़ाने और निर्यात को 50,000 करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। इस बार बजट में 2.19 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत बजट भी रखा गया है, ताकि हथियारों, मिसाइलों, विमानों, ड्रोन और सेनाओं की अन्य शक्तियों आदि का पर्याप्त आधुनिकीकरण किया जा सके। उन्हें मजबूती दी जा सके। गौरतलब यह है कि घरेलू रक्षा उत्पादन बढ़ने से आयात पर निर्भरता कम हुई है। इस तरह 16,000 से अधिक लघु, सूक्ष्म, मध्यम उद्यमों को रक्षा उत्पादन क्षेत्र में जोड़ा जा सका है। बेशक भारत रक्षा उत्पादन में भी एक महाशक्ति बनता जा रहा है।

# बंगाल में 'दुर्गा आंगन', 'बाबरी मस्जिद' और 'घुसपैठिए' की राजनीति

*शैलेश कुमार*

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले धर्म ध्वजा फहराने की कवायद तेज हो गई है। आर.एस.एस. के सौ साल पूरा होने के अवसर पर राज्य भर में होने वाले हिंदू सम्मेलन को भाजपा हिंदू मतदाताओं को एकजुट करने के विशेष अवसर और चुनाव अभियान की तरह इस्तेमाल कर रही है। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंदुत्व के मोर्चे को भाजपा के लिए खुला नहीं छोड़ा है।

पिछले दिसम्बर में कोलकाता के न्यू टाऊन में विशाल 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास करके उन्होंने हिंदू मतदाताओं को भाजपा के खेमे में खिसकने से रोकने की जो बड़ी पहल शुरू की थी, उसे बंगाली अस्मिता से जोडने के अभियान पर लगातार आगे बढ़ा रही हैं।

तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' का शिलान्यास करके ममता के सामने एक नई चुनौती जरूर खड़ी कर दी है और भाजपा इसे भी भुनाने की कोशिश में जुट गई है। बंगाल की राजनीति में इस समय कई सवाल गूंज रहे हैं। क्या हिंदू सम्मेलन और हुमायूं कबीर के बहाने भाजपा राज्य के 70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं को ममता के खिलाफ खड़ा कर पाएगी? क्या हुमायूं कबीर और अन्य मुस्लिम पाष्टियां मुस्लिम मतदाताओं को बांटने में सफल हो पाएंगी? या फिर अल्पसंख्यकों की रक्षा और दुर्गा आंगन की मशाल लेकर ममता एक बार फिर से जीत का झंडा फहराने में सफल होंगी?

ममता इस समय कई मोर्चों पर जूझ रही हैं। एस.आई.आर. यानी विशेष मतदाता सूची सर्वेक्षण में मुसलमानों और अत्यंत गरीब लोगों का नाम कटने के मुद्दे पर उनके कार्यकर्त्ता बूथ स्तर पर लड़ रहे हैं और वह खुद सुप्रीम कोर्ट तक हाजिरी लगा चुकी हैं। बिहार, जहां एस.आई.आर. की शुरुआत हुई या फिर अन्य राज्य, जहां यह प्रक्रिया अभी चल रही है, वहां बंगाल जैसी जुझारू लड़ाई दिखाई नहीं दे रही। भाजपा का अभियान चार मुद्दों पर केंद्रित है। 'बंगाल में हिंदू खतरे में है', भाजपा का मुख्य अभियान इसी नारे पर केंद्रित है।

बंगाली हिंदुओं को बताया जा रहा है कि मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। बंगलादेश की सीमा से लगे कुछ जिलों, जहां मुस्लिम आबादी 50 फीसदी या ज्यादा है, का उदाहरण देकर बताया जा रहा है कि बंगाली हिंदू जल्दी ही राज्य में अल्पसंख्यक हो जाएंगे। बंगलादेश से अवैध घुसपैठ का शोर मचाकर हिंदुओं की चिंता बढ़ाने की कोशिश हो रही है। आर.जी. कार मैडीकल कालेज में एक डॉक्टर से बलात्कार का उदाहरण देकर बताया जा रहा है




**बंगाल में अधूरे विकास की कहानी लगभग हर जिले में दिखाई देती है। टाटा के नैनो कार प्रोजैक्ट को राज्य से बाहर खदेड़ कर 2011 में सत्ता में आई ममता बनर्जी 15 सालों में राज्य के विकास को पटरी पर नहीं ला पाई हैं। रोजगार के लिए पलायन करने वाले राज्यों में बंगाल शीर्ष पर है। कई राज्यों में उन्हें बंगलादेशी बताकर लगातार अपमानित और उत्पीड़ित किया जाता है। राज्य में रोजगार बढ़ नहीं रहा क्योंकि विकास के लिए राज्य के पास पैसा नहीं है। ममता इसके लिए भी केंद्र को दोषी ठहराती हैं। उनका आरोप है कि केंद्र उन्हें विकास के लिए पर्याप्त पैसा नहीं दे रहा।**

**पिछले साल 15 सालों में बंगाल की राजनीति में बहुत कुछ बदल गया है। करीब तीस वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद सी.पी.एम. और वामपंथी दल इस तरह हाशिए पर पहुंचे कि 2021 के चुनावों में उनका खाता भी नहीं खुला। वाम दलों से पहले करीब 25 सालों तक सत्ता संभालने वाली कांग्रेस भी सिर्फ नाम के लिए बची है। भाजपा का उदय ममता के सत्ता में आने के बाद ही हुआ और सी.पी.एम. तथा कांग्रेस को पीछे धकेल कर राज्य में दूसरी बड़ी पार्टी बन गई। भाजपा इस बार बंगाल में राम का नाम नहीं ले रही। 2021 के चुनाव में ममता ने राम के मुकाबले में दुर्गा शक्ति को खड़ा कर दिया था। इस बार भाजपा का मुद्दा है बंगलादेशी घुसपैठिए और हिंदू के अल्पसंख्यक हो जाने का खतरा। ममता, दुर्गा की मशाल थाम कर भी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, बंगाली अस्मिता और स्वाभिमान के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश में हैं।**

कि बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं। चौथा मुद्दा भ्रष्टाचार का है। शिक्षक भर्ती घोटाला जैसे मामले इसके उदाहरण के रूप में पेश किए जा रहे हैं। ममता सी.बी.आई. और ई.डी. जैसी केंद्र सरकार की एजैंसियों से सीधे टक्कर ले रही हैं। चुनाव में हिंदू-मुस्लिम मुद्दा बन जाए तो भाजपा फायदे में रह सकती है। लेकिन ममता आसानी से ऐसा होने देने के मूड में नहीं हैं। लेकिन उनके सामने मुस्लिम वोटों का बंटवारा एक बड़ी चुनौती है। मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाने की पहल से मुस्लिम मतदाताओं के बीच हुमायूं कबीर की लोकप्रियता बढ़ी है।

वैसे हुमायूं मुसलमानों के कोई प्रतिष्ठित नेता नहीं रहे हैं। पिछला विधानसभा चुनाव उन्होंने तृणमूल के टिकट पर जीता था। 2019 में वह भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ कर तीसरे नंबर पर रहे थे। टी.एम.सी. से निकाले जाने के बाद उन्होंने अलग जनता उन्नयन पार्टी (जे.यू.पी.) बना ली है और 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं। एक अन्य मुस्लिम नेता नौशाद सिद्दीकी अपनी पार्टी इंडियन सैक्युलर फ्रंट (आई.एस.एफ) को वाम दलों से समझौता करके चुनाव मैदान में उतारने की कोशिश में हैं। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ए.आई.एम.आई.एम. इस बार सौ से ज्यादा सीटों पर दाव खेलने की तैयारी में है। इसके अलावा भी 5-6 मुस्लिम नेता छोटी-छोटी पार्टियां बनाकर चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं।

राज्य में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 30 प्रतिशत है। पिछले चुनावों में ममता को मुस्लिम मतदाताओं का एकतरफा समर्थन मिला था। इसके बूते पर ही उनके पास आज 223 सीटें हैं। भाजपा की 65 सीटों पर जीत भी एक बड़ी बात थी क्योंकि बंगाल में भाजपा कभी भी मजबूत पार्टी नहीं थी। 2021 में सी.पी.एम. और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल पाया था।

भाजपा को 2014 के लोकसभा चुनाव में 2, 2019 में 18 और 2024 में 12 सीटें मिली थीं। 2021 के विधानसभा चुनाव में टी.एम.सी. को करीब 48 प्रतिशत और भाजपा को 38 प्रतिशत वोट मिला था। जाहिर है कि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होने पर टी.एम.सी. की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसलिए ममता अपना हिंदू कार्ड बहुत सावधानी से खेल रही हैं। कोलकाता की सांस्कृतिक पहचान, चौरंगी से वी.आई.पी. रोड होकर एयरपोर्ट की तरफ जाने वाले रास्ते में कई जगहों पर मैट्रो रेल का अधूरा काम दिखाई देता है। यह प्रोजैक्ट कई वर्षों से घिसट-घिसट कर चल रहा है। काम थोड़ा आगे बढ़ता है, फिर महीनों तक रुक जाता है।

बंगाल में अधूरे विकास की कहानी लगभग हर जिले में दिखाई देती है। टाटा के नैनो कार प्रोजैक्ट को राज्य से बाहर खदेड़ कर 2011 में सत्ता में आई ममता बनर्जी 15 सालों में राज्य के विकास को पटरी पर नहीं ला पाई हैं। रोजगार के लिए पलायन करने वाले राज्यों में बंगाल शीर्ष पर है। कई राज्यों में उन्हें बंगलादेशी बताकर लगातार अपमानित और उत्पीड़ित किया जाता है। राज्य में रोजगार बढ़ नहीं रहा क्योंकि विकास के लिए राज्य के पास पैसा नहीं है। ममता इसके लिए भी केंद्र को दोषी ठहराती हैं। उनका आरोप है कि केंद्र उन्हें विकास के लिए पर्याप्त पैसा नहीं दे रहा।

पिछले साल 15 सालों में बंगाल की राजनीति में बहुत कुछ बदल गया है। करीब तीस वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद सी.पी.एम. और वामपंथी दल इस तरह हाशिए पर पहुंचे कि 2021 के चुनावों में उनका खाता भी नहीं खुला। वाम दलों से पहले करीब 25 सालों तक सत्ता संभालने वाली कांग्रेस भी सिर्फ नाम के लिए बची है। भाजपा का उदय ममता के सत्ता में आने के बाद ही हुआ और सी.पी.एम. तथा कांग्रेस को पीछे धकेल कर राज्य में दूसरी बड़ी पार्टी बन गई। भाजपा इस बार बंगाल में राम का नाम नहीं ले रही। 2021 के चुनाव में ममता ने राम के मुकाबले में दुर्गा शक्ति को खड़ा कर दिया था। इस बार भाजपा का मुद्दा है बंगलादेशी घुसपैठिए और हिंदू के अल्पसंख्यक हो जाने का खतरा। ममता, दुर्गा की मशाल थाम कर भी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, बंगाली अस्मिता और स्वाभिमान के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश में हैं।

विचार

# मणिशंकर अय्यर के बयानों से अब कांग्रेस में हंगामा



*अजय कुमार*

केरल चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। शशि थरूर का मामला अभी सुलझा भी नहीं पाया था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने नया विवाद खड़ा कर दिया। अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बारे में ऐसा बयान दिया कि पूरी पार्टी सकते में आ गई। उन्होंने कहा कि पिनराई विजयन मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस बयान ने पार्टी में हड़कंप मचा दिया। कांग्रेस ने तुरंत सफाई दी कि अय्यर अब पार्टी के सदस्य नहीं हैं। लेकिन मामला यहीं शांत होने वाला नहीं था। अय्यर ने फिर से एक साक्षात्कार में पार्टी के कई बड़े नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा और शशि थरूर तथा जयराम रमेश पर भी तीखे प्रहार किए। अय्यर का कहना था कि केरल में आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीत नहीं पाएगी।

कारण बताया कि कांग्रेसी नेता कम्युनिस्टों से जितनी नफरत करते हैं, उससे कहीं ज्यादा आपस में नफरत करते हैं। इन बयानों ने पार्टी की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।वैसे अय्यर की नाराजगी पुरानी नहीं है। वे लंबे समय से पार्टी नेतृत्व की आलोचना करते आ रहे हैं। लेकिन इस बार उनके शब्दों ने चुनावी माहौल को गरमा दिया। केरल में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस को मजबूत विपक्ष के रूप में उभरना था। माकपा सरकार के खिलाफ लामबंदी करनी थी। लेकिन आंतरिक कलह ने सबकी मुश्किलें बढ़ा दीं। अय्यर ने पिनराई विजयन को मुख्यमंत्री बने रहने का भरोसा जताया तो यह पार्टी के लिए अपमानजनक लगा। विजयन लेफ्ट सरकार के चेहरे हैं और कांग्रेस का मुख्य निशाना। ऐसे में किसी पूर्व नेता का यह बयान तोड़फोड़ जैसा ही था। पार्टी ने कहा कि अय्यर का नाम सदस्य सूची से हटा दिया गया है। फिर भी अय्यर चुप नहीं रहे। उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि पवन खेड़ा जैसे नेता सिर्फ उच्च नेतृत्व के इशारे पर बोलते हैं। शशि थरूर को महत्वाकांक्षी बताया और जयराम रमेश पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। इन हमलों ने पार्टी के केरल नेतृत्व को असहज कर दिया।

यह पहली बार नहीं है जब मणिशंकर अय्यर ने विवादास्पद बयान दिए हों। 2017 में उन्होंने पाकिस्तान के एक कार्यक्रम में जाकर नेहरू को गंगा-मैया का पुत्र कहा था। उस समय भी पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। फिर 2019 लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नीच कहा था। यह बयान सुर्खियों में रहा और पार्टी को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। अय्यर ने सफाई दी कि उनका इशारा मोदी की सोच पर था, लेकिन नुकसान हो चुका था। केरल में भी वे कई बार लेफ्ट नेताओं की तारीफ कर चुके हैं। एक बार उन्होंने कहा था कि पिनराई विजयन अच्छा प्रशासक हैं। ऐसे बयान विपक्षी एकता को कमजोर करते हैं। अब फिर से चुनावी साल में यही गलती दोहराई गई।

विश्लेषकों का मानना है कि अय्यर की नाराजगी पार्टी के पुराने नेताओं के साथ उपेक्षा से उपजी है। वे खुद कभी केंद्रीय मंत्री रहे, लेकिन अब हाशिए पर हैं। उनकी बात को युवा नेता नजरअंदाज करते हैं। इससे उनकी भड़ास निकल रही है।कांग्रेस के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। केरल में लेफ्ट और भाजपा दोनों मजबूत हैं। 2021 चुनाव में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार आंतरिक मतभेद साफ दिख रहे हैं। शशि थरूर जैसे नेता अपनी दावेदारी कर रहे हैं। अय्यर ने उनकी आलोचना कर फूट डाली। पार्टी नेतृत्व ने अय्यर से दूरी बनाई, लेकिन उनका प्रभाव अभी भी है। सोशल मीडिया पर उनके बयान वायरल हो रहे हैं। विपक्षी दल इसका फायदा उठा रहे हैं। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस कम्युनिस्टों की कठपुतली है। लेफ्ट का तर्क है कि कांग्रेसी आपस में ही लड़ रहे हैं। अय्यर के बयान ने यह धारणा मजबूत कर दी। पार्टी को अब एकजुट होने की जरूरत है। लेकिन पुराने विवाद फिर ताजा हो गए। अय्यर की नाराजगी बढ़ती जा रही है। वे कहते हैं कि कांग्रेस का वर्तमान स्वरूप बदल गया है। पहले सिद्धांतों पर चलती थी, अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं हावी हैं। इस पूरे घटनाक्रम से केरल कांग्रेस की रणनीति पर असर पड़ेगा। चुनाव में जीत के लिए एकजुटता जरूरी है। लेकिन नेताओं के आपसी हमले मतदाताओं को निराश कर रहे हैं। अय्यर जैसे वरिष्ठ नेता अगर बाहर से ही आलोचना करेंगे तो संगठन कमजोर होगा। पार्टी को चाहिए कि पुराने विवाद सुलझाए। नए नेताओं को साथ ले। केरल मतदाता समझदार हैं। वे आंतरिक कलह देखकर वोट नहीं देंगे। अय्यर को शांत करने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन उनका पुराना इतिहास देखें तो मुश्किल लगता है। वे अपनी बात पर अड़े रहते हैं। अब देखना यह है कि पार्टी कैसे इस संकट से उबरती है। चुनाव नजदीक हैं और हर बयान गूंज रहा है। कांग्रेस को मजबूत विपक्ष बनना होगा, वरना लेफ्ट फिर सत्ता में लौट आएगा। अय्यर का सिरदर्द अभी बना रहेगा। केरल चुनाव से पहले कांग्रेस को मणिशंकर अय्यर ने परेशान कर दिया। शशि थरूर का मुद्दा सुलझा नहीं कि अय्यर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बने रहने का भरोसा जताया। पार्टी ने कहा, वे अब सदस्य नहीं। फिर साक्षात्कार में अय्यर ने पवन खेड़ा को कठपुतली कहा, शशि थरूर और जयराम रमेश पर तीखे वार किए। बोले, कांग्रेसी आपस में कम्युनिस्टों से ज्यादा नफरत करते हैं, इसलिए चुनाव हारेंगे। लेकिन अय्यर का इतिहास विवादों से भरा है, खासकर मोदी और भाजपा के खिलाफ।

बहरहाल,अय्यर ने आज भले ही कांग्रेस के खिलाफ हमला बोला हो,लेकिन उनकी असली पहचान मोदी को गाली देने वाली है। अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए हैं। 2019 चुनाव से पहले उन्होंने मोदी को नीच कहा। सफाई दी कि नीच सोच की बात की, लेकिन बवाल मच गया। पार्टी ने निलंबन दिया। 2017 में पाकिस्तान जाकर नेहरू पर टिप्पणी की, जिसे भाजपा ने भुनाया। अय्यर ने भाजपा को सांप्रदायिक बताया। कहा, वे हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। राम मंदिर पर बोले, भाजपा का ढोंग है। 2024 चुनाव में भी मोदी की आलोचना की, किसान आंदोलन पर समर्थन दिया। भाजपा ने उन्हें कांग्रेस का असली चेहरा कहा।

केरल में लेफ्ट की तारीफ कर भाजपा को निशाना बनाया। अय्यर का मानना है कि भाजपा लोकतंत्र को कुचल रही,ये बयान कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते हैं। केरल में भाजपा मजबूत हो रही, आंतरिक कलह से फायदा। अय्यर की नाराजगी पुरानी है। पार्टी को एकजुट होना चाहिए। वरना चुनावी हार निश्चित। अय्यर मोदी-भाजपा विरोध में आग उगलते रहेंगे, लेकिन पार्टी का सिरदर्द बढ़ेगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

साहित्य


## स्वांग रचाती दुनिया



**उज्जवल कुमार**

कितना स्वांग रचाती दुनिया,
पग–पग मुझको छलती है
फिर भी मुझको सबसे प्यारी,
तनिक भी ना खलती है
दिखती है ये सीधी–साधी
अंदर से बिल्कुल टेढ़ी है
ना ही दुनिया तेरी और
नाहीं ये दुनिया मेरी है
फूल जो लगते इसको प्यारे,
उनको तोड़ लिया करती
लोग करे जो प्रेम इसे,
छोड़ उन्हें दिया करती
है बड़ी अजीब ये दुनिया,
किस को समझ ये आनी है
मैं तो खुश हूँ चंद बर्षो की
बस मेरी यहाँ कहानी है





## राशिफल

**मेष:–** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**वृषभ:–** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुन:–** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं।

**कर्क:–** शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंह:–** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या:–** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुला:–** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:–** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश व अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु:–** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी।

**मकर:–** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ:–** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में परिवर्तन खलल पहुंचाएगा।

**मीन:–** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# सृजन, सुविधा और नई संस्कृति

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीक धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है, पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि ÷लिखा कितना अच्छा है÷, बल्कि यह बन गया है कि ÷लिखा किसने है और किस तरह लिखा है।÷ जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है।

समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है-बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुजरे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है। यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना, और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन–यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है–भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित, और भावनात्मक रूप से उचित। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है। क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखाई देती है, और वही रचना को जीवंत बनाती है।

आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हजारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारी पूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह यह स्वीकार कर सकता है कि मैं गलत भी हो सकता हूं? यहीं मनुष्य और यंत्र के बीच मूल अंतर स्पष्ट होता है। मनुष्य अपनी बात कहते समय डरता है–आलोचना से, अस्वीकार से, असफलता से। और यही डर उसकी आवाज को विशिष्ट बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न आलोचना का भय है, न अस्वीकार का। इसलिए वह सुरक्षित भाषा में लिखती है–सबको स्वीकार्य, किसी को असुविधाजनक न लगे ऐसी। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएं पढ़ रहे हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ भी नहीं कहतीं।

एक और गंभीर प्रश्न श्रेय का है। यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक औजार की तरह उपयोग किया जाए–शोध, संपादन या भाषा-सुधार के लिए–और यह स्पष्ट कर दिया जाए कि इसमें यंत्र की सहायता ली गई है, तो यह ईमानदारी है। पर जब पूरी रचना यंत्र द्वारा तैयार की जाए और लेखक का नाम किसी मनुष्य का हो, तो यह धोखा है। यह पाठक के साथ भी अन्याय है और सृजन की परंपरा के साथ भी। अकर यह तर्क दिया जाता है कि अंतिम परिणाम ही महत्त्वपूर्ण है, तरीका नहीं। पर यही तर्क नकल को भी वैध ठहराता है। यदि तरीका अप्रासंगिक होता, तो शिक्षा, प्रशिक्षण और अभ्यास का कोई अर्थ न रह जाता। सृजन केवल परिणाम नहीं है, वह एक प्रक्रिया भी है। लिखते समय जो सोच विकसित होती है, जो आत्मसंघर्ष होता है, वही लेखक को गढ़ता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता उस प्रक्रिया को बीच में ही काट देती है।

यह कहना भी आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्वयं में शत्रु नहीं है। हर तकनीक की तरह उसका मूल्य उसके उपयोग में निहित है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब सुविधा, सृजन का स्थान लेने लगती है। जब लेखक बनने के स्थान पर सामग्री उत्पादक बनने की होड़ लग जाती है। जब पहचान मेहनत और अनुभव से नहीं, बल्कि उत्पादन की मात्रा से तय होने लगती है। भविष्य में संभवतः दो प्रकार के लेखन स्पष्ट रूप से दिखेंगे। एक, जो तेज होगा, चमकदार होगा, हर जगह उपलब्ध होगा–और शीघ्र भुला दिया जाएगा। दूसरा, जो धीमा होगा, सीमित होगा, कभी-कभी असुविधाजनक भी होगा–पर टिकेगा। क्योंकि वह किसी मनुष्य द्वारा चुकाई गई कीमत के साथ लिखा गया होगा।

पाठक भी धीरे-धीरे इस अंतर को समझने लगेंगे। लेखक का मूल्य उसके साहस से आंका जाएगा–उस साहस से, जिसे किसी यंत्र से उधार नहीं लिया जा सकता।

अंततः प्रश्न कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नहीं, हमारी ईमानदारी का है। सृजन सदैव कठिन रहा है और रहेगा। जो उसे अत्यधिक आसान बना देता है, वह अकसर उसे खोखला भी कर देता है। इसलिए आज, इस तकनीकी कोलाहल के बीच, सबसे आवश्यक प्रतिरोध यही है कि हम लिखते समय यह स्मरण रखें–शब्द केवल जोड़ने के लिए नहीं होते, जीने के लिए होते हैं। और जीवन की सच्ची अनुभूति की नकल कोई भी यंत्र, चाहे वह कितना ही कुशल क्यों न हो, पूर्ण रूप से नहीं कर सकता।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### ट्रक की टक्कर से ई रिक्शा सवार पांच घायल, एक गंभीर

**शाहाबाद हरदोई।** हरदोई शाहाबाद हाइवे पर ककरघटा के निकट बन रहे टोल टैक्स पर सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे सवारी लेकर आ रहे ई रिक्शे में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सवार पांच लोग घायल हो गए। प्राप्त विवरण में मियांपुर निबासी शिवकुमार पुत्र बालक अपने पुत्र प्रांशु और मोहित के साथ ई रिक्शे से शाहाबाद आ रहा था। रास्ते में हूँसेपुर गांव निवासी उर्मिला पत्नी संजू अपनी पाली निवासी रिश्तेदार प्रतिक्छा के साथ उसी ई रिक्शे पर शाहाबाद आने के लिए बैठ गयी। शाहाबाद से पहले बन रहे टोल टैक्स के निकट पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सवार पांचो लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया।जहाँ उर्मिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शेष घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### अधिवक्ताओं का शपथ वार्षीकोत्स्व एवं बार बेंच समारोह सम्पन्न



**शाहाबाद हरदोई।** सोमवार को बार एसोसिएशन की नवीन कार्य कारिणी का शपथ ग्रहण और बार बेंच समारोह तहसील सभागार में आयोजित किया गया।जिसमे जिला जज रीता कौशिक द्वारा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिला जज रीता कौशिक ने कहा शाहाबाद में जल्द ही मुंसिफ न्यायालय शुरू हो जायेगा। ग्राम न्यायालय की शुरुआत हो चुकी है सभी अधिवक्ता बार और बेंच के बीच सामंजस्य बनाकर कार्य करें। वादी को न्याय दिलाना ही सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उनके द्वारा अध्यक्ष विमलेश सिंह लोधी, उपाध्यक्ष गिरेंद्र प्रकाश मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हरनाम सिंह यादव, महामंत्री बलराम दीक्षित, संयुक्त मंत्री आशीष पांडे, संयुक्त मंत्री दुर्गेश अवस्थी, कोषाध्यक्ष हसनैन वारसी, वरिष्ठ सदस्य केश कुमार पांडे, घनश्याम द्विवेदी, नीरज दीक्षित, चंद्रपाल सिंह, श्रीकृष्णा शर्मा, विमल पांडे, कनिष्ठ सदस्य मणिन्द्र कुमार सिंह, रंजन प्रदीप शर्मा, धीरेंद्र सिंह, नीरज शुक्ला, शेर सिंह, सुधीश कुमार को पद और गोपनीता की शपथ दिलाई गई। पूर्व महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह, सीजीएम रिचा वर्मा, अमृतांशु राज सिविल जज जूनियर डिवीजन ग्राम न्यायालय,सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण,एसडीएम अंकित तिवारी, तहसीलदार संध्या यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा वह बार और बेंच के बीच सामनजस्य स्थापित कर कार्य करने की अपील की गयी।इस अवसर पर तहसील के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### गाजियाबाद में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज की भाकिमयू ने की निंदा



**हरपालपुर/हरदोई।** गाजियाबाद में धरना प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारीयो पर पुलिस के लाठी चार्ज की कड़ी निंदा करते हुए भाकियू दशहरी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सवायजपुर को सौंपते हुए कहा गाजियाबाद जनपद में ट्रोनिक सिटी मे डम्पिंग ग्राउण्ड बनाने के विरोध में सैकड़ो प्रभावित किसान कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिसे जिला प्रशासन ने धरने पर बैठे किसानों को उकसाया और फिर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक प्रदर्शनकारियो पर लाठी चार्ज किया। जिसमें बड़ी तादाद में किसान, महिलाएं, बच्चे घायल हो गए हैं। इस घटना की पूरा संगठन कड़ी निंदा करता है। तथा मांग करता है कि पूरे मामले के उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। घायलों को उचित इलाज तथा न्याय दिलाया जाए। अन्यथा सभी किसान संगठन एकजुट होकर बड़े स्तर पर आन्दोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर पिंटू सिंह लल्लन कुशवाहा तालिब खा दीपक आदि मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजी हर-हर महादेव की ध्वनि



**कदौरा (जालौन)।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व कस्बे तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। ग्राम पाली अभिरवा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान नर्मदेश्वर महादेव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की। इसके बाद मंदिर से भगवान शिव की बारात यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम बागी में प्राचीन शिव मंदिर से विशाल शिव बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। भगवान शिव के स्वरूप में सजे कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अघोरी व बाराती भस्म और गुलाल उड़ाते हुए बैंड–बाजों की धुन पर झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में बोल बम और हर–हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा स्टेज शो का आयोजन भी किया गया, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। आयोजन के समापन पर शाम को भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से निरंतर कराया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर राजबहादुर प्रधान, विजयकांत तिवारी, शशिकांत, राजपांडे, नंदलाल दुबे सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कदौरा-जलालपुर मार्ग चौड़ीकरण की प्रक्रिया तेज



**कदौरा (जालौन)।** कदौरा से जलालपुर तक लगभग 15 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण की प्रक्रिया तेज हो गई है। सोमवार सुबह लोक निर्माण विभाग के जेई कमलेश कुमार तथा वन विभाग दरोगा मयंक दीक्षित ने मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए नाप–जोख की। अधिकारियों ने सड़क की वर्तमान स्थिति, मोड़ों, किनारों और पेड़ों का आकलन कर निर्माण की रूपरेखा तैयार की। यह मार्ग हमीरपुर और जालौन जिलों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो फिलहाल लगभग पांच मीटर चौड़ा सिंगल लेन मार्ग है। संकरा होने के कारण यहां आए दिन जाम और दुर्घटनाएं होती रहती है। भारी वाहनों की आवाजाही से समस्या और बढ़ जाती है। आंकड़ों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 700 से अधिक ट्रकों का आवागमन होता है। इस सड़क के चौड़ीकरण से कदौरा, कनाखेड़ा, चतेला, भेड़ी, छोटी भेंड़ी, पथरेहटा, मरगांया, जलालपुर सहित 30 से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क चौड़ी होने से न केवल जाम से राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों और परिवहन को भी गति मिलेगी। पीडब्ल्यूडी जेई कमलेश कुमार ने बताया कि नाप–जोख पूरी कर तकनीकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी और मंजूरी मिलते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### दुर्गा धाम मंदिर में श्रीविष्णु महायज्ञ का आयोजन

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर)।** गांव महेरा के दुर्गा धाम मंदिर परिसर की बाउंड्री बनवाये जाने के लिये समाजसेवी ने सोमवार को भूमि पूजन किया। इस मौके पर सैकडों लोग मौजूद रहे। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव महेरा में स्थिति दुर्गा धाम मंदिर मे प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाता है और वही भंडारे के दिन सम्मेलन कर गरीब कन्याओं का ग्रामीणों के द्वारा विवाह कराया जाता है मंदिर परिसर में बाउंड्री न होने से काफी दिक्कत होती थी बीते 10 फरवरी को हुए श्री विष्णु महायज्ञ के विशाल भंडारे व सामूहिक विवाह सम्मेलन में खड़ेही लोधन निवासी समाज सेवी अरविंद राजपूत ने मंदिर परिसर की बाउंड्री वनवाये जाने की बात कही थी जिसको लेकर महाशिवरात्रि पावन के अवसर पर दिन सोमवार को मंदिर में पहुच कर पंडित लक्ष्मी नारायण ने विधिवत हवन पूजन मंत्रोच्चारण के साथ करते हुए बॉउंड्री बनवाये जाने के लिए भूमि पूजन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य बलराम सिंह राजपूत, बीरेंद्र राजपूत, रामू राजपूत, उदयभान राजपूत, ब्रजनन्द सहित दो सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।

### विधालय की व्यवस्था को देखने सांसद प्रतिनिधि पहुंचे




**मौदहा हमीरपुर।** विद्यालय की व्यवस्थाओं का जानकारी लेने के लिए सांसद प्रतिनिधि ने कस्बे के कंपोजिट विद्यालय काशीराम कॉलोनी पहुंच संबंधित अधिकारियों फोन वार्ता कर समस्या के समाधान आश्वासन दिया। सोमवार की सुबह शादाब हुसैन बिट्टू सांसद प्रतिनिधि काशीराम कॉलोनी स्थित कंपोजिट विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं के साथ वार्तालाप किया और वहां बाउंड्री वॉल ना होने से जंगली जानवर व जहरीले कीड़े का प्रवेश विद्यालय परिषद में अक्सर होने पर बाउंड्री वॉल निर्माण व विद्यालय परिसर में पार्क बनवाए जाने के लिए संबंध में संबंधित अधिकारी को जल्दी निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया और विद्यालय स्टाफ की कमी होने पर खंड शिक्षा अधिकारी और बीएसए से वार्ता किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुहम्मद सईद सिद्दीकी से विद्यालय परिसर में समस्याओं से संबंधित वार्तालाप किया।

# पांच दिन से लापता डी फार्मा के छात्र का गंगा नदी से शव बरामद

**अरवल/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



अरवल थाना क्षेत्र में 5 दिन से लापता डी फार्मा के छात्र का शव गंगा नदी में उतराता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी मचा गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों ने हत्या कर शव को नदी में फेंकने की आशंका जताते हुए एक युवक पर आरोप लगाया है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर चैन सिंह मजरा बेडीजोर निवासी लगभग 26 वर्षीय उपकार राजपूत पुत्र अरविंद कुमार डी फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था।उसके भाई रामप्रकाश की बेड़ीजोर पुल पर टेंट की दुकान है।5 दिन पूर्व बीती 11 फरबरी को समय करीब 2:00 बजे दिन में उपकार राजपूत बैंक में अपना खाता सही करने की बात कहकर वहां से निकला था।उसके बाद जब वह वापस घर नही आया तो परिजनों ने आसपास व रिस्तेदारी में उसकी खोज शुरू की।लेकिन उसका कोई पता न चलने पर परिजनों ने 13 फरबरी को अरवल थाने पर गुमशुदगी की तहरीर थी।16 फरबरी को ग्रामीणों ने कुसुमखोर पुल के पास गंगा नदी में एक अज्ञात शव उतराता हुआ देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अरवल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को गंगा नदी से निकालकर शिनाख्त कराई।शव की शिनाख्त उपकार राजपूत निवासी खद्दीपुर मजरा बेड़ीजोर के रूप में होने पर परिजनों को सूचना दी गयी।सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि उपकार राजपूत फतेहगढ़ से डी फार्मा की पढ़ाई कर रहा था।वह द्वितीय वर्ष का छात्र था।तथा अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था।परिजनों ने थाना क्षेत्र के ही दिव्वापूरवा मजरा मस्तापुर गांव निवासी एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया। वही अरवल थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएंगी।

## पिहानी की डॉक्टर आमिना ने यूपीएससी सेंट्रल हेल्थ सर्विसेज़ क्वालिफ़ाई कर जिले का नाम किया रौशन

- फादर लैंसी रेगो, पैकड़ा सर और संजय शर्मा ने दी शुभकामनाएं

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



पिहानी के सैयद अली नवाब ज़ैदी की पुत्री डॉ. आमिना सुल्तान ज़ैदी उर्फ जोना का चयन प्रतिष्ठित यूपीएससी केंद्रीय स्वाथ्य सेवा हेल्थ एंड फ़ैमिली वेलफ़ेयर मंत्रालय, भारत सरकार में हुआ है। उनके चयन से पिहानी ही नहीं ,पूरे जनपद में हर्ष की लहर है। सेंट जेम्स स्कूल के फादर लैंसी रेगो, शिक्षक जो जो पैकड़ा और संजय शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए आमिना को शुभ कामनाएं दी हैं।

डॉ. आमिना का बचपन पिहानी में बीता और उन्होंने सेंट जेम्स स्कूल, हरदोई से अपनी शिक्षा ग्रहण की। उनके दो भाई बड़े अकबर जैदी और उनसे छोटे कामरान जैदी सुशिक्षित हैं और पुश्तैनी को संभाल रहे हैं।अमीना के पति सैयद वासिफ हैदर एडिशनल कमिश्नर दिल्ली में कार्यरत हैं। श्रीमती जोना ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज,एएमयू अलीगढ़ से एमबीबीएस और एमडी करने के बाद, डॉ. आमिना ने मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली, हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, नई दिल्ली और डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़, लखनऊ सहित कई जाने-माने इंस्टिट्यूट में काम किया। उनके पास नेशनल बोर्ड ऑफ़ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज़ द्वारा दी गई डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड (डीएनबी) क्वालिफ़िकेशन भी है। यूपीएससी सिलेक्शन प्रोसेस द्वारा चुने गए केवल चार जनरल उम्मीदवारों में से एक हैं और इस प्रक्रिया में उन्होंने कई विख्यात इंस्टिट्यूट के अभ्यर्थियों को पीछे छोड़ दिया। डॉ. आमिना बताती है कि 25 वर्ष पहले पिहानी में शैक्षणिक व्यवस्था सुदृढ़ नहीं थी,सन 2004 में सेंट जेम्स स्कूल हरदोई से दसवीं उत्तीर्ण किया,जिसमें वह जिला टॉप रही थीं। वह कहती हैं कि छोटे शहर, सुविधा हीन होते हुए भी मेहनत लगन और माता-पिता के आशीर्वाद से बिना कोई कोचिंग ट्यूशन लिए हुए स्वाध्याय पर निर्भर रहकर आगे बढ़ती रही। मैं उन शिक्षार्थियों को कहना चाहूंगी कि सुविधा ना होते हुए भी यदि ईमानदारी ,लगन ,मेहनत से फोकस कर पढ़ाई की जाए तो ऐसी कोई मंजिल नहीं जिसे प्राप्त न किया जा सके। पिता से हमेशा अथक प्रयास करने की प्रेरणा मिली और उनके परिवार ने भी उनका साथ दिया। पिहानी निवासियों, विशेषकर बालिकाओं को अपने संदेश में डॉ. आमिना ने कहा कि सफलता का रास्ता शिक्षा से होकर जाता है। पिहानी में रह कर प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने से लेकर देश के उच्चतम संस्थानों तक का उनका सफर सभी को, खासकर पिहानी के लोगों को उनकी लगन और कड़ी मेहनत की मिसाल पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

## नगर पालिका में जनसुनवाई का आयोजन अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन ने सफाई को लेकर दिए कड़े निर्देश

**संडीला/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन अधिशासी अधिकारी अनुरोध कुमार ने और चेयरमैन मो. रईस अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में नगर के विभिन्न मोहल्लों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी के समक्ष रखी नागरिकों ने जलभराव, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण और पेयजल व्यवस्था से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। चेयरमैन मो. रईस अंसारी और अधिशासी अधिकारी अनुरुद्ध कुमार ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगरवासियों को हर हाल में सुविधा मुहैया कराना नगर पालिका की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

रमज़ान माह के मद्देनज़र चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी ने विशेष रूप से नगर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पवित्र महीने में इबादत के लिए आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके मंदिर और मस्जिद के आसपास, मुख्य मार्गों और बाजारों में नियमित सफाई कराई जाए। साथ ही कूड़ा उठान की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता इरफान हमीद ताज मियां, नगर पालिका सभासद अजय द्विवेदी सभासद सुरेश चंद्र गुप्ता, सभासद जुबैर अंसारी, मनोज कुमार, सिराज अहमद, पंकज, आफताब, संजीव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई और नगर पालिका की इस पहल की सराहना की।

## तेज रफ्तार बाइक फिसली, बाइक सवार घायल

**शाहाबाद/हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम अंतोरा के पास सोमवार को शाम 4:30 बजे एक तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल बाइक सवार को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। रोजा जनपद शाहजहांपुर निवासी धर्मवीर पुत्र रामवीर अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। मंझिला थाना क्षेत्र के अंतोरा गांव के पास जैसे ही वह पहुंचा उसकी तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया।

## योगेश्वर धाम में सुदामा चरित्र और कंस वध की दिव्य कथा से अभिसिंचित हुआ श्रद्धा का अमृत प्रवाह

- कथा व्यास शिवानी मिश्रा के श्रीमुख से साकार हुई भक्ति, मित्रता और धर्म विजय की अनुपम अनुभूति

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के पावन तीर्थस्थल योगेश्वर धाम, अटवा असिगाव में प्रवाहित श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस का वातावरण भक्ति, करुणा और आध्यात्मिक चेतना के दिव्य आलोक से आलोकित हो उठा। कथा व्यास शिवानी मिश्रा के ओजस्वी एवं रसपूर्ण श्रीमुख से सुदामा चरित्र तथा अत्याचारी कंस वध की अलौकिक कथा का ऐसा भावपूर्ण चित्रण हुआ कि श्रोतागण भाव-सागर में अवगाहित होकर भक्ति के अमृत में सराबोर हो उठे।

कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि यह प्रसंग केवल दो मित्रों की भेंट नहीं, अपितु आत्मीयता, समर्पण और निष्कलुष भक्ति का कालजयी प्रतीक है। जब निर्धनता और अभाव से व्यथित सुदामा अपने सखा श्रीकृष्ण के दर्शनार्थ द्वारिका पहुँचे, तब भगवान ने राजसी वैभव का परित्याग कर जिस प्रेम और विनय के साथ उनका आलिंगन किया, वह दृश्य भक्त और भगवान के मध्य अटूट संबंध की दिव्य परिणति का सजीव प्रमाण है। कथा व्यास ने कहा कि सुदामा की झोली में भले ही चावल के कुछ दाने थे, किंतु उनके हृदय में असीम श्रद्धा और प्रेम का अथाह सागर विद्यमान था, और यही भाव भगवान को प्रिय हुआ। उन्होंने भाव-विह्वल स्वर में कहा कि ईश्वर के द्वार पर धन और वैभव का नहीं, अपितु श्रद्धा, समर्पण और निष्कपट प्रेम का मूल्य होता है। कथा के दौरान वातावरण राधे-कृष्ण और हरे कृष्ण के पावन उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं की आंखों में भक्ति के अश्रु और हृदय में दिव्य शांति का अनुभव स्पष्ट परिलक्षित हो रहा था। सम्पूर्ण परिसर मानो भक्ति की अविरल धारा में निमग्न हो गया, जहां प्रत्येक हृदय प्रभु प्रेम की अनुभूति से स्पंदित हो रहा था। कथा के उपसंहार पर श्रद्धालुओं ने आरती में सहभागिता कर प्रभु चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की और जीवन में धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्र के असंख्य श्रद्धालु, भक्तगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे, और योगेश्वर धाम का पावन प्रांगण आध्यात्मिक चेतना और दिव्य आस्था के प्रकाश से अनुप्राणित होता रहा।

## कार पर ईंट से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कार से दवा लेने परिवार सहित आये कार चालक ने कुछ लोगों पर कार पर हमला कर जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जाँच शुरू की है। मझिला थाना के मझिला ग्राम निवासी गुरुवेल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह के अनुसार वह अपने परिवार के साथ शाहाबाद के सिनेमा चौराहा के प्रकाश नर्सिंग होम पर दवा लेने अपनी कार संख्या यूपी 30एएस3777 स्वीफ्ट डिज़ायर से आया था। दवा लेकर वापस लौटते समय सड़क पर एक तरफ बुलेट संख्या यूपी30एएक्स 2139 बेतरतीब ढंग से खड़ी थी दूसरी ओर एक स्कूटी खड़ी थी। स्कूटी बचाने के कारण सड़क पर खड़ी बुलेट में उसकी कार टच हो गयी। जिससे बुलेट गिर जाने से उसमे कुछ निशान पड़ गए थे।तभी जीशान पुत्र रजी अपने पिता रजी और दो अन्य लोगों के साथ आ गए और उसे गाली गलौज करने लगे उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने ईंट से उसकी कार पर हमला कर दिया जिससे उसकी कार में काफ़ी नुकसान हुआ विपक्षी ने उसे और परिवार को जान से मार डालने की धमकी दी। उसका परिवार बहुत दहशत में था उसने 112 पी आर बी पर फोन कार जान बचाने की गुहार लगाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बचाया और थाने लेकर आए। पीड़ित की लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी।

## अल्ट्रासाउंड सेंटर पर सीएमओ के छापा से हड़कंप

- दस्तावेज न मिलने पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को दिए सील के निर्देश

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आसाराम ने जैतपुर में संचालित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर औचक छापा मार कार्यवाही से हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान संचालक आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चिकित्सा अधीक्षक जैतपुर डॉ. पवन राजपूत को संबंधित सेंटर को सील करने के निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ. आसाराम ने स्पष्ट कहा कि बिना पंजीकरण और आवश्यक अनुमतियों के संचालित किसी भी चिकित्सा संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जैतपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों और अस्पतालों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने के निर्देश भी प्रभारी अधीक्षक को दिए। छापेमारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई झोलाछाप डॉक्टर और बिना मान्यता चल रही पैथोलॉजी लैब संचालक अपनी-अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। सीएमओ ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि अवैध रूप से संचालित क्लीनिक या संदिग्ध चिकित्सा गतिविधियों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध चिकित्सा संस्थानों पर शिकंजा कसने की तैयारी मानी जा रही है।

## एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कबरई में खेल मैदान की मांग सदन में रखी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने विधान परिषद बजट सत्र मे नियम 110 के अंतर्गत सूचना मे मांग रखी कि जनपद महोबा के नगर पंचायत कबरई एक औद्योगिक नगरी हैं द्य यहाँ पर हज़ारो श्रमिक कार्य कर रहे है द्य वर्तमान समय मे कस्बा कबरई नगरीय क्षेत्र हैं लेकिन उक्त कस्बा मे कोई खेल का मैदान न होने के कारण नगर एवं आसपास के गरीब बच्चों को जो खेल मे रूचि रखते है उनके जीवन मे खेल का बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है द्य ग्रामीण एवं आस पास के गरीब समुदाय के बच्चों की उत्थान के लिए सरकार कई योजना चल रही है जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके, जनपद महोबा के क़स्बा कबरई नगरीय क्षेत्र मे एक खेल का मैदान स्थापित किया जाना नितांत आवश्यक है। जिससे युवाओ मे मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक उत्थान होगा।

लोक महत्व के इस सुनिश्चित विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए जनपद महोबा कस्बा कबरई नगरीय क्षेत्र में गरीब समुदाय के बच्चों के खेलने एवं उनके सामाजिक उत्थान को दृष्टिगत रखते हुए खेल मैदान की स्थापना कराते हुए सदन मे वक्तव्य/ चर्चा कराए जाने की मांग करता हूं। सभापति द्वारा उक्त के संबंध मे आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

## थाना महोबकंठ की पुलिस वारण्टी को किया गिरफ्तार

**महोबकंठ/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टों के अनुपालन एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में प्रभावी कार्यवाही की गई। अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़, जिला महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट परिवाद संख्या 636/2019, धारा 323/504/506 भा.दं.वि. से संबंधित 01 नफर वारण्टी किशोरी पुत्र धुन्धा, उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी ग्राम नैपुरा थाना महोबकंठ, जनपद महोबा को ग्राम नैपुरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही संपादित कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## बेटी का सामान लेकर वापस आ रहे पिता की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

- शादी से पहले पिता की मौत से खुशियां मातम में बदलीं

**खड़ेही लोधन, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




बसौट गांव निवासी कस्बा मुस्करा में बेटी की शादी के लिए कुछ सामान लेने बाइक से आया हुआ था तभी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई बेटी की शादी से पहले पिता की मौत खुशियां मातम में बदलीं वही इस घटना से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है खरेला थाना क्षेत्र के बसौट गांव निवासी सिद्ध गोपाल कुशवाहा उर्फ सिद्धा पुत्र घंसु अपनी बड़ी बेटी की शादी के लिए जरूरी सामान की खरीदारी करने सोमवार को अपने भांजे के साथ मुस्करा आए कस्बा मुस्करा में तिराहे से हमीरपुर की ओर जा रहे थे तभी मुस्करा थाने के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी और रौंदते हुए निकल गया जिससे सिद्ध गोपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार उनका भांजा मामूली रूप से घायल हो गया।घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। मृतक सिद्ध गोपाल अपने पीछे एक बेटा और तीन बेटियां छोड़ गए हैं। उनकी सबसे बड़ी बेटी की शादी होनी थी और सोमवार को ही उसका मंडप कार्यक्रम था। शादी की तैयारियों के बीच हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।खुशियां मातम में बदल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरिया वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ओ.एस.आर योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 17.02.2026 से 23.02.2026 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा मूल्य-100 रू.**

| क्र. सं. | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओ.एस. आर | मॉडल शॉप का निर्माण कार्य | 846500 | 2 प्रतिशत | ईटा, गिट्टी, बालू, सरिया,सीमेन्ट आदि | | 6 माह |

**शर्तें-** 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**प्रधान** **सचिव**

# बिजली पोल पर चढ़ा अर्धविक्षिप्त व्यक्ति, झुलसकर घायल

**अस्पताल पहुंचने के बाद युवक ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा**



**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र में एक झुलसे हुए व्यक्ति का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है, जब वह दोबारा विद्युत ट्रांसफार्मर पर चढ़कर उतरने का नाम नहीं ले रहा था। पुलिस व विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मदद से उसे नीचे उतारा गया। विदित हो कि सोमवार दोपहर 1:00 बजे मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने के बाद अपना तफरी का माहौल कायम हो गया। जब कस्बे में महाराजगंज रोड पर पावर हाउस के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अर्धविक्षिप्त व्यक्ति चलती बिजली की लाइन में पहले चढ़कर झुलसने से घायल हो गया तो वहीं वह दोबारा ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया। उसकी यह हरकत देखकर लोगो ने पावर हाउस पर फोन करके बिजली की आपूर्ति बंद कराई। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। लगभग एक घंटे बाद बिजली कर्मियों और पुलिस की मदद से उसे नीचे उतारा गया। महाराजगंज रोड पर पावर हाउस के पास सोमवार की सुबह लगभग 1 बजे के करीब एक अर्धविक्षिप्त व्यक्ति जो थाना क्षेत्र हरचंदपुर के ग्राम ढेकवा का रहने वाला बताया गया है। जिसका नाम मतउ पुत्र शीतल उम्र लगभग 55 वर्ष बताई गई है। पहले वह ट्रांसफार्मर पर उसके बाद खंभे पर चढ़ गया। यह नजारा देख किसी ने पावर हाउस फोन कर तत्काल विद्युत बंद कराई । इस दौरान वह कभी ट्रांसफार्मर तो कभी खंभे पर कभी तारों पर लटकता रहा। यह देखकर सैकड़ो लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। बताते हैं कि इसके पूर्व वह खैरहनी गांव में भी चलती बिजली की लाइन में वह चढ़ गया था। और इससे उसके शरीर का कुछ हिस्सा झुलस भी गया।इसके बाद वह महाराजगंज रोड पहुंचा, वहां से उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। सरकारी अस्पताल से भी वह भाग खड़ा हुआ और फिर एक लहसुन के लदे हुए ट्रक में चढ़ गया।

ट्रक ड्राइवर ने यह देखकर उसे ट्रक से उतारा। सूचना पाकर मौके पर बिजली तथा पुलिसकर्मी पहुंचे और लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे खंभे से नीचे उतारा जा सका। इस दौरान लगभग एक घंटे तक बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। पुलिस कर्मियों और लोगों की मदद से दोबारा उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां व्यक्ति का इलाज करने के साथ-साथ उसके परिजनों को भी सूचना दी गई है।

## महाशिवरात्रि में भक्तों की लगी रही लंबी कतारें जयकारों से गूंजा परिसर

**लालगंज रायबरेली।** महाशिवरात्रि का पर्व पूरे देश के साथ-साथ रायबरेली में धूमधाम से मनाया गया जनपद के सभी शिव मंदिर में देर रात से ही भक्तों की लंबी-लंबी लाइन लगी रही बाल्हेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए देर रात से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस मंदिर की ऐसी मान्यता है जो भी भक्त भगवान शिव को गंगाजल, दूध व बेलपत्र अर्पित करता है भगवान भोलेनाथ उनकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं इसी आस्था और विश्वास के साथ लोग सैकड़ो किलोमीटर दूर से यहां दर्शन करने के लिए आते हैं। भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला शिवभक्तों के जयकारों से मंदिर गूंजता रहा भक्त शिव शंभू के नारे लगाते रहे । और वहीं दूसरी तरफ प्रशासन की भी पैनी नजर मंदिर परिसर में रही। किसी प्रकार की अनहोनी न हो सके जिसको लेकर पुलिस जगह जगह नजर आई । बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार और सीओ अमित सिंह ने भी बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सत्तार बाबा के निधन पर चिकित्सकों ने शोकसभा का आयोजन कर दी श्रद्धांजलि



**लालगंज रायबरेली।** लगभग 50 वर्षों तक क्षेत्र के मरीजो की निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले नगर के प्रसिद्ध वैद हाजी सूफी बाबा अब्दुल सत्तार के निधन पर नगर के संभ्रात लोगो के साथ आमजनमानस ने शोकसभा का आयोजन कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। कस्बे के रूद्रा होटल में इंटेलेक्चुअल ऑब्जेक्टिव समिति के तत्वाधान में हाजी सूफी बाबा अब्दुल सत्तार की याद मे शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धांजलि देने के लिए उन्नाव, रायबरेली, फतेहपुर, लखनऊ, बाराबंकी, समेत कई जिलों के होम्योपैथिक के चिकित्सक आयोजन में शामिल हुए और हाजी अब्दुल सत्तार बाबा को श्रद्धासुमन अर्पित किये। सभा को संबोधत करते हुए इस डॉ. राजीव सिंह सचिव ने कहा कि हाजी अब्दुल सत्तार बाबा की जन सेवा और सभी धर्म जाति गरीब, अमीर सभी की परेशानियों में हमेशा दिन हो चाहे रात पूरी तन्मयता से लोगों की समस्याओं का शानदार तरीके से निराकरण करते रहे हर पल उपलब्ध रहे। जीवन के अंतिम क्षण तक सेवा ही करके गए हैं। अचानक से इस संसार रूपी दुनिया से विदा हो गए लेकिन सदियों तक निस्वार्थ भाव से जन मानस के दिलों में जिंदा रहेंगे। डॉ. सुनील त्रिवेदी ने कहा कि जैसी तपस्या मानव सेवा बाबा हाजी अब्दुल सत्तार ने की है वह इस आधुनिक युग में उनकी मिसाल मिलना मुश्किल है। उनकी कमी को भविष्य में पूरा नहीं किया जा सकता है आज हमने संगठन के संरक्षक के रूप में उनका जो सानिध्य मिला है। उसको आजीवन याद करते रहेंगे बाबा जी का जो अनुभव और तजुर्बा रहा है वह गॉड गिफ्ट रहा है उनके हाथ लगा देने से ही लोगों के दुख दूर हो जाते थे और लोग राहत पाते थे।

## नकल विहीन परीक्षा की तैयारी छह परीक्षा केंद्र सील

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित की जाने वाली बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से आरंभ होने जा रही है शासन द्वारा 2026 की बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए ल प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था की गई है परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, डबल लॉक स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी की निगरानी के साथ-साथ, नकल रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं छात्रों के लिए एडमिट कार्ड, पारदर्शी स्टेशनरी पाउच, और पानी की बोतल साथ लाने की अनिवार्यता रखी गई है बोर्ड परीक्षा नजदीक आते ही नकल माफिया तेजी से सक्रिय हो गए हैं जिसको लेकर ठेकेदारी का प्रयास भी शुरू हो चुका है नकल कराने को लेकर नई-नई विधियां ईजाद की जा रही है ऐसे में शासन द्वारा जारी सख्त दिशा निर्देशों के बीच नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराना प्रशासन के लिए चुनौती पूर्ण कार्य होगा फिलहाल नकल विहिना परीक्षा संपन्न कराने को लेकर जिलेवार उच्च अधिकारियों की बैठकें की गई हैं बोर्ड परीक्षा को सकुशल निपटाने के लिए शासन एवं प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है।

# कांग्रेसी नेता के आवास पर पहुंची पुलिस, हुई नोकझोंक



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

**सुशील पासी पुलिस के खिलाफ डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे**

कांग्रेसी नेता एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बिहार प्रभारी सुशील पासी के आवास पर महाराजगंज कोतवाल जगदीश यादव फोर्स के साथ पहुंच गए जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस और सुशील पासी के बीच में जमकर नोकझोंक भी देखने को मिली। सुशील पासी ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस घर में घुस गई और बच्चे भी थे पुलिस का व्यवहार बहुत ही खराब रहा जिसको लेकर सुशील पासी जिला अधिकारी कार्यालय के सामने अपने समर्थकों को लेकर धरने पर बैठ गए। महाराजगंज कस्बे में कांग्रेसी नेता सुशील पासी का आवास है, सुबह सोमवार को महाराजगंज कोतवाली पुलिस कोतवाल जगदीश यादव एवं फोर्स के साथ सुशील पासी के घर पहुंच गए। जिस पर सुशील पासी और पुलिस से जमकर नोक झोंक हुई सुशील पासी ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि घर पर बच्चे थे महिलाएं थी और पुलिस धड़ाधड़ते हुए घुस गई। उन्होंने योगी सरकार और पुलिस पर जमकर आरोप लगाए। मंगलवार को लखनऊ में मनरेगा बचाव के तहत कांग्रेसियों का बहुत बड़ा विशाल प्रदर्शन है। जिसको लेकर कांग्रेसी नेता सुशील पासी तैयारी में लगे हुए थे।

वहीं सोमवार को पुलिस ने सुशील पासी के घर पर पहरा बिठा दिया, जिस पर सुशील पासी और पुलिस में जमकर नोक झोंक हुई। वहीं मामले को आगे बढ़ता देख पुलिस तो बैरंग लौट आई लेकिन सुशील पासी जिला अधिकारी कार्यालय के सामने पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठ गए, वही इस घटना से राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है।

# झारखंडेश्वर धाम में रुद्राभिषेक संग आयोजित हुआ विशाल भंडारा



**अमावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों में झारखंडेश्वर का भी एक स्थान है और यहां पर हजारों हजार की भीड़ महादेव की पूजा अर्चना के लिए उमड़ती है झारखंडेश्वर धाम पर जहां भक्तों द्वारा महा देव के दर्शन कर जलअभिषेक किया गया तो वहीं विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। विजय मेडिकल अमावा द्वारा विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी रुद्राभिषेक किया गया उन्होंने कहा कि इस मंदिर पर जो भी आता है वह खाली हाथ नहीं जाता। झारखंडेश्वर सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का कार्यक्रम किया गया जिसमें हजारों हजार लोगों ने झारखंडेश्वर बाबाका प्रसाद सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर राजू सोनी रमेश श्रीवास्तव अनुराग सिंह अरुण सिंह अंकित अमित सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# जी.पी. इन्फोटेक कंप्यूटर संस्थान में वितरित किए प्रमाणपत्र

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के तेजगांव कॉम्प्लेक्स स्थित जी.पी. इन्फोटेक कंप्यूटर एकेडमी में छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए ।कार्यक्रम में कंप्यूटर संस्थान के डायरेक्टर योगेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर क्षेत्र में बच्चों को सदैव तकनीकी ज्ञान के माध्यम से आगे बढ़ाना है आज कंप्यूटर एक ऐसी जरूरत बनकर रह गया है जिसके बिना ना ही कोई व्यापार और ना ही कोई नौकरी मुमकिन है।

यदि छात्र-छात्राएं कंप्यूटर का ज्ञान विस्तृत रूप से अर्जित कर लेते हैं तो उन्हें सफलता के मार्ग पर प्रशस्त होने से कोई नहीं रोक सकता। हमारी संस्था विगत 9 वर्षों से लालगंज कस्बे में तकनीकी कोर्सेज जैसे सी.सी.सी., ओ- लेवल ,अमेजॉन वेब क्लाउड, वेबसाइट डेवलपिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, क्वार्क एक्सप्रेस, ग्राफिक डिजाइन आदि कोर्सों को सफलतापूर्वक प्रदान कर रहा है। हमारा मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर ज्ञान के मार्ग को प्रशस्त करना है हमारा संस्थान आर्थिक वर्ग से कमजोर व दिव्यांग बच्चों को कंप्यूटर कोर्स का निःशुल्क लाभ देने का कार्य विगत वर्षो से कर रहा है। जिससे कोई भी छात्र इस ज्ञान को ग्रहण करने से वंचित न रह जाए। साल 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कोर्सो की सुरुआत की जा रही है और साथ ही साथ कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों की भी क्लासेज प्रदान की जाएंगी।इस मौके पर संस्थान के तकनीकी प्रशिक्षक संध्या गुप्ता , गौरव शुक्ला, अनुष्का , सौरभ सहित दिव्यांश, महिमा दीक्षित, अर्पिता यादव , अनुष्का , अंजली, वैष्णवी,पलक, खुशी ,चांदनी, तनु, गुड़िया ,विधि, श्रुति ,कोमल दीप , जुबैदा,तान्या , साक्षी , अंशु यादव , सिनाज , एलिजा ,निखिल, अमन , बलवंत , अभय ,विशाल , शुभम , हिमांशु , रितिन , राज आदि छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

## टुल्लू पंप में उतर रहा करंट से झुलसा किशोर, रेफर

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर गांव में हैंडपंप पर पानी लेने गया एक किशोर टुल्लू पंप में उतर रही करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल किशोर हसन पुत्र मोहम्मद इमरान निवासी जलालपुर उम्र 12 वर्ष, जो की अपने घर में मौजूद हैंडपंप पर पानी लेने के लिए गया हुआ था, तभी पानी लेते समय वह टुल्लू पंप में उतर रही करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलसकर मौके पर ही भी बेहोश हो गया, जब काफी देर तक किशोर नहीं आया तो परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो किशोर बेहोश पड़ा हुआ था। तत्काल परिजनों के द्वारा आनन-फानन इलाज के लिए उस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एसपी का निरीक्षण बेअसर, चोरों ने पुलिस को दिया चकमा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

वर्तमान समय में लगातार क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रीय लोगो में भय व्याप्त होने के साथ-साथ स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठते हुए उनकी तो जमकर किरकिरी करा ही रहे है, साथ ही रविवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार द्वारा थाने के किए गए आकस्मिक निरीक्षण एवं थाना प्रभारी व उनकी पुलिस को दिए गए दिशा निर्देशों को भी बछरावां पुलिस ताख पर रखते हुए उनकी छवि को धूमिल करने का काम कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार के थाने के निरीक्षण के 12 घंटे के पश्चात ही चोरों ने रविवार व सोमवार की रात कस्बे की कसरावा मोड पर स्थित एक निजी ऑनलाइन कंपनी फ्लिपकार्ट के गोदाम के शटर का ताला तोड़कर उसे उठाने के पश्चात लाखों रुपए की नगदी व कुछ अन्य जरूरी सामान पार करते हुए स्थानीय पुलिस को एक बार पुनः चकमा दिया है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उक्त ऑनलाइन कंपनी के कर्मचारी अरविंद कुमार ने बताया कि बीती रात चोरों ने उनके गोदाम के सटर का ताला तोड़कर उसे उठाकर गोदाम के अंदर रखा एक लाख 82 हजार 210 रुपए नगद एवं सीसीटीवी कैमरे का लगा डीबीआर व कुछ अन्य जरूरी सामान पार कर दिया। साथ ही साथ उक्त अज्ञात चोरों के द्वारा कुछ पैकेट फाड़कर गोदाम के अंदर वह बाहर भी फेंक दिए गए हैं। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा। लेकिन सवाल यह उठना है की वर्तमान थाना प्रभारी के मात्र 35 दिन के कार्यकाल में आधा दर्जन से अधिक घटित हो चुकी चोरी की घटनाओं में चोरों को पकड़ने की बात सिर्फ उनके द्वारा हर बार की जा रही है, न ही वह उन्हें पकड़ पा रहे हैं और न ही किसी घटना का खुलासा करने में वह अपना सकारात्मक प्रभाव दिखा पा रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि वर्तमान थाना प्रभारी व उनकी पुलिस कब तक अपनी कथनी को करनी में तब्दील करने के साथ अपनी पुलिस के ऊपर लग रहे प्रश्नचिन्हों पर विराम लगाते हुए नजर आते हैं, यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है? जो फिलहाल अभी तक उनके लिए टेढ़ी खीर साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है।

## प्रशिक्षण हेतु 13 आपदा मित्र को लखनऊ किया गया रवाना

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ द्वारा आयोजित 12 दिवसीय आवासीय 'आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 13 चयनित आपदा मित्रों को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बस द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान कराया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार, प्राथमिक चिकित्सा, आकाशीय बिजली से सुरक्षा उपाय, डूबने की घटनाओं में बचाव कार्य, सड़क दुर्घटनाओं में राहत एवं बचाव तकनीक सहित विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

# कबाड़ व्यवसाई से रंगदारी वसूलने वाला गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

पीड़ित रमन कुमार अग्रहरि पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम विसारा पूरब द्वारा थाना मुसाफिरखाना पर लिखित तहरीर देकर बताया था कि बीते दस फरवरी को सुबह अपने बेटे को धरौली स्कूल छोड़कर आते समय शुक्ला पेट्रोल पंप के पास 4 अज्ञात व्यक्ति सफेद कार में जबरदस्ती बैठाकर जान से मारने की धमकी देकर 8 लाख रुपये लेकर छोड़ दिये। सोमवार को थाना मुसाफिरखाना व स्वाट टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट स्विफ्ट डिजायर कार सवार 2 अभियुक्त अनुज प्रताप सिंह उर्फ मुरारी सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह निवासी नगरा पूरे बदली थाना छावनी जनपद बस्ती व घनश्याम पाण्डेय पुत्र जटाशंकर पाण्डेय निवासी कलानी कला थाना छावनी को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से घनश्याम के कब्जे से 5,000/-रुपये तथा अनुज प्रताप सिंह उर्फ मुरारी सिंह के कब्जे से 4,45,000/- रुपये नगद, 3 मोबाइल फोन( 2 फोन वादी के व 1 अभियुक्त का), तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1 कूटरचित नंबर प्लेट बरामद हुआ है। पूछताछ में बताया कि वह अपने 5 अन्य साथियों महेश कुमार सिंह पुत्र स्व वीरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी पिण्डारा महाराज, सौरभ पाण्डेय पुत्र कैलाश पाण्डेय, राजकुमार यादव पुत्र रामउजागिर यादव निवासी जीतीपुर थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती, इस्लाम पुत्र रशीद अहमद निवासी इमामबाड़ा काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा व शुभम यादव पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी ग्राम पूरे हंसा मजरे भीखीपुर थाना मुसाफिरखाना के साथ मिलकर रमन अग्रहरि को डरा-धमका कर रुपये लेकर छोड़ दिये थे। उक्त 2 अभियुक्त महेश सिंह व सौरभ पाण्डेय को जनपद अयोध्या पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 15,000/- रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

# लटकते बिजली तारों की चपेट में आया युवक झुलसा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विभागीय उदासीनता के कारण कस्बा के पूरे मितई वार्ड में नहर पटरी पर एचटी लाइन के ढीले तारो की चपेट में आकर एक युवक की हालत गंभीर हो गई। सीएचसी पहुँचाये गये युवक का उपचार किया जा रहा है। नगर पंचायत के पूरे मितई वार्ड में प्रकाश इंटर कॉलेज के निकट नहर पटरी के किनारे खेतों से होकर गुजरे 11000 वोल्टेज के विद्युत तार मात्र 6 फिट की ऊंचाई से होकर गुजरे हैं। यह तार मौत को दावत दे रहे हैं।इन ढीले तारों को सही करने के लिए चेयरमैन आलोक तिवारी व इसी वार्ड के निवासी हर्षित मौर्या पुत्र गरीबे मौर्य द्वारा कई बार लिखित व मौखिक शिकायत बिजली विभाग में की गई,परन्तु विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया। यही कारण रहा कि सोमवार की शाम अपने खेतों में काम कर रहे जीतू पुत्र रामशरण ढीले तारों की चपेट में आ गये । जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। आनन फानन में लोगों ने सीएचसी हैदरगढ़ पहुँचाया। जहाँ पर उपचार किया जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की चपेट से दो दोस्त घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



स्कूल से घर वापस लौट रहे दो दोस्त सोमवार सुबह हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर दौलतपुर टोल प्लाजा के निकट अज्ञात वाहन से टकरा कर घायल हो गए।

सीएचसी पहुँचाये गये घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। कोतवाली हैदरगढ़ के रानीपुर गांव निवासी अभिजीत कनौजिया पुत्र दिनेश 18 व अरुण कुमार पुत्र सियाराम 16 वर्ष कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में क्र मशः इंटर व हाईस्कूल के छात्र हैं। सोमवार की सुबह दोनों कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र लेने आये थे, परन्तु प्रवेशपत्र न मिलने पर वापस घर लौट रहे थे। जब वह मोटरसाइकिल से दौलतपुर टोल प्लाजा के निकट पहुंचे तभी आगे जा रहा अज्ञात वाहन अचानक पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर चढ़ने के लिए लखनऊ की ओर मुड़ गया।

वाहन के अचानक मुड़ने से बाइक पीछे से वाहन में टकरा गई और दोनों दोस्त घायल हो गए। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत के कारण दोनों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## तीन हत्यारोपी को हुई आजीवन कारावास की सजा

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा हत्या की घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास व प्रत्येक को 25-25 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए थाना देवा पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-230/2007 धारा 302/34 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तग. यदुनन्दन उर्फ जग्गू पुत्र शंकर निवासी नई बस्ती मजरे सालेहनगर थाना देवा जनपद बाराबंकी, 2. संतोष सिंह पुत्र रामायण सिंह निवासी विनोवा मजरे मलूकपुर थाना देवा जनपद बाराबंकी व 3. रमेश पाल पुत्र संतराम निवासी कंचनपुर मटियारी चौराहा थाना चिनहट जनपद लखनऊ को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0- 08 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व 25,000-25,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्तगणों को धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से दोषमुक्त किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

# मारपीट व धमकी देने का आरोपी हुआ जिला बदर

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने वआर्म्स एक्ट जैसे अपराध में संलिप्त अभियुक्त को जनपद की सीमा से छह माह की अवधि के लिये निष्कासित करने का आदेश पारित किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में जघन्य अपराध में संलिप्त व गुण्डा/अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना सतरिख पुलिस द्वारा ओंमकार उर्फ गोलू उर्फ गलेंडा पुत्र राम विलास यादव निवासी ग्राम जरूवा मजरे भिटौली कला थाना सतरिख, जनपद बाराबंकी के विरुद्ध मारपीट,गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी जैसे कृत्यों में संलिप्त होने पर अभियोग पंजीकृत किए गए तथा साथ ही अभियुक्त की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने सम्बन्धी बीट सूचना भी अंकित की गयी है। थाना सतरिख पुलिस द्वारा अभियुक्त की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गयी जिसके आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अभियुक्त को जनपद की सीमा से 06 माह की अवधि के लिये निष्कासित करने का आदेश पारित कर दिया गया।

# दोषी सचिव-प्रधान पर नहीं हुई कार्यवाही डीपीआरओ पर लगा संरक्षण देने का आरोप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकासखंड हरगांव क्षेत्र में भ्रष्टाचार का मामला एक बार फिर चर्चा में है। ग्राम पंचायत बेनीपुर वाइजपुर में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बावजूद अब तक जिम्मेदारों पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।ग्रामीणों ने शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए ग्राम प्रधान और सचिव पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने पत्रांक संख्या 5387 दिनांक 21 जनवरी 2025 के माध्यम से जांच टीम गठित की थी। जांच की जिम्मेदारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को सौंपी गई।

जांच टीम ने मौके पर जाकर जांच की, जिसमें लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए। जांच अधिकारी ने अपनी आख्या पत्रांक संख्या 650 दिनांक 10 फरवरी 2025 को जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी थी। आरोप है कि जिलाधिकारी कार्यालय से जांच रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को भेजे जाने के बाद भी लगभग एक साल बीत जाने के बावजूद दोषी प्रधान और सचिव पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू द्वारा फाइल को कार्यालय में दबाकर दोषियों को संरक्षण दिया जा रहा है और जिलाधिकारी के आदेशों की अनदेखी की जा रही है। इस संबंध में जब जिला पंचायत राज अधिकारी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिला। कई बार फोन उठाकर टालमटोल करने और कई बार फोन न उठाने से भी प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल उठ रहे हैं। अब देखना यह है कि जांच में दोषी पाए गए प्रधान और सचिव पर कब तक कार्रवाई होती है या फिर मामला फाइलों में ही दबकर रह जाता है।

## उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने बहुउपयोगी वाहन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को कराया उपलब्ध




**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक सेवा गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विधिक सेवाओं की पहुंच दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले व्यक्तियों तक सुनिश्चित करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बहुउपयोगी वाहन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर को उपलब्ध कराया गया है। उक्त वाहन को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन द्वारा दोपहर समय-01:30 बजे समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगणों की उपस्थित में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी भगीरथ वर्मा द्वारा बताया कि यह वाहन जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करके समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा। इस अवसर पर सचिव श्री विजय भाव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसपी ने होली मेला परिक्रमा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर किया ब्रीफ



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

स्व. यशोदा कन्या पीजी कॉलेज मिश्रिख, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा आगामी होली मेला परिक्रमा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। जिसमें सुरक्षा के दृष्टिगत पार्किंग की समुचित व्यवस्था/घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु ड्रोन कैमरे से निगरानी व बैरिकेडिंग/एकीकृत नियंत्रण कक्ष/खोया पाया केन्द्र/ श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन व पूजन हेतु डिजिटल साइन ऐज आदि व्यवस्थाओं के संबंध में वार्ता की गई तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने हेतु उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।इस दौरान अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार एवं क्षेत्राधिकारीगण व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का हुआ आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर मलिक मोहम्मद जायसी जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने, बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सामाजिक संदेश देने तथा महिलाओं को सम्मान प्रदान करने की भावना को सशक्त करना रहा। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, रुचि सिंह एवं डॉ लाइक द्वारा अस्पताल में जन्मी नवजात बच्चियों की माताओं को बेबी किट भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रोबेशन विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# अधिवक्ताओं ने रिकार्ड 97.1 प्रतिशत डाले वोट

- बार एसोसिएशन छिबरामऊ चुनाव
- 552 मतदाताओं में 536 ने किया मताधिकार का प्रयोग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए कराए गए चुनाव में सोमवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता सभागार में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

निर्धारित समय तक मतदाता सूची में शामिल 552 मतदाताओं में 536 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस तरह मतदान कुल 97.1 प्रतिशत हुआ। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मतगणना कराई जाएगी। बार एसोसिएशन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव की देखरेख में अधिवक्ता सभागार में बनाए गए मतदान केंद्र पर सुबह 9 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू कराई गई। यहां वोट डालने के लिए छह बूथ बनाए गए थे। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम थे। पूरे समय कोतवाली पुलिस मतदान केंद्र के बाहर डटी रही। इस बार मतदाता सूची में 552 मतदाताओं के नाम शामिल थे। शाम 4 बजे तक संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया में 536 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को इसी अधिवक्ता सभागार में मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में पूरे दिन गजब का उत्साह देखा गया। मतदाताओं को अपने लिए वोट और सपोर्ट करने को लेकर प्रत्याशी पूरे समय जुगत भिड़ाने ज साथ संपर्क में जुटे रहे।

### प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटिकाओं में हुई कैद

छिबरामऊ। बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार सबसे बड़ा और कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अध्यक्ष पद पर जहां चार पूर्व अध्यक्ष समेत पांच प्रत्याशी किस्मत अजमा रहे थे। वहीं महासचिव पद के लिए भी इतने ही प्रत्याशी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ सिंह यादव रामचंद्र मिश्रा, राजकुमार सिंह व जितेंद्र श्रीवास्तव के साथ केडी वर्मा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं महासचिव पद के लिए पूर्व महासचिव पंकज मिश्रा, रजनीश कुमार यादव, घनश्याम सिंह यादव, अजीतप्रताप सिंह और रामप्रकाश यादव मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर फहीमुज्जमा खां, संजीव कुमार दुबे और श्याम सिंह भारती के बीच मुकाबला है। उपाध्यक्ष प्रथम के दो पदों के लिए गौरव कुमार, दिनेश यादव, विनीत त्रिपाठी और शिवप्रकाश उर्फ धुरंम किस्मत अजमा रहे हैं। इसी तरह संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर नरेंद्र सिंह शाक्य व अंकित यादव के बीच मुकाबला है, जबकि संयुक्त सचिव प्रसारण के लिए अमित कुमार राजपूत और विशाल दुबे आमने-सामने हैं। कोषाध्यक्ष पद पर अंजू पटेल, संजय कुमार मिश्रा और विमलेश कुमार के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ के छह पदों के लिए सचिन बौद्ध, संजीव यादव, रणजीत सिंह, अवनीश वर्मा, ललित दुबे, वेदमती, शहनूर अहमद, अनीस, सुखेंद्र सिंह यादव व वेदराम के बीच मुकाबला हो रहा है।

# 50 शैया मैटरनिटी विंग बना रेफर सेंटर

**छिबरामऊ, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**




राजकीय महिला चिकित्सालय में बने आधुनिक सुविधाओं से लैस 50 शैया मैटरनिटी विंग को शुरू हुए एक साल बीत चुका है। अभी तक यहां सर्जन की तैनाती नहीं हो पाई है। महिला रोग विशेषज्ञ भी एक महीने की छुट्टी पर हैं। ऐसे में हालत बिगड़ने पर गर्भवतियों और नवजातों को मजबूरन 50 किलोमीटर दूर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जाता है। राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर में 50 शैया मैटरनिटी विंग के निर्माण में पांच करोड़ 62 लाख 38 हजार रुपये का बजट खर्च किया गया है। नवंबर 2025 में हैंडओवर होने के बाद इसे शुरू कर दिया गया। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के देखरेख व इलाज के लिए यहां डॉ. गौरांग, डॉ. श्रुति व डॉ. ज्योति की नियुक्ति है। ऑपरेशन व महिलाओं से संबंधित गंभीर समस्या के बेहतर इलाज के लिए तैनाती के बाद डॉ. ज्योति को छह माह की ट्रेनिंग पर भेज दिया गया। ट्रेनिंग पूरी होते ही डॉ. ज्योति एक महीने की छुट्टी लेकर चली गईं वहीं, नवजातों की हालत बिगड़ने पर सीएचसी पर तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि तिवारी की शरण लेनी पड़ती है। गर्भवती महिलाओं व नवजातों की देखरेख से लेकर एसएनसीयू के संचालन तक की जिम्मेदारी डॉ. गौरांग व डॉ. श्रुति के कंधों पर है। विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती न होने से चिकित्सकों को गर्भवती व नवजात शिशुओं की हालत बिगड़ने पर मजबूरन रेफर करना पड़ता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि एसएनसीयू के संचालन के लिए नौ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भेजे गए हैं। सर्जन, महिला व बाल रोग विशेषज्ञ समेत अन्य स्टॉफ की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुआ सोर्स सेग्रिगेशन जागरूकता कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



नॉलेज पार्टनर संस्था मदर निर्मला फाउंडेशन ने स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत सोर्स सेग्रिगेशन (स्त्रोत पृथकरण) पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम वार्ड 1 अम्बेडकर नगर (मोहल्ला चौधरियान एवं आवास विकास) तथा वार्ड 2 पटेल नगर (मोहल्ला गमा देवी एवं विशुनपर हासिलपुर) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक इकबाल बहादुर और अल्ताफ अली ने स्थानीय निवासियों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने की विधि समझाई। उन्होंने बताया कि गीला कचरा हरे सेक्शन, सूखा कचरा नीले सेक्शन, सेनेटरी वेस्ट एवं डायपर लाल डस्टबीन तथा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट काले डस्टबीन में डालना चाहिए। प्रतिभागियों को अलग-अलग रंगीन डस्टबीन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वार्डवासियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए। नगर पालिका परिषद के सुपरवाइजर सलाउद्दीन एवं सुजीत कुमार अपने सफाई कर्मचारियों नरेश, पप्पू, शिवम सिंह, अमर सिंह, महेश, नन्ही देवी, रोशन, विजय, रोहित आदि के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम के निदेशक डॉ. जितेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप यह कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निरंतर निर्देशन में नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास जारी है। कार्यक्रम में वार्ड सभासद पान कुमारी, चरन सिंह, रामनाथ, नीरज कुमार, रामप्रकाश, पप्पू, वाहिद, सोबरन, अंशुल शाक्य, जैद पठान, अनस पठान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## वंशिका चैरिटेबल ब्लड सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बाईपास हाईवे स्थित वंशिका चैरिटेबल ब्लड सेंटर का शुभारंभ पूर्व विधायक अरविन्द प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह ब्लड बैंक नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा साबित होगा। अब आपातकालीन स्थिति में रक्त उपलब्धता के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय पर उपचार संभव हो सकेगा। समाजसेवा की इस सराहनीय पहल के लिए उन्होंने सभी सहयोगियों को हृदय से बधाई दी। क्रिएटिव सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि यहां ब्लड डोनेशन के साथ जरूरतमंदों को उनके रक्त ग्रुप के अनुसार हर समय ब्लड उपलब्ध रहेगा। नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. शरद द्विवेदी ने कहा कि रक्तदान करने वालों को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से प्रमाण पत्र दिए जाएंगे, जिसके आधार पर वे एक वर्ष तक निशुल्क रक्त प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित संतोष कुमार बाजपेई द्वारा हवन-पूजन से हुई। इस मौके पर डॉ. वीरपाल, डॉ. एस. चंद्रा, डॉ. विपिन यादव, डॉ. संदीप, डॉ. इजहार आलम, डॉ. सुरेंद्र शाक्य, डॉ. रजनीश द्विवेदी, डॉ. विवेक शाक्य सहित जनपद कन्नौज व फर्रूखाबाद के कई चिकित्सक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।



# सरकारी योजनाओं और बिजली में अवैध वसूली पर रोष

- भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की हुई महापंचायत

**छिबरामऊ, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



गंगोत्री गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की किसान महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक न पहुंचने और बिजली विभाग द्वारा अवैध वसूली के मुद्दे प्रमुखता से उठे। इस अवसर पर संगठन का विस्तार भी किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील से किसानों को लाभ मिलेगा, इसलिए किसानों को भ्रमित न होकर इसका समर्थन करना चाहिए और इससे फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने बिजली विभाग की अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए घोषणा की कि शीघ्र ही विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संगठन का निरंतर विस्तार हो रहा है, क्योंकि यहां कोई सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाता। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संचालन में हुई इस महापंचायत में कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। अमरदीप दीक्षित को ब्लॉक उपाध्यक्ष, ओमपाल सिंह और रामनिवास को तहसील उपाध्यक्ष, राजवीर सिंह को जिला उपाध्यक्ष फर्रुखाबाद, रामू मिश्रा उर्फ रामनारायण को मंडल उपाध्यक्ष कानपुर, विकास दुबे को मंडल उपाध्यक्ष कानपुर युवा प्रकोष्ठ, तथा वैभव त्रिवेदी को जिला उपाध्यक्ष औरैया बनाया गया। इन नियुक्तियों पर राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, सैनिक प्रकोष्ठ के अरविंद दुबे, जिला महामंत्री सुरेश चंद्र, मजदूर प्रकोष्ठ के अतुल बाजपेई एवं अखिलेश दुबे आदि ने खुशी जताई और बधाई दी।

## प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में मिस्टर कन्नौज बने अर्पित मिश्रा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कहते हैं पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। ऐसी ही एक कहावत गुरसहायगंज के अर्पित मिश्रा ने उस समय चरितार्थ कर दी जब उसने कन्नौज में आयोजित बॉडीबिल्डिंग मिस्टर यूपी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में चौथा रैंक प्राप्त किया, इतना ही नहीं कार्यक्रम में उसे मिस्टर कन्नौज की उपाधि भी दी गई। सोमवार को अब्दुल कादिर फिटनेस जिम गांधीनगर के कोच मिस्टर रेहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की शाम कन्नौज स्थित अजीजी क्लासिक फिटनेस सेंटर में मिस्टर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम मिस्टर नियाज हसन द्वारा आयोजित किया गया था , जिसमें प्रदेश के तमाम जनपदों से युवाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके सेंटर से केवल एकमात्र कैंडिडेट मोहल्ला रामगंज निवासी मिस्टर अर्पित मिश्रा पुत्र वेद भूषण मिश्रा पहुंचे थे जिसने स्टेज पर शानदार परफॉर्मेंस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कमेटी के जजेज द्वारा उसके परफॉर्मेंस को देखते हुए उसे प्रदेश में चौथा रैंक देकर मिस्टर कन्नौज की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अर्पित मिश्रा ने 50 केजी से 55 केजी कैटिगरी डेनियल मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें उसने अपनी मेहनत और लगन की बदौलत यह मुकाम हासिल किया। प्रतियोगिता में मिली सफलता का श्रेय अर्पित ने अपने कोच मिस्टर रेहान को दिया है। इस दौरान उनके साथ फैसल पठान, बाबू खान, समीर कुरैशी, छोटू ठाकुर आदि लोग भी मौजूद रहे।



# विस चुनाव में 250 सीटों का होना चाहिए लक्ष्य: पूर्व विधायक

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए की ताकत पर चुनाव लड़ेगी और 27 विधानसभा में 250 से अधिक सीट समाजवादी पार्टी मिलेगी और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। यह बात पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कही उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पिछली विधानसभा में 111 सीटें समाजवादी पार्टी को प्राप्त हुई थी लोकसभा के चुनाव में 37 सीट समाजवादी पार्टी ने जीती थी ।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश के विधानसभा 27 के चुनाव में 250 से अधिक सीट पीडीए की ताकत से प्राप्त होगी इसके लिए कार्यकर्ता कमर कस लें उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के सपा में आने से सपा को और भी बल मिलेगा उन्होंने उनका समाजवादी पार्टी में आने पर स्वागत भी किया। इससे पूर्व नगर के तिर्वा रोड स्थित मकबूल क्लॉथ हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर मकबूल क्लॉथ हाउस के स्वामी शहमूर खान ने पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी को फूल माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया इस दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता शाह निगार सिद्दीकी तथा शहनवाज सिद्दीकी ने पूर्व विधायक का स्वागत कर विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की और उनका स्वागत भी किया इस मौके पर मोहम्मद हाशिम हसानुर खान मंसूर खान गुलाम रसूल मंसूर खान एडवोकेट खुशनुड खान पूर्व सभासद आयुक्त सिद्दीकी अकील खान अशफाक खान सहित् समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नगर के नागरिक मौजूद रहे।

## पी.एस.एम. कालेज में 22 फरवरी को होगा मेगा विधिक सहायता शिविर, दिए निर्देश

**कन्नौज।** आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बैठक कर 22 फरवरी 2026 को पी.एस.एम. डिग्री कॉलेज में आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें और कम से कम पांच पात्र लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने 1 से 18 फरवरी तक लाभान्वित लाभार्थियों का विवरण 18 फरवरी शाम 4 बजे तक प्रस्तुत करने को कहा। शिविर में मेडिकल टीम, अग्निशमन वाहन, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विद्युत आपूर्ति, पार्किंग और साफ-सफाई एक दिन पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## बाइक-डीसीएम विवाद में थाना प्रभारी का 'ऑन द स्पॉट' एक्शन, वीडियो वायरल

**कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र में बाइक सवार और डीसीएम चालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया गया कि कहासुनी बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने डीसीएम चालक को रोक लिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे सौरिख थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थाना प्रभारी ने डीसीएम चालक से उलझ रहे युवक को खींचकर नीचे उतारा और उसे थप्पड़ व लात मारते हुए धुनाई कर दी। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में थाना प्रभारी को युवक पर नाराजगी जाहिर करते देखा जा सकता है। हालांकि घटना की आधिकारिक पुष्टि और पूरे विवाद के कारणों को लेकर पुलिस की ओर से विस्तृत बयान सामने नहीं आया है। वायरल वीडियो सौरिख थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

## कृषक-वैज्ञानिक संवाद करें मजबूत, आय बढ़ाने पर फोकस: डॉ. आर.के. यादव

**कन्नौज।** कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आर.के. यादव, निदेशक प्रसार, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने कहा कि वैज्ञानिक किसानों से सतत संवाद बनाए रखें और उनकी समस्याओं का समाधान खेत स्तर पर करें। बैठक में पिछले वर्ष की प्रगति रिपोर्ट और वर्ष 2026 की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। मृदा स्वास्थ्य, मृदा सुधार, उन्नत प्रजातियां, आधुनिक तकनीक और आयवृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.के. कनौजिया, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार यादव सहित विभागीय अधिकारी व प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# पंद्रहवें वित्त आयोग की धनराशि पर मंथन, मानक से समझौता नहीं: डीएम




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगर निकायों के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद कन्नौज, गुरुसहायगंज व समधन के अध्यक्ष अनुपस्थित पाए गए, जिनके प्रस्तावों पर अगली बैठक में विचार करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को बुनियादी अनुदान से बाउंड्रीवाल, सीसी रोड, नाली व स्नानघर निर्माण के लिए प्रथम व द्वितीय किस्त जारी करने पर सहमति दी। साथ ही सालिड वेस्ट मैनेजमेंट और जलापूर्ति कार्यों की गहन समीक्षा की। नगर पंचायत सिकंदरपुर, सौरिख व तालग्राम के मार्ग प्रकाश व निर्माण प्रस्तावों को भी स्वीकृति देते हुए गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम देवेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# किसान का मिला शव, हटाने को लेकर पुलिस से झड़प

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गांव में ट्यूबबेल पर गए एक किसान का शव निकट ही एक आलू के खेत में मिट्टी से सना हुए मिलने की खबर पर हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पर ग्रामीणों और परिजनों के अलावा मौके पर पुलिस बल भी पहुंचा। शव को लोडर से ले जाए जाने के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मृतक किसान की हत्या किए जाने की बात कहते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर लोडर को रोकने के बाद हंगामा शुरू कर दिया।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पुलिस शव को जबरिया ले जाने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान मौके पर मौजूद महिलाओं और परिजनों की पुलिस से झड़प और धक्का मुक्की भी हुई। बताते चलें कि, मामला जिले के थाना सौरिख के नगला वीरभान का बताया गया है। गांव निवासी 50 वर्षीय चंद्रपाल यादव का शव सोमवार की सुबह खेत पर मिला था। मामले की सूचना पर ग्रामीण और मृतक किसान के परिजन के अलावा थाना प्रभाती जयंती प्रसाद गंगवार भी पुलिस बाल के साथ मौके पर पहुंचे,और शव को अपने कब्जे में ले लिया। जैसे ही शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए लोडर से भेजना चाहा, इसी दौरान मृतक चंद्रपाल के घर की महिलाओं ने लोडर को घेर लिया। महिलाएं लोडर के सामने खड़ी हो गईं, जिस पर पुलिस ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो हंगामा शुरू हो गया। पुलिस और ग्रामीण महिलाओं के मध्य धक्का मुक्की और झड़प शुरू हो गई। हंगामे के दौरान प्रदर्शनकारी मृतक की हत्या किए जाने की बात कहते हुए कार्यवाही की बात कह रहे थे। उनकी मांग थी कि पहले आरोपी पर कार्यवाही हो इसके बाद शव को ले जाने दिया जाएगा। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के मध्य झड़प और धक्का मुक्की भी हुई जिसके बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु पुलिस ने भेजा। मामले को लेकर परिजनों ने बताया कि, चंद्रपाल सुबह गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए खेत पर गए थे, ट्यूबबेल चलाकर वापस भी घर लौट आये थे।

# भाजपा आईटी सेल जिलाध्यक्ष ने समर्पण निधि में दिया योगदान



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा मुख्यालय पर भाजपा आईटी सेल कन्नौज के जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने समर्पण निधि के अंतर्गत चेक सौंपा। उन्होंने यह चेक भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया को प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने आईटी सेल टीम को बधाई देते हुए संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने अभिषेक पाण्डेय की मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों में विस्तारक के रूप में सक्रिय भूमिका तथा अन्य राज्यों में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, मुनीश मिश्रा, निर्मल कटियार, शोभित कश्यप और रोहित शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि समर्पण निधि के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# 'हमारा आंगन हमारे बच्चें' उत्सव आयोजित, बच्चें हुए सम्मानित

- बीआरसी जलालाबाद में बीईओ ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लाक संसाधन केंद्र जलालाबाद परिसर में ब्लॉक स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर एसआरजी संजीव कटियार, एआरपी राकेश कुमार, एआरपी रंजना पाठक, राकेश कुमार, मोहम्मद वसीम खान, मनोज कुमार, धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक एनपीआरसी से बाल वाटिका के पांच निपुण बच्चों, एक आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा कक्षा एक के एक नोडल शिक्षक को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में सीखने की ललक बढ़ती है और अभिभावकों का भी शिक्षा के प्रति विश्वास मजबूत होता है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाना और निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को प्रोत्साहित करना रहा।

# किसानों की समस्याओं का समाधान होना पहली प्राथमिकता

- मुख्य अतिथि बोले कृषक-वैज्ञानिक संवाद पर दिया जाएं जोर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना कृषि विज्ञान केंद्र की प्राथमिकता होनी चाहिए। मृदा स्वास्थ्य, मृदा सुधार, उन्नतशील खेती एवं उन्नत प्रजातियों की जानकारी गांव- गांव तक पहुंचाई जाए, जिससे किसानों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हो सके। यह बात डॉ. आर.के. यादव, निदेशक प्रसार ने कही। सोमवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्ष 2025 में कराए गए कार्यों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई तथा वर्ष 2026 की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपने- अपने अनुसंधान एवं प्रसार कार्यक्रमों की जानकारी समिति के समक्ष रखी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. आर.के. यादव, निदेशक प्रसार, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि वे कृषकों से निरंतर संवाद स्थापित रखें। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वी.के. कनौजिया ने की। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक संतोष कुमार यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरदूल सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी आर.के. वर्मा, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। केंद्र के वैज्ञानिकों में डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अमर सिंह, डॉ. अवनींद्र कुमार, डॉ. चंद्रकला एवं अमरेंद्र यादव ने अपने-अपने विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में इफको प्रतिनिधि मानवेन्द्र सिंह के साथ प्रगतिशील कृषक अमरनाथ और वीरेन्द्र कटियार भी उपस्थित रहे।

## बाल श्रम के खिलाफ बिगुल, 2026 तक जिला होगा 'चाइल्ड लेबर फ्री'

**कन्नौज।** जिले को वर्ष 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जनजागरण रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाल श्रम खत्म करने के लिए केवल अभियान नहीं, बल्कि जमीनी रणनीति की जरूरत है। हर बच्चे का स्कूल में नामांकन और नियमित ठहराव सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी।

विकास भवन सभागार में श्रम विभाग और एसोसिएशन फॉर स्वैच्छिक एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कहा कि बाल श्रम को सामाजिक सुविधा नहीं, अपराध समझने की मानसिकता विकसित करनी होगी।

# पांच माह पूर्व छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले ने पकड़ा तूल

- राजस्व विभाग ने आरोपियों के कोचिंग सेंटर के सामने स्थित दुकानों की पैमाइश की
- दुकानों को खाली करने के आदेश, चल सकता है बुलडोजर

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में पांच माह पहले सामने आए छात्रा दुष्कर्म कांड ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। इस बार पुलिस नहीं, बल्कि राजस्व विभाग की टीम ने मोर्चा संभाला और आरोपियों से जुड़े अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी।

सोमवार देर शाम शमशाबाद के नायब तहसीलदार के नेतृत्व में नगर लेखपाल पंकज चौहान, पूजा चौहान, रोहित अवस्थी और भारी पुलिस बल के साथ कोचिंग सेंटर के सामने स्थित दुकानों की पैमाइश की गई। जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, इलाके में हलचल मच गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रशासन ने आरोपित शीबू और सलमान से संबंधित बताई जा रही दुकानों का चिन्हांकन किया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि दुकानें अतिक्रमण कर बनाई गई हैं। कोचिंग सेंटर साइड शकील मार्केट में बनी कुछ दुकानें कब्रिस्तान की भूमि पर खड़ी पाई गईं। मौके पर सीमांकन कर अतिक्रमण दर्ज किया गया। यह वही मामला है जिसमें कोचिंग संचालकों पर छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर धमकाने का आरोप लगा था। पुलिस पहले ही तीनों आरोपितों शीबू, सलमान और अनस को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। घटना के बाद से ग्रामीणों में गुस्सा था और सरकारी जमीन पर कब्जा हटाने की मांग लगातार उठ रही थी। प्रशासन ने संबंधित लोगों को तीन दिन पहले नोटिस जारी किए थे। सोमवार रात दुकानों को खाली करने के आदेश दे दिए गए। अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार को अवैध कब्जे पर बुलडोजर चल सकता है। इसी बीच राजस्व टीम ने आरोपी अनस के गांव निजामुद्दीनपुर में गाटा संख्या 336 नवीन परती भूमि पर भी अवैध कब्जा चिन्हित किया है। वहां भी जल्द कार्रवाई की तैयारी है। प्रशासन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



पैमाइश करते राजस्वकर्मी

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मायके वालों ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के पिहानी थाना क्षेत्र स्थित गांव केलापुर्वा निवासी रामसनेही ने बताया कि उन्होंने अपनी 22 वर्षीय बेटी सारिका की शादी दो माह पूर्व कमालगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी रोहित कुमार से की थी। रामसनेही के अनुसार शादी के बाद से ही सारिका के ससुरालवाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। रामसनेही ने बताया कि दो दिन पहले उनकी बेटी से बात हुई थी। तब सारिका ने कहा था कि सब ठीक हो जाएगा। रविवार शाम को उन्हें सूचना मिली कि सारिका की तबीयत खराब है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। बाद में जब उन्होंने बेटी की हालत जानने के लिए ससुराल फोन किया तो किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। कुछ देर बाद उन्हें बताया गया कि सारिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में है। जब रामसनेही वहां पहुंचे तो उनकी बेटी मृत अवस्था में मिली। उन्होंने बताया कि सारिका के ससुराल वाले मौके से फरार थे। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कमालगंज थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडेय ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



जांच पड़ताल करती पुलिस

# बोर्ड सचिव ने दिये आधा घंटा देर से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को भी परीक्षा में बैठने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों के लिए बोर्ड के सचिव ने दिशा निर्देश जारी किये हैं। जिसमें कहा गया है कि किसी पेपर की परीक्षा के लिए अधिकतम आधा घंटा तक देर से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे सकेंगे। जानकारी के मुताबिक इसके अलावा उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित क्रमांक का उपस्थिति पत्रक पर परीक्षार्थी द्वारा अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। इस बात को संबंधित कक्ष निरीक्षक पालन करना सुनिश्चित करेंगे। बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से आरम्भ होकर 12 मार्च तक चलेंगी। प्रश्न पत्रों की समय सीमा 3:15 घंटे की रहेगी। जिसमें शुरु के 15 मिनट प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए हैं। दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए को परीक्षा हेतु निर्धारित अवधि के अतिरिक्त 20 मिनट प्रति घंटे के हिसाब से अलग से मिलेंगे। हर कक्ष में दो शिक्षक कक्ष निरीक्षक हेतु नियुक्त किया जाना अनिवार्य है। कक्ष निरीक्षकों के पास उनका परिचय पत्र, आधार कार्ड रहना केंद्र व्यवस्थापक सुनिश्चित करायेंगे। महिला परीक्षार्थियों की तलाशी पुरुष शिक्षक निरीक्षक किसी भी सूरत में नहीं लेंगे, इसलिए सचल दल में एक महिला शिक्षक को रखा जाना अनिवार्य है।

# एडीएम ने नगर पालिका कार्यालय का किया निरीक्षण

- पुस्तकालय के निरीक्षण के दौरान छात्रों से की वार्ता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सोमवार को नगर पालिका परिषद कायमगंज कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम परिसर में स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया एवं विद्यार्थियों से वार्ता की। इसके बाद उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात सभागार एवं डेड स्टॉक स्टोर तथा पथ प्रकाश स्टोर, जनरेटर कक्ष तथा अन्य विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। कार्यालय नगर पालिका परिषद में स्थित विभिन्न पटलों तथा निर्माण लिपिक पटल, पथ प्रकाश, कर, जन्म-मृत्यु पटल एवं लेखा पटल का निरीक्षण कर पत्रावलियों का अवलोकन किया। कर्मचारियों, कार्यालय सहायकों से संबंधित प्रकरण में वार्ता एवं पूछताछ की। अधिशाषी अधिकारी के कक्ष में विभिन्न पत्रावलियों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया तथा कर्मचारियों से पत्रावलियों में अंकित की गयी प्रविष्टियों के संबंध में पूछताछ की एवं परिसर की सफाई व्यवस्था एवं जलापूर्ति व्यवस्था से संबंधित सामग्रियां एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात अधिशासी अधिकारी के कक्ष में बैठकर अभिलेख, पत्रावलियों एवं सर्विस बुक, स्टॉक रजिस्टर, रजिस्टरों का रजिस्टर, फाइल रजिस्टर, जन्म-मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के लिए सुधारात्मक निर्देश दिए और सफाई व्यवस्था एवं पत्रावलियों एवं अभिलेखों के रखरखाव पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, अवर अभियंता (जल) प्रशांत कुमार तथा प्रभारी ग्रहकर लिपिक विजय सिंह, प्रभारी पथ प्रकाश व्यवस्था नीरज गुप्ता, सफाई नायक एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



अभिलेखों का निरीक्षण करते एडीएम

# बोर्ड परीक्षा: कॉपी से नोट निकलने पर छात्र के साथ कक्ष निरीक्षक पर भी होगी कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टर की परीक्षा के दौरान यदि कॉपी में नोट निकलते हैं, तो छात्र के साथ कक्ष निरीक्षक की खैर नहीं। ऐसा होने पर अनुचित साधन का प्रयोग करना मानते हुए कक्ष निरीक्षक एवं छात्र दोनों पर कार्यवाही होगी। यू.पी. बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिये हैं कि सचिव ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी छात्र-छात्रा की उत्तर पुस्तिका से मुद्रा (रुपये) प्राप्त होते हैं, तो इसे अनुचित साधन सामग्री का प्रयोग माना जायेगा और उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के समय उसी आधार पर परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी प्रकार के मामलों को ड्यूटी के समय कक्ष निरीक्षकों की लापरवाही मानते हुए उस पर भी विभागीय नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

**कक्ष निरीक्षकों के क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र जारी**

हाईस्कूल एवं इण्टर की परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करने वाले शिक्षकों के क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की बेबसाइड पर अपलोड कर दिये गये हैं। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने निर्देश दिये हैं कि कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र निर्गत कर दिये जायें। संदिग्ध स्थिति मिलने पर क्यूआर कोर्ड के माध्यम से परिचय पत्रों की मोबाइल एप से जांच की जायेगी।

# हत्या व जानलेवा हमले के मामले में बाल अपचारी दोष सिद्ध

- बाल अपचारी ने अपनी बहन व उसके प्रेमी के साथ घटना करित की थी
- सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए18 फरवरी की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने बाल अपचारी को हत्या व जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए18 फरवरी की तिथि नियत की है। कोतवाली फर्रुखाबाद के एक मोहल्ला निवासी एक युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा भाई मेरे पड़ोस की लड़की से प्यार करता था। दिनांक 25/26 जून 2017 को रात लगभग 12 बजे हम लोग खाना खाकर छत पर सो रहे थे। अचानक शोर की आवाज होने पर जाग गए तथा भागकर देखा कि लड़की का भाई अपने हाथ में लोहे की रॉड लेकर जान से मारने की नियत से मेरे भाई व उसकी प्रेमिका को मार रहा था। मैंने व मेरे पापा ने बिजली की रोशनी में देखा, हमारे पहुंचते ही वह भाग गया। हमने मौके पर जाकर देखा मेरा भाई और उसकी प्रेमिका गंभीर रूप से घायल होकर मरणासन्न हालत में बरामदे में पड़े हैं। इस पर हम लोग ने डायल 100 पर सूचना दी। दोनों लोगों को अस्पताल राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर आए। मेरे भाई को डॉक्टर ने मृतक घोषित कर लड़की को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार धारा 302, 307 आई.पी.सी. में मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार बाल अपचारी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तिथि नियत है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय श्रद्धालु की मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गयी। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर हरिहरपुर निवासी विश्वनाथ सिंह पुत्र सूर्य बक्स सिंह महाशिवरात्रि के अवसर पर व्रत रखे हुए थे। रविवार देर रात करीब 2:30 बजे वह एक मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद दूसरे मंदिर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान अमृतपुर रोड पर तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर राजेपुर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में उपनिरीक्षक सत्यदेव ओझा ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही संभावित मार्गों पर जांच पड़ताल कर वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पत्नी शांति देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि विश्वनाथ सिंह धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर व्रत रखकर रात्रि में मंदिरों में दर्शन करने जाते थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।



मृतक का फाइल फोटो

# नगर के बीस मोहल्लों में तीन दिन बिजली कटौती

## चौक फीडर विभाजन के कारण 16 से 18 फरवरी तक सप्लाई रहेगी कट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर के प्रमुख चौक फीडर को दो भागों में विभाजित किया जाएगा। इस कार्य के चलते सोमवार 16 फरवरी से तीन दिनों तक लगभग 20 मोहल्लों और मुख्य बाजार में छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी।

ठंडी सड़क बिजली उपकेंद्र से संचालित चौक फीडर शहर के सबसे बड़े फीडरों में से एक है। यह लगभग 20 मोहल्लों और मुख्य बाजार को बिजली आपूर्ति करता है। वर्तमान में बड़े फीडर के कारण गर्मियों में अक्सर फाल्ट की समस्या आती है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। फीडर को दो भागों में बांटने का मुख्य उद्देश्य बिजली आपूर्ति को सुचारु और विश्वसनीय बनाना है। इससे फाल्ट की समस्या कम होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिल सकेगी। फीडर विभाजन का कार्य 16 से 18 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान नेहरू रोड बाजार, खतराना, सेनापति, खड़ियाई, नुनहाई सहित अन्य मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

एसडीओ मनीष वर्मा ने बताया कि चौक फीडर को विभाजित कर एक नया फीडर बनाया जाएगा। उन्होंने 18 फरवरी तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।



चौक फीडर

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद में सोमवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर किया गया।

शाहजहांपुर जिले के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गढ़िया गांव निवासी नितिन कुमार (35) पुत्र धर्मपाल एक शादी समारोह में शामिल होने शमशाबाद आए थे। समारोह नगर के एक गेस्ट हाउस में था। सोमवार सुबह नितिन अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। उनके परिजन एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में उनके पीछे आ रहे थे। ढाई घाट शमशाबाद मार्ग पर पुल के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने नितिन की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को और डायल 108 पर एंबुलेंस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से स्थानीय लोगों और पुलिस ने गंभीर रूप से घायल नितिन कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अलीम अंसारी ने नितिन कुमार को प्राथमिक उपचार दिया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



अस्पताल में मौजूद परिजन

# सीओ को निरीक्षण में मिलीं खामियां दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा ने नवाबगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीएन कार्यालय का निरीक्षण कर हेडमोहर्रिर वीरेन्द्र प्रताप से अपराध रजिस्टर व लंबित मामलों की जानकारी ली। उसके बाद भोजनालय में लगा खराब आरओ को ठीक कराने व भोजनालय में बर्तनों की कमी पूरी करने के निर्देश दिए। उसके बाद नई बनी बैरिक में गंदगी देख सफाई कराने के निदेश दिए। उसके बाद मालखाना व थाना परिसर में खड़ी दाखिल गाड़ियों के बारे में जानकरी ली। उन्होंने कहा कि आने वाले फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। किसी भी फरियादी को ज्यादा न दौड़ाया जाये। इस मौके पर एसआई जगराम सिंह, गीतम सिंह, एसएसआई राम सिंह, हेड कांस्टेबिल वीरेन्द्र प्रताप सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



थाने का निरीक्षण करते सीओ

## बाइक फिसलने से युवक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद ब्लॉक के गांव घमुइया निवासी संतोष कुमार सोमवार को किसी काम से मोहम्मदाबाद गया था। देर शाम वहां से बाइक पर वापस अपने घर जा रहा था, तभी थाना नवाबगंज क्षेत्र के एसकेएम कॉलेज के समीप अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक गीतम सिंह व कांस्टेबिल किरण कुमार ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल संतोष को नवाबगंज सीएचसी भर्ती कराया। जहां उसका उपचार हो रहा है।

## उच्चकों ने बच्ची से पर्स किया पार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम सलेमपुर बरतल निवासी अनीता देवी पत्नी रजनेश कुमार अपनी 1 वर्षीय बच्ची के साथ कस्बा नवाबगंज में रफीक की दुकान से सौदा खरीदने के बाद दुकान से उतरकर जैसे ही सड़क पर पहुंची महिला का पर्स जो 1 वर्ष की बच्ची की कंधे में टंगा हुआ था, किसी अज्ञात चोर ने बच्ची से वह बैग ले लिया। महिला ने जान नहीं पाया। महिला की पर्स में एक झुमकी, एक चांदी की जंजीर,1100 नगद थे। कुछ देर बाद महिला ने अपनी बच्ची के हाथ में पर्स न देखकर परेशान होने लगी। चारों तरफ देखा, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने इसकी सूचना अपने पति को दी। पति मौके पर पहुंचा।महिला ने थाने पर कोई तहरीर नहीं थी, लेकिन तहरीर देने की बात कह रही थी।

# पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सुमित 20 वर्ष पुत्र जवाहर सिंह के रूप में हुई है, जो कमालगंज थाना क्षेत्र के भूलनपुर गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि सुमित गढ़िया गांव के निकट त्रिशूल मंदिर के पास खड़ा है। इस सूचना पर राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने युवक की तलाशी ली, जिसके दौरान उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

# देवरानी ने जेठ को लीवर दान कर दिया नया जीवन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज ब्लॉक स्थित निजामुद्दीनपुर गांव में एक देवरानी ने अपने जेठ को लीवर दान कर उनकी जान बचाई है। गांव निवासी अकबर पिछले आठ महीनों से गंभीर रूप से बीमार था। अकबर के भाई अमजद ने बताया कि जांच में डॉक्टरों ने अकबर का लीवर खराब होने की पुष्टि की थी। डॉक्टरों ने उनके जीवन को बचाने के लिए लीवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी।

अकबर की बीमारी के दौरान उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर अपने मायके चली गई थीं। वह अपने 8 वर्षीय बेटे असरफ को भी साथ ले गई थी। इसी मुश्किल समय में अकबर के छोटे भाई अमजद की पत्नी निदा परवीन उम्र लगभग 29 वर्ष ने अपने जेठ को लीवर दान करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि वह अपने जेठ को भाई समान मानती हैं और उनकी जान बचाना अपना कर्तव्य समझती हैं। गुरुवार को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निदा परवीन ने अपना लीवर दान किया। सफल ऑपरेशन के बाद अकबर की जान बच गई। परिजनों के अनुसार वर्तमान में निदा परवीन और अकबर दोनों की हालत स्थिर है। वे डॉक्टरों की निगरानी में तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।



अस्पताल में भर्ती अकबर व लीवर दान करने वाली महिला निदा परवीन

# दरोगा का हिस्ट्रीशीटर से शराब मांगने का वीडियो वायरल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

वायरल ऑडियो में कथित तौर पर एक दारोगा और हिस्ट्रीशीटर के बीच टीन शेड और खाई रुकवाने को लेकर चर्चा हो रही है। बातचीत के दौरान दारोगा को यह कहते सुना जा सकता है कि अगर सामने आने में डर लग रहा है, तो 20 क्वार्टर दारू ठेके पर रखवा दो हम वहां से उठा लेंगे। इस बातचीत को लेकर गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी के अनुसार ऑडियो वायरल करने वाला व्यक्ति एक शातिर हिस्ट्रीशीटर है। जिस पर गैंगेस्टर और हाल ही में गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जा चुकी है। चूंकि वह अपराधी अवैध शराब के धंधे में लिप्त है। इसलिए उसे विश्वास में लेकर सुरक्षित स्थान पर बुलाने के लिए शराब की मांग का दांव खेला गया था। पुलिस का मानना है कि दविश और कानूनी कार्रवाई से बौखलाया अपराधी अब भ्रामक ऑडियो के सहारे पुलिस की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है और अपने बचाव के रास्ते ढूंढ रहा है। उन्होंने बताया प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हिस्ट्रीशीटर अवैध शराब के कारोबार में शामिल है। उसे पकड़ने के उद्देश्य से ही योजनाबद्ध तरीके से बातचीत की गई थी। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इधर उच्चाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या अपराधी ने खुद को बचाने के लिए जानबूझकर इस बातचीत को रिकॉर्ड कर पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की है।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में प्राइमरी विंग द्वारा हुआ आयोजन

▸ बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



अभिभावकों को सम्मानित करती मिथलेश अग्रवाल



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय के प्राइमरी विंग द्वारा प्रधानाचार्य के साथ कॉफी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अभिभावकों एवं विद्यालय प्रशासन के मध्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, आगामी परीक्षाओं की तैयारी तथा उनके सर्वांगीण विकास पर सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ। अभिभावकों के सुझाव आमंत्रित किए गए तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ रहीं। बच्चों ने मधुर स्वर में गीत, भावपूर्ण अभिनय एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यालय के समग्र विकासात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। मैनेजिंग डायरेक्टर जोशना अग्रवाल ने उत्कृष्ट अंकों के साथ गहन समझ एवं संस्कारों के संवर्धन पर बल दिया। उपनिदेशक अंजू राजे ने अभिभावक-विद्यालय सहभागिता को विद्यार्थियों की सफलता का आधार बताया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के अध्ययन में सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करें। सक्रिय सहयोग हेतु अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। प्राइमरी विंग की इंचार्ज शिवानी दीक्षित ने सभी का आभार प्रकट किया।

# एनएसएस के सप्त दिवसीय शिविर का हुआ समापन

▸ स्वयं सेवकों को कैरियर गाइडेंस की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम को सम्बोधित करते शिक्षक

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। समापन दिवस के प्रथम सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर सत्यनारायण सिंह द्वारा स्वयंसेवकों के मध्य करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में छात्रों की रुचियों, क्षमताओं और कौशलों के आधार पर सही करियर चुनाव कैसे करें, अपने शैक्षिक विषयों और पेशा का चयन कैसे किया जाता है उसका आधार क्या होता है आदि बातों पर चर्चा हुई। उद्देश्य करियर संबंधी भ्रम को कम करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और नौकरी बाजार के रुझानों के अनुरूप निर्णय लेने में सहायता करना है। यह काउंसलिंग उच्च शिक्षा के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो सही मार्गदर्शन के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने 7 दिनों में किए गए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवक भी इस सप्त दिवसीय शिविर में उन्हें क्या अनुभव हुआ है और अपने व्यक्तित्व में हुए सकारात्मक परिवर्तन पर भी बात अपनी रखी।

## मिट्टी मोल बिक रहा आलू, किसान मायूस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर आलू मण्डी में लगभग 200 मोटर आलू की आमद रही। सोमवार को आलू की ज्यादा आमद होने के कारण भाव सामान्य रहा। 301 रुपये से लेकर 401 रुपये कुंतल सामान्य गड्ड आलू बिका। छट्टा आलू का भाव 401 रुपये से लेकर 481 रुपये रहा। सुपर छट्टा आलू 481 से 581 रुपये कुंतल में बिका। हालैंड आलू 681 से 751 रुपये प्रति कुंतल बिका। बगैर छिले आलू की बिक्री अच्छी रही। मण्डी में आलू की आमद ज्यादा है। वहीं दूसरी ओर किसानों को भाव अच्छ न मिल पाने के कारण लागत भी नहीं निकल रही है। ऐसे में आलू किसान कर्जीला हो गया है। अन्य फसल की बुवाई भी शुरु हो गयी है। ऐसे में किसानों के आगे मजबूरी है और अपना आलू औने-पौने दामों में बेंचने को मजबूर है। बाहर के भी व्यापारी मण्डी में आ रहे है, लेकिन भाव अच्छा न मिल पाने के कारण पूरी मार आलू किसान पर पड़ रही है। इस वर्ष आलू किसान बर्बादी की कगार पर है। मिट्टी मोल आलू बिक रहा है। कई किसानों ने अपने आलू को अपने खेत में ही जुतवा दिया है। आलू किसान के आंसू पोछने वाला कोई नहीं है। बाढ़ का दंश और महंगाई की मार झेलने के बाद किसान अब असहाय हो गया है और उसकी फसल में आलू का भाव लागत से भी कम मिल पाने के कारण किसान दुखी है। ऐसे में किसानों ने मांग की कि सरकार आलू का समर्थन मूल्य घोषित करें।


मण्डी में लगे आलू के ढेर

## पोस्टर व रोल प्ले प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



पोस्टर के साथ छात्रायें मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कॉलेज में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत पोस्टर, रोल प्ले और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डायरिया के प्रति जागरूकता के लिए छात्राओं ने अपने घर में एक प्रहरी के रूप में कार्य करने के लिए भी आश्वासन दिया। प्रतियोगिता में 52 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कक्षा 9 की ताहिरा पहले, कक्ष 9 की दिव्यांशी मिश्रा दूसरे और कक्षा 9 की निशु राठौर तीसरे स्थान पर रही। कक्षा-8 की शिवांगी पाण्डेय तथा सृष्टि कुशवाहा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को डायरिया रोकथाम और प्रबन्धन के बारे में विस्तार से बताया गया। क्विज और पोस्टर के जरिए डायरिया से बचाव के जरूरी सन्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि ने कहा कि टीकाकरण सारणी के अनुसार बच्चों को सारे टीके लगवाएं और रोटावायरस, विटामिन-ए को लेना न भूलें। भोजन को ढककर रखें, ताकि मक्खियाँ उस पर न बैठें। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, अध्यापिका पूनम शुक्ला, दिव्या सिंह, समीक्षा अग्निहोत्री के अलावा अमरीश कुमार पाण्डेय, अनुपम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सेवानिवृत्त प्रा. शिक्षकों ने नोशनल पेंशन वृद्धि देने की उठायी मांग


ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ता करते पूर्व शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद ने बैठक कर पूर्व शिक्षकों की समस्या का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने के संबंध में बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। मासिक बैठक की अध्यक्षता संरक्षक रामसनेही यादव ने की। संचालन जिला संयोजक विजय बहादुर यादव ने किया। शासनादेश के क्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों को पेंशन प्राप्त करने के उपरान्त पूर्व में पेंशन प्राप्त शिक्षकों को सेवा पुस्तिकायें प्राप्त नहीं करायी गई। जिससे अध्यापकों की नोशनल पेंशन वृद्धि लगाने की बहुत परेशानी हो रही है। वर्तमान में सेवानिवृत्त अध्यापकों को सेवा पुस्तिकायें प्राप्त करायी जाये। नोशनल पेंशन हेतु जिन शिक्षकों की फाइल कानपुर कोषागार में भेजी गई है उनमें बहुत से शिक्षकों की फाइलें अभी तक कोषागार से जनपद वापस नहीं आयी है। उन्हें शीघ्र वापस किया जाये और संगठन के पूर्व शिक्षकों की समस्या का निस्तारण किया जाये। इस मौके पर बलवीर यादव, करन सिंह राठौर, मानसिंह, रामऔतार पाल, महेश चन्द्र, आचार्य राकेश कुमार, धनपाल सिंह, राजाराम, राजकुमार, हरकिशोर सिंह, दफेदार, गिरिजादेवी, किशोरी लाल, गुलाब सिंह, कश्मीर सिंह, हरिवंश बहादुर, सरवेश्वर सिंह, सुशील कुमार, धर्मप्रकाश, अली अहमद, शिवनंदन, आनंद सिंह, बादशाह सिंह, रामासरे कटियार, देशराज पाल आदि पूर्व शिक्षक मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र अमन कुमार सिंह के गलत चाल चलन के चलते अपने चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरी पत्नी पिन्की देवी तथा अन्य परिजनों का कोई सरोकार नहीं होगा। **भरतपाल सिंह पुत्र प्रतिपाल सिंह निवासी मोहल्ला आश्रम नगर बनखड़िया, कोतवाली फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP7620140001064 में त्रुटिवश मेरा नाम Emran पुत्र Izdan अंकित है, जबकि मेरा सही नाम Sk Emran पुत्र Sk Izdan है। जिसे मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाये।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास, 50 हजार का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त आकाश उर्फ यशपाल को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

शंकर पुत्र रामगुलाम निवासी कस्तूरबा स्कूल के पीछे दमदमा कायमगंज ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि करीब 1.5 वर्ष पूर्व 20 जुलाई 2021 समय लगभग शाम के 06 बजे मेरे चचेरे भाई राजकुमार ने घर के जाने वाले रास्ते पर तिरपाल बांधने के लिए रस्सी बांध रखी थी। रस्सी बांधने का विरोध मेरे भाई पप्पू ने किया तथा रस्सी को मेरे भाई पप्पू ने काट दिया। इसी बात को लेकर राजकुमार व उनके लड़के आकाश, निखिल, पत्नी संतोषी ने मेरे भाई के साथ लाठी-डण्डा व टकोरा लेकर व गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

भाई की शोरगुल पर मेरी भाभी किरन, भतीजा धर्मेन्द्र बचाने आये उनके साथ भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तब भाई के ऊपर टकोरे से प्रहार किया। भाई जान बचाकर भागा तो उसके ऊपर टकोरे से प्रहार किया तथा घायल भाई मेरे दरवाजे के सामने गिर गया। वहां पर भी टकोरे से प्रहार किया, जिससे मेरे भाई की मृत्यु हो गयी। निखिल, आकाश, राजकुमार के हाथ में टकोरा था तथा संतोषी के हाथ में डण्डा था। इन लोगों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नीयत से वार किये गए। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ताओं की कुशल पैरवी के आधार परविशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त आकाश उर्फ यशपाल को धारा 302 सपठित 34 के आरोप में आजीवन कारावास व 35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 307 सपठित 34 के आरोप में 10 वर्ष का कारावास व 15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। अभियुक्त की सभी सजाये एक साथ चलेगी। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित किया जायेगा।

# इराड/ईदार पोर्टल के संबंध में एसपी ने ली बैठक


बैठक लेती एसपी मौजूद पुलिस कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार में इराड/ईदार पोर्टल के संबंध में बैठक क्षेत्राधिकारी यातायात अभय वर्मा द्वारा की गई। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना स्थल पर इराड फॉर्म तत्काल भरें। दुर्घटना से संबंधित सभी विवरण फोटो, वीडियो, गवाह बयान आदि सटीक रूप से दर्ज करें। डेटा अपलोडिंग में किसी प्रकार की देरी न हो। कंप्यूटर ऑपरेटरों को इराड पोर्टल पर डेटा एंट्री, वैरिफिकेशन, रिपोर्ट जनरेशन तथा तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सड़क सुरक्षा डेटा की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में यातायात प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी, डिजिटल एवं कुशल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**कार्यालय क्षेत्र पंचायत कमालगंज-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः/ लेखाकार/केंद्रीय वित्त-राज्य वित्त/निविदा/2025-26 दिनांकः 16/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केन्द्र वित्त के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत कमालगंज, विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा पुनः निम्न परियोजना को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों फर्मों से दिनांक 17/02/2026 से 23/02/2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 23/02/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज में खण्ड विकास अधिकारी, जे.ई.आर.ई.डी तथा राहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) एवं उपस्थित निविददाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17/02/2026 से 22/02/2026 की अपरान्ह 3:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में (अवकाश के दिन को छोड़कर) कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज से रु01000/- जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | लागत | जमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्याय पंचायत राजेपुर सरायमेदा में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 2 | न्याय पंचायत खुदागंज में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 3 | न्याय पंचायत कंझाना में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 4 | न्याय पंचायत ताजपुर में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 5 | न्याय पंचायत अहमदपुर देवरिया में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। कलस्टर 01 | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 6 | न्याय पंचायत अहमदपुर देवरिया में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। कलस्टर 02 | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 7 | न्याय पंचायत अहमदपुर देवरिया में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। कलस्टर 03 | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 8 | न्याय पंचायत जहानगंज में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 9 | न्याय पंचायत लहुआ नगला मानपट्टी में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 10 | न्याय पंचायत जरारी में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 11 | न्याय पंचायत अमानाबाद में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 12 | न्याय पंचायत मॉडल शंकरपुर में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 13 | न्याय पंचायत कंघरापुर में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। कलस्टर 01 | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 14 | न्याय पंचायत कंघरापुर में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। कलस्टर 02 | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 15 | न्याय पंचायत कतरौली पट्टी में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 16 | न्याय पंचायत रजीपुर में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 17 | न्याय पंचायत भोजपुर में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 18 | न्याय पंचायत मूसाखिरिया में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |
| 19 | न्याय पंचायत गदनपुर तुर्रा में 04 हाईमाक्स लाइटों की स्थापना कार्य। | राज्य/केंद्र वित्त | 865000 | 17300 | 1000 |

नियम एवं शर्ते पंचायत कार्यालय कमालगंज में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विकास खण्ड कमालगंज**

## इग्नू में प्रवेश एवं पुनः पंजीकरण करने की अन्तिम तिथि 28 फरवरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश की अन्तिम तिथि को बढ़ाकर 15 फरवरी से 28 फरवरी कर दिया है। जनवरी 2026 सत्र में स्नातक व परास्नातक स्तर के छात्रों के लिये अगले वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश लेने हेतु पुनः पंजीकरण की अन्तिम तिथि को रूपये 200 विलम्ब शुल्क के साथ 28 फरवरी तक बढ़ा दिया है। डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 के सम्नवयक डा. आर.एन. सिंह ने बताया कि वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र और प्रवेश प्रभारी डॉ. अनामिका सिन्हा ने ईमेल के माध्यम से इस तिथि विस्तार की सूचना दी है। इग्नू अध्ययन केन्द्र डी.एन. कॉलेज में स्नातक स्तर पर बी.ए. बी.कॉम., बी.ए. ऑनर्स, बी.बी.ए. एवं परास्नातक स्तर पर एम.ए., एम.कॉम. और डिप्लोमा व डिग्री जैसे कोर्स उपलब्ध हैं। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि इग्नू के माध्यम से कोई भी 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 04 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, 03 वर्षीय ऑनर्स स्नातक कार्यक्रम तथा 03 वर्षीय बहुविषयक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में स्नातक उपाधि में प्रवेश ले सकते हैं।


डॉ. अनिल कुमार मिश्रा

# मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेसियों को पुलिस ने किया नरजबंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


घर में नजरबंद अंकुर मिश्रा

प्रदेश कांग्रेस के आवाह्न पर जिला व शहर अध्यक्षों के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन को लेकर लखनऊ जाना था। प्रदर्शन की सूचना पाकर पुलिस ने कांग्रेस नेताओं के घर के बाहर पहरा बढ़ाते हुए उन्हें घर में ही नजरबंद कर दिया। हाउस अरेस्ट की सूचना पर कांग्रेसी एक स्थान पर एकत्रित नहीं हो पाये। जिसके चलते उनका प्रदर्शन नहीं हुआ। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकुर मिश्रा को पुलिस ने रात्रि 2 बजे निवास पर पहुंचकर नजरबंद किया। देर शाम तक हाउस अरेस्ट रहे। अंकुर मिश्रा ने बताया कि मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन करना था। जिसको लेकर पदाधिकारियों को पुलिस ने घर में ही नजरबंद किया। जिससे तानाशाह भाजपा सरकार के मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जायेगा और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदेश में एक करोड़ मनरेगा मजदूरों के परिवारों के साथ कांग्रेस कंधा से कंधा मिलाकर उनके हितों के लिए खड़ी है और इस संघर्ष में शहर व जनपद स्तर पर भाजपा सरकार का विरोध किया गया। कई कांग्रेसियों को 17 फरवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में कांग्रेसी नजरबंद होने के कारण नहीं जा पायेगें। वहीं कांग्रेस के जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी को भी उनके निवास पर पुलिस ने नजरबंद किया है।

# मिशन शक्ति के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


महिलाओं को जागरुक करती पुलिस


छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिस

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखी। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना अमृतपुर क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया। कोतवाली मोहम्मदाबाद, महिला थाना, कोतवाली फर्रुखाबाद, थाना कमालगंज, थाना मऊदरवाजा, थाना कम्पिल पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को पंफलेट देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं से संवाद कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और साथ ही महिलाओं से कहा गया कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं तथा महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## भतीजे को चाचा ने ईंट-पत्थर मारकर किया घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के त्यौरी इस्लामपुर गांव में एक व्यक्ति को उसके चाचा ने शराब के नशे में ईंट-पत्थर मारकर घायल कर दिया। पीड़ित अचिन पुत्र सर्वेश कुमार ने थाने में तहरीर दी है। जिसके बाद पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया। अचिन के अनुसार उनके चाचा शराब पीकर घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने मुख्य गेट पर पैर मारकर उसे तोड़ने का भी प्रयास किया। इसके बाद चाचा अपने घर की छत पर चढ़ गए और वहां से अचिन पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। जिससे अचिन घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अचिन का मेडिकल परीक्षण कराया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि घायल का मेडिकल कराया जा चुका है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि, गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात



ओयल-खीरी। महाशिवरात्रि के महापर्व पर कस्बे के बीचों-बीच स्थित नर्मदेश्वर महादेव मेंढक मंदिर में सुबह छह बजे कपाट खुलते ही हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचने लगे। भक्तों ने कतारबद्ध लाइनों में खड़े होकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच भगवान शिव जी के दर्शनकर कर जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर ओयल चैकी प्रभारी पटेल राठी दलबल के साथ तैनात रहे। वहीं सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सिटी विवेक कुमार तिवारी ने सुबह करीब 10 बजे मंदिर पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोपहर करीब दो बजे एडीएम और एसडीएम ने भी मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शाम 06 बजे नायब तहसीलदार सुनील कुमार वर्मा, क्षेत्रीय लेखपाल अनुज मिश्रा, खागी ओयल नीरज यादव, सिरेंया गांव के अवधेश कुमार सहित लिपिक अमरीश कुमार और अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे। वहीं हर साल की तरह इस साल भी मोहल्ला बगिया से शिव बारात निकाली गई। बारात रोडवेज बस स्टैंड से लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन मार्ग पर होते हुए आगे बढ़ी। इस दौरान बारात में शामिल कलाकारों ने सुन्दर-सुन्दर मनमोहन झाकियाँ प्रस्तुत कीं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। नाचते-गाते हुए हजारों की संख्या में भक्तगण, बारात के साथ मेढ़क मंदिर पहुंचे, जहां बारात का समापन किया गया। वहीं इस दौरान पूरा क्षेत्र बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

### न्यायालय की लिफ्ट में युवक के फंसने से हड़कंप, मशक्कत के बाद पुलिस व फायर टीम ने सुरक्षित निकाला

लखीमपुर खीरी। कचहरी परिसर स्थित न्यायालय भवन में उस समय हड़कम्प मच गया जब एक युवक लिफ्ट में फंस गया। जानकारी के अनुसार सौरभ कुमार दीक्षित सुबह चौथी मंजिल से ग्राउंड फ्लोर की ओर लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। जैसे ही लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर पहुंची, अचानक बंद हो गई और दरवाज़ा नहीं खुला। लिफ्ट में फंसे सौरभ ने काफी प्रयास किया, लेकिन जब लिफ्ट नहीं खुली और उन्हें घुटन व सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो उन्होंने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को फोन कर आपबीती बताई और तत्काल मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ने तुरंत पुलिस व फायर विभाग की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाज़ा खुलवाया और सौरभ कुमार दीक्षित को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना के दौरान कचहरी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। युवक के लिफ्ट में फंसने की खबर फैलते ही मौके पर वकीलों, कर्मचारियों और आम लोगों की भीड़ जमा हो गई। सुरक्षित बाहर निकाले जाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

### दुधवा टाइगर रिजर्व में ग्रामीणों का हमला, वनकर्मियों को पीटा, हेड कांस्टेबल पर आयरन रॉड से वार, केस दर्ज



पलिया/लखीमपुर खीरी। अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे संवेदनशील वन क्षेत्र में रविवार को उस समय हालात बिगड़ गए, जब कुछ ग्रामीणों ने जंगल में अवैध प्रवेश कर पटाखे जलाने की कोशिश की और रोकने पहुंचे वन विभाग व एसटीपीएफ कर्मियों पर हमला कर दिया। घटना दुधवा टाइगर रिजर्व की गौरीफंटा रेंज के कीरतपुर क्षेत्र की है, जहां 15 फरवरी 2025 को ग्रामीणों के उग्र होने से कई कर्मचारी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कुछ ग्रामीण जंगल के भीतर घुसकर पटाखे जलाकर वन एवं वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलते ही फॉरेस्ट स्टाफ और स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समझाने और वापस लौटने को कहा। इस दौरान ग्रामीण अचानक आक्रामक हो गए और कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए हमला कर दिया। बताया गया कि हेड कांस्टेबल पर आयरन रॉड से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कांस्टेबल केशर की एसएलआर रायफल छीनने का भी प्रयास किया गया। इस हमले में दो से तीन कर्मियों को चोटें आईं। ग्रामीणों की संख्या अधिक और स्थिति उग्र होने के कारण वनकर्मियों को अपनी जान बचाने के लिए जंगल में छिपना पड़ा। उन्होंने किसी तरह उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही अतिरिक्त बल मौके पर रवाना किया गया, लेकिन तब तक ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को साथ लेकर चौकी पहुंच गए और घेराव कर समझौते का दबाव बनाने लगे। इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। इस पूरे मामले में 16 फरवरी 2025 को गौरीफंटा थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वन विभाग और एसटीपीएफ ने हमलावरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### ज़मीन के बकाया पैसों को लेकर विवाद, महिला से मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप, दर्ज मुकदमा


मोहम्मदी खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के परवरिशनगर मोहल्ले में ज़मीन के बकाया रुपये मांगने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिनी सुशीला देवी पत्नी पुत्तूलाल निवासी परवरिशनगर थाना मोहम्मदी जिला खीरी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके ससुर भगवानदीन पुत्र श्यामलाल ने अपनी भूमि गाटा संख्या 480 में से 50 डिसमिल ज़मीन धर्मेन्द्र सिंह व परविन्दर सिंह पुत्रगण शेरसिंह के हाथ लगभग 5 लाख रुपये में बेची थी। आरोप है कि सौदे की पूरी धनराशि का भुगतान नहीं किया गया और कुछ रकम अभी भी बकाया है। प्रार्थिनी का आरोप है कि दिनांक 14 फरवरी 2026 को रात करीब 8 बजे जब वह बकाया रुपये की मांग करने आरोपियों के पास गईं, तब विपक्षीगण धर्मेन्द्र सिंह, परविन्दर सिंह, जनमेजय व दीपांशु निवासी परवरिशनगर ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है तथा मामले की जांच उपनिरीक्षक विक्रांत चौधरी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक चालक ने अधेड़ को मारी टक्कर, बाइक चालक व अधेड़ घायल, ट्रामा सेंटर रेफर



हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग महुगढ़ गांव में रविवार की रात्रि में पैदल जा रहे अधेड़ को बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। अधेड़ सहित बाइक चालक व बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा बाइक चालक व अधेड़ की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के पसना गांव निवासी 35 वर्षीय रविशंकर बाइक से गांव निवासी अपने साथी 40 वर्षीय धनंजय व 55 वर्षीय लाला के साथ कोटार नाथ दर्शन पूजन कर वापस अपने घर लौट रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के महुगढ़ गांव में पहुँचे की पैदल जा रहे महुगढ़ गांव निवासी 55 वर्षीय केदार को पीछे से टक्कर मार बाइक सवार गिरकर घायल हो गए हादसे में अधेड़ को गंभीर चोटे आई है। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बाइक चालक रविशंकर व अधेड़ केदार की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। दोनों घायलों के परिजन दोनों को ट्रामा सेंटर उपचार के लिए चले गए है।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को किया जागरूक



हलिया (मिर्ज़ापुर)। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक के निर्देश पर चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु मिशन शक्ति टीम हलिया द्वारा क्षेत्र के सोठिया खुर्द व सोठिया कला गांव में शनिवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में प्रभारी एसआइ रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर मौजूद रहे। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण, वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बांधा समां

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।




रमियाबेहड़ विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय दरेरी में नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद ने फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलने से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन ने उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का संचालन अध्यापक तारकेश्वर राय ने किया। इस दौरान अध्यापक नीरज कुमार ने भावपूर्ण पंक्तियों के माध्यम से जीवन में पिता के महत्व को रेखांकित किया। वहीं रामप्रकाश पांडे ने प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत कर संघर्ष, परिश्रम और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। समारोह के अंत में नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 92 विद्यार्थियों को टी-शर्ट वितरित की गई। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह मेधावी छात्रों को स्टडी टेबल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामलखन, सहायक अध्यापक नीरज कुमार, सुशील कुमार, कंचन कुमार, विनीत कुमार, बनारसी गिरी, रामसनेही, संपत गिरी, अमरनाथ गिरी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## विशेष अभियान में यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, एक वाहन सीज 15 के ई-चालान

गौरीफंटा खीरी, समृद्धि न्यूज़।



यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष यातायात अभियान के तहत सोमवार को थाना गौरीफंटा पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस द्वारा चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन संख्या क्क31ञ्9938 को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 15 अन्य वाहनों के कैशलेस ई-चालान किए गए। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा आवश्यक वाहन दस्तावेज साथ रखने के लिए जागरूक भी किया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

लखीमपुर (खीरी)। थाना पढुआ क्षेत्र के ग्राम सोठियाना मजरा दुलही की निवासी एक विवाहिता ने अपने पति, ससुर व सास पर दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर मारपीट व उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिनी जूही पत्नी अफजाल ने थाना पढुआ में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से अफजाल पुत्र निसार निवासी ग्राम सोठियाना, पदुआ, जिला खीरी के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति अफजाल, ससुर निसार पुत्र स्वर्गीय अकबाल तथा सास मुन्नी बानो दहेज में अतिरिक्त सामान व धन की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता का कहना है कि 15 फरवरी 2026 को शाम करीब 4 बजे आरोपियों ने मिलकर उसे लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारापीटा, जिससे उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद वह थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, ससुर व सास के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पालिका प्रांगण में विशेष स्वास्थ्य शिविर, 271 मरीजों की हुई जांच

**सफाई मित्रों व कर्मचारियों को मिली जांच, उपचार व आयुष्मान कार्ड की सुविधा**

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



नगर पालिका लखीमपुर प्रांगण में सफाई मित्रों तथा पालिका कर्मचारियों/अधिकारियों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस दौरान डॉ. आरएम गुप्ता, डॉ. लालजी पासी तथा डॉ. प्रमोद वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। शिविर में कुल 271 मरीजों की ओपीडी की गई। जांच के अंतर्गत 32 टीबी जांच, 46 एक्स-रे, 110 बीपी व शुगर जांच तथा 30 मलेरिया जांच की गई। जांच उपरांत मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। साथ ही 11 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि सफाई मित्र प्रायः अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं रह पाते, ऐसे में एक ही स्थान पर विभिन्न जांच सुविधाएं मिलना अत्यंत लाभकारी है। इससे कई बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में संभव हो सकी है। उन्होंने शिविर आयोजन हेतु सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कर्मचारियों व उनके परिवारों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ कर्मचारी ही स्वस्थ व स्वच्छ समाज के निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ऐसे शिविरों से कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ती है तथा समय पर उपचार मिलने से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव होता है। शिविर में बड़ी संख्या में सफाई मित्रों व कर्मचारियों ने पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाया।

# जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर बनवाया प्रमाणपत्र, न्यायालय के आदेश पर हुई बड़ी कार्रवाई, 3 नामजद पर मुकदमा दर्ज

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।

**दस्तावेजों में कूटरचना कर कब्जे की कोशिश, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई तो कोर्ट पहुंचे बुजुर्ग**

कस्बे में जमीन हड़पने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज तैयार कराने और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने का गंभीर मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर थाना सिंगाही पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर पंचायत सिंगाही के वार्ड नंबर 13 निवासी 73 वर्षीय राममूर्ति सोनी ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनकी माता स्वर्गीय छोटन्नी देवी के नाम पर वार्ड नंबर 3 में एक आवासीय प्लॉट है। वर्ष 1974 में उन्होंने मकान निर्माण के लिए नगर पंचायत सिंगाही में मानचित्र प्रस्तुत किया था, जिसे 31 मई 1975 को स्वीकृत कर दिया गया। उस समय उनकी माता अस्वस्थ थीं, इसलिए 25 जून 1975 को स्वीकृत मानचित्र उनके भाई रामबहादुर ने नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया। नगर पंचायत के अभिलेखों में उस तिथि पर रामबहादुर के जीवित होने का उल्लेख भी दर्ज है। आरोप है कि इसके बावजूद मुख्य आरोपी सुरेंद्र सोनी ने अन्य दो आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रची और अपने पिता रामबहादुर को 12 अप्रैल 1975 को मृत दिखाते हुए फर्जी शपथपत्र तैयार कराया। इसी आधार पर वर्ष 2018 में उपजिलाधिकारी निघासन को प्रार्थनापत्र देकर मृत्यु प्रमाणपत्र भी जारी करा लिया गया। पीड़ित का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में अन्य आरोपियों ने भी गलत तथ्य अंकित कर शपथपत्र दिए। यहां तक कि एक व्यक्ति का शपथपत्र भी लगाया गया, जबकि उस समय वह नाबालिग था।

राममूर्ति के अनुसार, उन्हें जब इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने थाना सिंगाही में शिकायत दी। आरोप है कि शिकायत की जानकारी होने पर 18 दिसंबर 2025 को आरोपी उनके घर पहुंचे और कार्रवाई करने पर जानमाल की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने 20 दिसंबर 2025 को पुनः थाना सिंगाही में प्रार्थनापत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते उन्होंने 5 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक को पंजीकृत डाक से शिकायत भेजी।

कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद अदालत के निर्देश पर पुलिस ने सुरेंद्र सोनी, रामनरेश सोनी और रामप्रकाश सोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पेयजल संकट पर भड़के ग्रामीण, प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन



**चार दिनों से बाधित जलापूर्ति, आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर लोग, समाधान न होने पर धरना की चेतावनी**

पलिया कला/खीरी, समृद्धि न्यूज़।

पलिया कला क्षेत्र के पलिया देहात में स्वच्छ पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ऐपवा संगठन के बैनर तले ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते कई दिनों से क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले चार दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित है। पीने के पानी से लेकर भोजन बनाने और दैनिक उपयोग तक में भारी दिक्कतें आ रही हैं। ज्ञापन सौंपने पहुंचे एक ग्रामीण ने अपने भाई की शादी का कार्ड दिखाते हुए बताया कि 19 तारीख को घर में विवाह है, 30-40 मेहमान मौजूद हैं, लेकिन स्वच्छ पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही। ग्रामीणों ने बताया कि पलिया देहात के थारू पूर्वा गांव में लगभग 90 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी निवास करती है। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समुदाय से होने के बावजूद क्षेत्र में पांच वर्षों से पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में आर्सेनिक युक्त पानी होने की बात कहते हुए गंभीर बीमारियों का खतरा भी जताया। सूत्रों के मुताबिक पंचायत में प्रधान और सेक्रेटरी के बीच विवाद के चलते जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित है। पंचायत में लगी दो मोटरें खराब पड़ी हैं, जिससे सप्लाई पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों का कहना है कि आपसी विवाद का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है और लोग मजबूरी में दूषित पानी पीने को विवश हैं। प्रदर्शन के दौरान मौजूद संगठन पदाधिकारी आरती राय ने चेतावनी दी कि यदि दो से चार दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों ने लखीमपुर खीरी प्रशासन से शीघ्र पेयजल व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।

### गड़बड़ा धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था, कमियों के बीच अड़िग रही श्रद्धालुओं की आस्था



हलिया (मिर्ज़ापुर)। हलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में फाल्गुन मास कृष्णा पक्ष चतुर्दशी होने के कारण सोमवार को भोर से ही श्रद्धालुओं का जमघट लगना शुरू हो गया। अव्यवस्थाओं के बीच भी श्रद्धालुओं की आस्था भारी दिखी। इस दौरान 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाया। सुबह से लेकर शाम तक ढोल-नगाड़ा व घंटा घड़ियाल के साथ मां के जयकारे से मंदिर परिसर गूंजता रहा। सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया। दूर दराज से आए परिवार सहित श्रद्धालुगड़बड़ाधाम स्थित मां शीतला देवी सहित मां के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके पूर्व भक्तों ने मंदिर किनारे स्थित सेवटी नदी में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं से लोटिया में जल लेने के साथ ही माला फूल, नारियल चुनरी, हलवा पूड़ी, फल व मिष्ठान लेकर मां का दर्शन करने के लिए कतारबद्ध हो गए। मां शीतलाका भव्य श्रृंगार व आरती करने के बाद कपाट खुलते ही मां का दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। मां के चरणों में प्रसाद अर्पित कर भक्तों ने आशीष मांगा। सफ़ाईकर्मी नदारद होने के मंदिर के चारों ओर गंदगी का अंबार लगा रहा जिससे मंदिर परिसर में फिसलन बनी रही। समुचित शौचालय व शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोग इधर-उधर भटकते रहे। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करते रहे हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सुबह से शाम तक लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला देवी के चरणों में मत्था टेका है।


## भारतीय किसान समिति ने चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।



भारतीय किसान समिति मिर्ज़ापुर द्वारा सोमवार को तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर चार सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह को राष्ट्रपति के सम्बोधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में अपने मांग पत्र को रखा है जिसमें सस्ते विदेशी उपज भारत में आने से भारतीय किसान तबाह होंगे अमेरिका की खेती पूरी तरह मशीनीकृत और बड़े कारपोरेट फार्म मॉडल पर आधारित है। अगर भारत अपने उत्पादों पर आयत शुल्क घटाता है तो सस्ती अमेरिकी फ़सल भारतीय मंडियो में आएगी। इससे भारतीय किसान जो पहले से ही एमएसपी के लिए लड़ाई लड़ रहे है वह इस प्रतिस्पर्धा में कैसे टिकेंगे। दूसरा दुग्ध उत्पादन पर सीधा हमला भारत का दूध उत्पादन छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है। जो आसानी से अमेरिकी डेरी उत्पादों का प्रवेश होने से प्रभावित होगा। लाखों दुग्ध उत्पादक परिवार प्रभावित होंगे जो ग्रामीण अर्थ व्यवस्था पर सीधे आपात करेगा पशुओं के लिए जो विदेशी खाद्य पदार्थ आएंगे जो भी आवश्यक अपने अनुकूल नहीं है। तीसरा एमएसपी और खाद्य सुरक्षा पर खतरा व्यापार संतुलन के नाम पर भारत के ऊपर कृषि सब्सिडी कम करने सार्वजनिक खरीद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव होने से एमएसपी व्यवस्था सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य आत्मनिर्भर पर प्रहार होगा। चौथा बीज और कारपेट नियंत्रण अमेरिका कम्पनिया पेटेंट बीज बैधिक सम्पदा अधिकार के जरिये अपने किसानों को आत्मनिर्भर बनाती है जबकि भारत में आज भी किसान अपनी पारंपरिक बीज संचायन संरक्षण पर निर्भर है। बीज पर कम्पनियो के हाथ में आने से भारतीय किसान प्रारम्भिक बीज स्वतन्त्रता व नियंत्रण खो सकता है। ज्ञापन सौपने वालो में संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार दुबे, जिला महासचिव विजय बहादुर, जिलाध्यक्ष परशुराम मिश्रा, राजेंद्र आदि रहे।


## हलिया माइनर का तटबंध टूटने से डूबी किसानों की फसल



हलिया (मिर्ज़ापुर)। क्षेत्र के अदवा बांध से निकली नहर का हलिया माइनर सोमवार को अहुगी कला गांव में सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण टूट जाने से किसानों की फ़सल नहर की पानी से डूबकर जलमग्न हो गई है। किसानों की सूचना पर सिंचाई विभाग के कर्मचारियों द्वारा नहर को बंद कर मरम्मत कार्य कराने में जुट गई है। किसानों ने नहर की पानी से डूबी फ़सल का सिंचाई विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग किया है। अदवा बांध से निकली नहर का हलिया माइनर अहुगी कला में पानी के दबाव से टूटने से अहुगी कला गांव निवासी किसान जगदीश मिश्रा की चार बीघा की गेंहू की फ़सल व देवेश पाण्डेय की तीन बीघा, अखिल धर दुबे का तीन बीघा, विष्णु धर दुबे का तीन बीघा व प्रवेश पाण्डेय की चार बीघा गेंहू की फ़सल पानी से डूब गई है। किसानों ने नहर टूटने की सूचना अवर अभियंता सिद्धार्थ यादव को दिया। अवर अभियंता की सूचना पर पहुँचे सिंचाई विभाग के कर्मचारी नहर को बंद कराकर मरम्मत कार्य कराने में जुट गए है। इस संबंध में अवर अभियंता सिद्धार्थ यादव ने बताया की नहर का तटबंध टूट जाने की सूचना मिलने पर नहर को बंद कराकर मरम्मत कार्य कराया जायेगा।

## शिवरात्रि के महापर्व पर रुद्रगणों के साथ निकली शिव बारात, देखने के लिए जुटी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।



शिवरात्रि के महापर्व पर रविवार को बरौंधा बाजार में रूद्र गणों के साथ शिव विवाह की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन अर्श हास्पिटल बरौंधा के महाप्रबंधक डॉ. महा नारायण भारती द्वारा किया गया। जिसे देखने के लिए क्षेत्रिय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. महा नारायण भारती ने कहा कि भगवान भोलेनाथ का पूरे ब्रह्मांड में अनोखा चमत्कार है। सच्चे मन से के भूत भावन भगवान भोलेनाथ अवढर दानी हैं जो सहज में ही अपने भक्तों की मनोकामना को पूर्ण कर देते हैं। शिव बारात के दौरान भूत पिचास और रूद्र गणों के साथ भव्य झांकी निकाली गई। स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा करके हर हर महादेव की जैकारी लगाया। शिव बारात का जगह जगह पर लोगों द्वारा जलपान कराकर स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस की चौकस व्यवस्था रही। महिलाओं की सुरक्षा के लिए चौकी इंचार्ज बरौंधा संजय कुमार महिला कांस्टेबल शैला यादव व फोर्स के साथ शुरू से अंत तक डटे रहे। स्थानीय बरौंधा बाजार में अनिल गुप्ता के यहां शिव विवाह का मंडप बनाया गया था। जहां शिव पार्वती का विवाह संपन्न किया। इस अवसर पर मौजूद दर्शनार्थियों ने हर हर महादेव की जैकारी लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मूल चंद सोनी दिनश कुमार पाण्डेय ने शिव पार्वती की आरती उतारकर दर्शन पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ साथ विनोद कुमार मिश्र निरंजन पाण्डेय शेरू मोदनवाल गोपाल दास अग्रहरि नागेश प्रजापति सुनील पटेल विष्णू मोदनवाल नीरज सोनी आशीष कुमार सोनी संदीप केसरी का सराहनीय योगदान रहा।